# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-08-2025

# बिना सूचना सड़क खोदाई से लोगों ने झेली मुसीबत

**निगम ने 29 से मांगा था डायवर्जन, एक दिन पहले ही खोद दी सड़क छात्रसंघ चौराहे के पास हो रहा पुलिया का निर्माण**

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : छात्रसंघ चौराहे के पास पुलिया के निर्माण के लिए नगर निगम के द्वारा गुरुवार को बिना किसी सूचना के खोदाई कर दी गई। जबकि निगम ने नगर निगम ने डायवर्जन लागू करने की तारीख 29 अगस्त शुक्रवार तय कर यातायात पुलिस को पत्र लिखा था। हालांकि लोगों को सूचना देने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई। इसकी वजह से शुक्रवार की सुबह काफी अफरा तफरी और जाम की स्थिति बनी रही। स्थिति संभालने के लिए यातायात विभाग को काफी मशक्कत करनी पड़ी। हालांकि शुक्रवार से यातायात पुलिस ने डायवर्जन प्लान लागू कर दिया है। 25 सितंबर तक ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा।

त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत नगर निगम 17.34 करोड़ रुपये की लागत से यूनिवर्सिटी चौराहा से छात्रसंघ चौराहा तक सड़क और आरसीसी नाला बनाना रहा है। इसी क्रम में छात्रसंघ चौराहा से गोरखपुर विश्वविद्यालय की ओर जाने वाली सड़क पर पुलिया का निर्माण होना है। लेकिन नगर निगम ने निर्धारित समय से एक दिन पहले ही पुलिया की खोदाई शुरू कर दी। इससे विश्वविद्यालय जाने वाले मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा।



छात्रसंघ चौक पर हो रहा नाला निर्माण • जागरण

### भारी वाहनों व निजी गाड़ियों के लिए बदले रूट, निर्माण पूरा होने तक रहेगा प्रभावी

छात्रसंघ चौराहे पर चल रहे पुलिया निर्माण के चलते यातायात पुलिस ने डायवर्जन प्लान लागू किया है, जिससे भारी वाहनों से लेकर तीन व चार पहिया वाहनों तक के आवागमन पर नई व्यवस्था तय की गई है। यह डायवर्जन निर्माण कार्य पूर्ण होने तक प्रभावी रहेगा। यह डायवर्जन एम्बुलेंस एवं अन्य आपातकालीन वाहनों पर लागू नहीं होगा।

#### भारी वाहनों (बस/ट्रक) के लिए डायवर्जन

1 - रोडवेज डिपो से लखनऊ व वाराणसी की ओर जाने वाली बसें विश्वविद्यालय चौराहा से मोहद्दीपुर, पैडलेगंज चौराहा होकर आगे जाएंगी।

2- रात में नो इंट्री खुलने पर भारी वाहन विश्वविद्यालय चौराहा से डायवर्ट होकर मोहद्दीपुर, पैडलेगंज चौराहा होते हुए गंतव्य की ओर जाएंगे।

3- पैडलेगंज चौराहा से (कचहरी रोडवेज की बसों को छोड़कर) रोडवेज की बसें और अन्य सभी भारी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। ये वाहन मोहद्दीपुर, पैडलेगंज चौराहा के रास्ते डायवर्ट होंगे।

#### तीन/चार पहिया वाहनों के लिए डायवर्जन

सुबह 09 बजे से रात 09 बजे तक विश्वविद्यालय चौराहा से छात्र संघ भवन चौराहा की ओर जाने वाले छोटे वाहन आवश्यकतानुसार डायवर्ट होंगे।

ये वाहन डायवर्ट होकर डी-पार्क राजकीय उद्यान कट, मोहद्दीपुर चौराहा होकर पैडलेगंज की तरफ जाएंगे।

**29 अगस्त से 25 सितंबर के लिए मांगा था डायवर्जन :** नगर निगम ने यातायात पुलिस से 29 अगस्त से 25 सितंबर तक वैकल्पिक मार्ग लागू करने की मांग की थी, लेकिन उससे पहले ही खुदाई कर देना पूरे ट्रैफिक प्लान की अनदेखी है। नगर निगम के सहायक अभियंता शैलेश कुमार का कहना है कि करीब 15 दिन पहले ही यातायात विभाग को इसकी सूचना दे दी गई थी। तारीख तय नहीं थी। निगम अपनी सुविधा के अनुसार कहीं भी कार्य कराता है। काम को पूरा होने में कम से कम एक महीने का समय लगेगा।

# पुलिस टीम पर पथराव करने के मामले में आठ हिरासत में

**फालोअप**

- आप नेता की मौत के बाद हास्पिटल के पास हुआ था बवाल
- गोरखनाथ क्षेत्र के राजेंद्रनगर में मंगलवार की दोपहर हुई थी घटना

जासं, गोरखपुर: आम आदमी पार्टी (आप) नेता कुंज बिहारी निषाद की मौत के बाद हंगामा व पुलिस पर पथराव करने वालों की तलाश में छापेमारी तेज हो गई है। गोरखनाथ थाना पुलिस ने नयागांव और बनकटवां में दबिश देकर आठ संदिग्ध को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस का दावा है कि वीडियो फुटेज में कैद पत्थरबाजों की पहचान की जा रही है।

गोरखनाथ के रामपुर नयागांव के रहने वाले 35 वर्षीय कुंज बिहारी निषाद का एक लाख रुपये के लेनदेन को लेकर मोहल्ले में रहने वाले अभिषेक पांडेय व उसके पिता हिमालय पांडेय से विवाद हो गया था। 23 अगस्त को कहासुनी होने पर अभिषेक ने अपने साथियों संग मिलकर कुंज बिहारी पर लाठी व डंडे से हमला कर दिया। गंभीर हालत में परिजन उन्हें पास के मैरीगोल्ड प्राइवेट हास्पिटल ले गए, जहां मंगलवार को उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मामले की जानकारी होने पर स्वजन के साथ ही गांव के लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। गुस्से में उन्होंने पुलिस टीम पर पथराव कर दिया।

इस दौरान गोरखनाथ थानेदार शशिभूषण राय समेत चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। देर रात में उन्होंने अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कराया। घटना के बाद सामने आए वीडियो फुटेज के आधार पर पुलिस बवाल व पथराव करने वालों की पहचान कर रही है। बुधवार देर रात नयागांव और बनकटवां में दबिश देकर आठ लोगों को पकड़ा गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक ये सभी वीडियो फुटेज में पत्थर फेंकते नजर आए थे।

### नेपाल भागे हत्यारोपित पिता-पुत्र, तलाश में जुटी पुलिस

कुंज बिहारी की हत्या करने के आरोपित अभिषेक पांडेय और उसके पिता हिमालय पांडेय के बारे में पुलिस को सूचना मिली है कि वे नेपाल भाग गए हैं। पुलिस उनके रिश्तेदारों से पूछताछ कर सुराग जुटाने की कोशिश कर रही है।

# संजय फ्रैक्चर क्लीनिक में शार्ट सर्किट से लगी आग, मचा हड़कंप

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर:** रुस्तमपुर में लखनऊ हाईवे पर स्थित संजय फ्रैक्चर क्लीनिक एंड सर्जिकल सेंटर में गुरुवार की दोपहर अचानक आग लग गई। उस समय वार्ड में 30 मरीज भर्ती थे। धुआं फैलते ही अस्पताल में अफरा तफरी मच गई। परिजन और स्टाफ मरीजों को खींच-खींचकर बाहर निकालने लगे। गलियारे में रोने-चिल्लाने की आवाजें गूंजने लगीं। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।

दोपहर करीब 1.50 बजे वार्ड की वायरिंग से चिंगारी उठी और देखते ही देखते धुआं पूरे फ्लोर में फैल गया। कई मरीजों ने सांस लेने में दिक्कत की शिकायत की। एक महिला अपने पति का हाथ पकड़कर रो पड़ी-इन्हें बाहर निकालो, दम घुट रहा है। परिजन गद्दा और स्ट्रेचर समेत मरीजों को गलियारे से बाहर खींचते लगे। मामले की जानकारी होने पर आसपास के लोग भी जुट गए। घटना की सूचना मिलते ही गोलघर फायर स्टेशन से दमकल की दो गाड़ियां पहुंचीं।



संजय फ्रैक्चर क्लीनिक एंड सर्जिकल सेंटर में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी • सौ. इंटरनेट मीडिया

दमकलकर्मियों ने पाइप बिछाकर आग पर काबू पाया। करीब आधे घंटे बाद आग बुझ सकी। मुख्य अग्नि शमन अधिकारी एसके राय ने बताया कि प्रारंभिक जांच में शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

# यांत्रिक कारखाना में लगी आग

## मरम्मत के लिए वेल्डिंग का कार्य कर रहे थे कर्मचारी, मची भगदड़

- दमकल की तीन गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत से बुझाई आग
- बड़ी दुर्घटना टली, रेलवे प्रशासन ने बैठाई जांच

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : यांत्रिक कारखाना गोरखपुर में गुरुवार की शाम मरम्मत के दौरान पावरकार में आग लग गई। अचानक आग की लपटे और धुआं उठता देख कारखाना कर्मचारियों में भगदड़ मच गई। अफरातफरी के बीच रेलवे सुरक्षा बल के जवान, अधिकारी और कर्मचारी आग बुझाने में जुट गए, लेकिन आग और विकराल रूप धारण करने लगी। आग की लपटें देख कारखानाकर्मी डर गए। कारखाना से बाहर उठता धुआं देख आसपास आवागमन कर रहे लोग भी सहम गए। दमकल की तीन गाड़ियों ने कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पायी। इसके साथ ही बड़ी दुर्घटना टल गई।

शाम 05:30 बजे के आसपास कुछ कर्मचारी पावरकार में मरम्मत के लिए वेल्डिंग का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान उठी चिंगारी धधक उठी। कर्मचारी अभी कुछ समझ पाते कि आग पूरी पावरकार में फैल गई। पावरकार धूं-धूं कर जलने लगी। पावरकार में उच्च क्षमता के जनरेटर में पर्याप्त मात्रा में डीजल थी। आग अभी डीजल के पास पहुंचती कि उसपर काबू पा लिया गया। अन्यथा, आग और भयावह रूप ले लेती। आग दूसरे शापों तक पहुंच जाती। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने तेजी से बचाव कार्य किया और कड़ी मशक्कत के बाद रात 07:30 बजे के आसपास आग को पूरी तरह बुझा लिया। कुछ माह पहले भी यांत्रिक कारखाना में मरम्मत के दौरान एक कोच में आग लगने की घटना हुई थी। पिछले साल भी कारखाने में आग लगने की घटना हुई थी। लगातार आग लगने की घटनाएं यांत्रिक कारखाने की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ी कर रही हैं।

जानकारों का कहना है कि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। फिलहाल, रेलवे प्रशासन ने आग लगने की घटना की जांच के लिए टीम गठित कर दी है। टीम ने जांच भी शुरू कर दी है।

# मृत महिला को 'जिंदा' दिखाने वाले पांच को जेल

**फालोअप**

- भूमि बेचने के लिए फर्जी आधार-पैन पर खोला था बैंक में खाता
- निलंबित बाबू की साजिश, लेखपाल पर मिलीभगत का आरोप



खोराबार थाना पुलिस की गिरफ्त में जालसाज● सौ. इंटरनेट मीडिया

जासं, गोरखपुर: खोराबार पुलिस ने छह साल पहले मर चुकी महिला को जिंदा दिखाकर उनकी भूमि हड़पने की साजिश रचने वाले पांच जालसाजों को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पकड़े गए आरोपितों ने पूछताछ में जालसाजी की बात कबूल की है। गिरोह का सरगना खादी ग्रामोद्योग विभाग का निलंबित बाबू है। पुलिस अब पूरे नेटवर्क की तह तक जाने की तैयारी में है।

सिंघड़िया निवासी महेश्वर मिश्र की मां चंद्रावती का निधन 23 मार्च 2019 को हो गया था। उनकी नाम पर ग्राम तालकंदला (खोराबार ब्लाक) में भूमि है। जालसाजों ने इसी जमीन को निशाना बनाया। उन्होंने मृत महिला के नाम से फर्जी आधार और पैन कार्ड बनवाए, बैंक आफ इंडिया में खाता खोलकर नामिनी भी बदल दिया। इसके बाद महिला को जिंदा दिखाने के लिए दूसरी महिला को खड़ा कर रजिस्ट्री कराने का प्रयास किया।पुलिस ने बताया कि जालसाजों ने वरासत के लिए आनलाइन आवेदन भी किया था। आवेदन हल्का लेखपाल जगदीश प्रसाद तक पहुंचा, जिन्होंने एक हफ्ते में काम हो जाएगा कहकर आश्वासन दिया था।

पुलिस की जांच में सामने आया कि बांसगांव के कनईचा गांव में रहने वाले खादी ग्रामोद्योग विभाग के निलंबित बाबू अमित राय ने अपने गांव के रहने वाले संतोष कुमार के साथ मिलकर यह साजिश रची थी। देवरिया के एकौना,भटौली गांव में रहने वाले वाहिद अली,बड़हलगंज के महुलिया सराय निवासी सन्नी कुमार व बड़हलगंज के नेवादा गांव में रहने वाली चंद्रावती देवी ने सहयोग किया था।बुधवार देर रात सभी को गिरफ्तार कर लिया गया।

एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि मामले की छानबीन चल रही है।साजिश में जो भी शामिल होगा उसके विरुद्ध कार्रवाई होगी।

# कानपुर के युवक ने खुद पर चलवाई गोली

## प्रेमिका से मिलने गोरखपुर आया था राहुल गौतम दोस्त संग रचा हाईवोल्टेज ड्रामा

- पूछताछ में खुली पोल, दोनों युवक गिरफ्तार, पिस्टल बरामद, कर्जदारों से चाहता था बचना
- कंधे पर गोली चला अस्पताल पहुंचाकर अपने ननिहाल बस्ती चला गया था दोस्त


बीआरडी मेडिकल कालेज में भर्ती घायल ● सौ. इंटरनेट मीडिया

जागरण संवाददाता, गोरखपुर: कर्जदारों से पीछा छुड़ाने के लिए कानपुर के युवक ने आत्मघाती साजिश रची। बुधवार की रात बेलीपार क्षेत्र में दोस्त से स्वयं पर गोली चलवा ली। अस्पताल पहुंचने के बाद अज्ञात बदमाशों पर फायरिंग करने की सूचना देकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन पूछताछ व जांच में पूरा मामला खुल गया। पुलिस ने घायल युवक राहुल गौतम और उसके दोस्त अनूप पांडेय को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में इस्तेमाल पिस्टल भी बरामद कर ली गई है।

बुधवार की रात दो बजे कानपुर काकादेव थाना के मतइयापुरवा का राहुल गौतम अपने दोस्त अनूप पांडेय (निवासी केडीएम थाना क्षेत्र, कानपुर) के साथ जिला अस्पताल पहुंचा। बाएं कंधे के पास उसको गोली लगी थी। डाक्टरों के पूछने पर बताया कि दोस्त के साथ नौकायन पर घूमने आया था, रात करीब एक बजे कार सवार दो युवकों ने गोली मार दी। पुलिस ने छानबीन शुरू की तो नौकायन के पास कोई घटना होने की जानकारी नहीं मिली। इसके बाद राहुल ने गीडा के कालेसर में गोली लगने की जानकारी दी, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई। इसके बाद पता चला कि बेलीपार क्षेत्र में घटना हुई। राहुल ने अपने दोस्त से कंधे पर गोली चलवाई और घायल होकर जिला अस्पताल पहुंचा, जहां से डाक्टरों ने बीआरडी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। भ्रामक जानकारी देने पर पुलिस ने सख्ती दिखाई तो उसने सच्चाई बता दी। राहुल ने बताया कि वह एसी मैकेनिक है, लाखों रुपये का कर्ज है। रुपये देने वाले लोग वापस करने का दबाव बना रहे थे। बचने के लिए तीन दिन पहले अपने दोस्त अनूप पांडेय के साथ गोरखपुर में रहने वाली प्रेमिका से मिलने चला आया। स्टेशन रोड के होटल में दोनों रुके थे। उसे लगा कि गोली लगने की घटना के बाद कर्जदार कुछ समय तक पैसा मांगना बंद कर देंगे। घटना के बाद उसका दोस्त अनूप पांडेय बस्ती भाग गया, जहां उसकी ननिहाल है। बीआरडी मेडिकल कालेज से राहुल को छुट्टी मिलते ही देर शाम पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। बस्ती में पुलिस की मदद से उसके साथी अनूप को गिरफ्तार कर स्टेशन रोड स्थित होटल लाया गया, जहां कमरे की तलाशी लेने पर घटना में इस्तेमाल पिस्टल बरामद हुई। एसपी दक्षिणी जितेंद्र कुमार ने बताया कि दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### कानपुर में राहुल पर दर्ज हैं कई मुकदमे

पुलिस की छानबीन में सामने आया कि कानपुर में राहुल गौतम पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहां अगर इस तरह की वारदात करता तो भेद खुल जाता, इसलिए गोरखपुर में अपने ऊपर गोली चलवाने की योजना बनाई। पुलिस को प्रेमिका के स्वजन पर संदेह था, लेकिन छानबीन में उनकी भूमिका नहीं मिली।

# अशोक अपहरण कांड के नौवें आरोपित ने कोर्ट में किया सरेंडर

- सिकरीगंज के प्रीतम पर इनाम घोषित कराने की चल रही थी तैयारी
- आठ आरोपित पहले ही भेजे जा चुके हैं जेल, दसवें की तलाश जारी

जासं, गोरखपुर: नर्सिंगहोम संचालक व सेवानिवृत्त एयरफोर्सकर्मी अशोक जायसवाल अपहरण कांड के नौवें आरोपित प्रीतम कुमार (निवासी ढेबरा, सिकरीगंज) ने गुरुवार को न्यायालय में सरेंडर कर दिया। इससे पहले पुलिस आठ आरोपितों को जेल भेज चुकी है। अब तक सात को पुलिस ने गिरफ्तार किया, जबकि एक अन्य आरोपित ने रायबरेली कोर्ट में सरेंडर किया था। घटना में शामिल रहे 10वें आरोपित अंशकुल की तलाश में छापेमारी चल रही है।

25 जुलाई की सुबह, शाहपुर इलाके के पादरी बाजार में आयुष्मान हास्पिटल चलाने वाले संचालक अशोक जायसवाल रेलवे स्टेडियम जा रहे थे। कौवाबाग अंडरपास के पास से कार सवार बदमाशों ने उनका अपहरण कर लिया। सुबह करीब 10 बजे एक अनजान मोबाइल नंबर से बस्ती जिले में तैनात उनकी पत्नी डा. सुषमा जायसवाल को काल कर एक करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गई। घटना की सूचना उनके साढ़ू ने पुलिस को दी। छानबीन में जुटी शाहपुर पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम ने 15 घंटे बाद अशोक जायसवाल को सकुशल बरामद कर तीन बदमाशों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में चार और नाम सामने आए, जिनमें से एक कमालुद्दीन ने रायबरेली जिले में दर्ज चोरी के पुराने मुकदमे में सरेंडर कर दिया। कस्टडी रिमांड पर पूछताछ के बाद कमालुद्दीन ने साजिशकर्ता समेत तीन लोगों का नाम बताया जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर भेज दिया था। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि इस मामले में चार्जशीट दाखिल करने के साथ ही आरोपितों पर गैंग्सटर एक्ट की कार्रवाई कराने की तैयारी चल रही है।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# अपहरण कांड के नौंवे आरोपित ने किया सरेंडर

**सिकरीगंज के हेबरा का प्रीतम कुमार चल रहा था फरार**

**इससे पहले आठ आरोपितो को पुलिस भेजवा चुकी है जेल**

GORAKHPUR (29 Aug): नर्सिंगहोम संचालक अशोक जायसवाल के अपहरण में शामिल नौंवे आरोपित प्रीतम कुमार ने गुरुवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया है. इससे पहले आठ आरोपित जेल जा चुके हैं. सात आरोपितों को पुलिस ने अरेस्ट किया था तो वहीं एक अन्य आरोपित ने राय बरेली कोर्ट में सरेंडर किया था. उससे पूछताछ के बाद ही तीन अन्य आरोपितों को अरेस्ट किया गया था जिसमें अशोक जायसवाल का पड़ोसी भी शामिल था. प्रीतम के जेल जाने के बाद इस घटना में शामिल दसवें आरोपित अंशुल की तलाश चल रही है. इसी के साथ चार्जशीट दाखिल करने और गैंगस्टर की कार्रवाई भी पुलिस ने शुरू कर दी है.

**15** घंटे बाद अशोक जायसवाल को सकुशल बरामद कर तीन बदमाशों को अरेस्ट किया था.

- 25 जुलाई को अपहरण कर लिया था. सुबह दस बजे जब एक अनजान मोबाइल से उनकी पत्नी डा. सुषमा जायसवाल के मोबाइल पर फिरौती की कॉल आई तब अपहरण की घटना सामने आई. अशोक जायसवाल के साढ़ू ने पुलिस को सूचना दी बताया कि एक करोड रुपये की फिरौती मांगी जा रही है.

## 25 जुलाई को अपहरण

शाहपुर इलाके के पादरी बाजार में आयुष्मान हास्पिटल चलाने वाले अशोक जायसवाल का रेलवे स्टेडियम जाते समय कौआबाग अंडर पास से कार सवार बदमाशों ने 25 जुलाई को अपहरण कर लिया था. सुबह दस बजे जब एक अनजान मोबाइल से उनकी पत्नी डा. सुषमा जायसवाल के मोबाइल पर फिरौती की कॉल आई तब अपहरण की घटना सामने आई. अशोक जायसवाल के साढ़ू ने पुलिस को सूचना दी बताया कि एक करोड़ रुपये की फिरौती मांगी जा रही है.

## 15 घंटे में बरामद

पुलिस ने सूचना के करीब 15 घंटे बाद अशोक जायसवाल को सकुशल बरामद कर तीन बदमाशों को अरेस्ट किया था. उनसे पूछताछ में चार और बदमाशों का नाम सामने आया था जिसमें से एक कमालुद्दीन ने राय बरेली कोर्ट में पुराने केस में सरेंडर किया था. पुलिस रिमांड में पूछताछ के बाद कमालुद्दीन ने तीन अन्य आरोपितों का नाम बताया पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजवाया था. दो आरोपित प्रीतम और अंशुल फरार चल रहे थे, इनमें प्रीतम ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है.

# दुर्घटना कर सड़क किनारे फेंकने का एक आरोपी अरेस्ट

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (28 Aug):** गीडा सेक्टर 15 मोड़ पर हुई सड़क दुर्घटना और घायल को इलाज के बजाय सड़क किनारे फेंक देने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को बाइक समेत अरेस्ट कर लिया. जबकि उसके फरार साथी की तलाश में दबिश दे रही है. गाहासाड़ निवासी रामसिंह यादव मंगलवार दोपहर करीब एक बजे गीडा से घर लौट रहे थे. रास्ते में सेक्टर 15 मोड़ पर एक बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी. मौके पर मौजूद राहगीरों ने बाइक सवारों को पकड़ लिया, तो वे घायल को इलाज कराने का बहाना बनाकर साथ ले गए, लेकिन कुछ दूर जाकर मुरारी इंटर कॉलेज के सामने सड़क किनारे फेंक कर भाग गए. करीब तीन घंटे तक इलाज न मिलने पर उनकी मौत हो गई. राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस ने मामले में मृतक के भाई जयसिंह यादव की तहरीर पर केस दर्ज कर बाइक चालकों की तलाश में जुटी थी. बुधवार देर रात पुलिस ने बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर रामगढ़ताल क्षेत्र के लहसड़ी गांव निवासी भोलानाथ को अरेस्ट कर लिया. वहीं उसके फरार साथी की तलाश में दबिश दे रही है. पुलिस ने उसके पास से दुर्घटना में शामिल बाइक भी बरामद कर ली है.

# डायवर्जन से पहले ही स्वामी विवेकानंद चौक पर खोदाई होने से लग गया जाम

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (29 Aug):** स्वामी विवेकानंद चौक से गोरखपुर यूनिवर्सिटी तक बन रही 860 मीटर लंबी स्मार्ट सड़क पर गुरुवार को ही मनमाने ढंग से की गई खुदाई से ट्रैफिक प्रभावित हुआ. जबकि नगर निगम ने डायवर्जन लागू करने की तारीख 29 अगस्त शुक्रवार तय कर ट्रैफिक पुलिस को पत्र लिखा था. जब वाहन फंसने लगे तो ठेकेदार ने चेतावनी बोर्ड लगाए, हालांकि शुक्रवार से ट्रैफिक पुलिस ने डायवर्जन प्लान लागू कर दिया है.

## एक दिन पहले खोदा

17.34 करोड़ रुपये की लागत से बन रही इस स्मार्ट रोड के तहत आरसीसी नाला और कलवर्ट पुलिया का निर्माण होना है, लेकिन निर्धारित समय से एक दिन पहले ही विवेकानंद चौक की खुदाई शुरू कर दी गई. इससे यूनिवर्सिटी जाने वाले मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई. लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा. स्वामी विवेकानंद चौक पर भारी ट्रैफिक के बीच बिना पुलिस डायवर्जन के खुदाई कर देना लापरवाही और प्रशासनिक समन्वय की कमी को उजागर करता है.




## 29 से होना था कार्य

नगर निगम ने ट्रैफिक पुलिस से 29 अगस्त से 25 सितंबर तक वैकल्पिक मार्ग लागू करने की मांग की थी, लेकिन उससे पहले ही खुदाई कर देना पूरे ट्रैफिक प्लान की अनदेखी है. स्मार्ट रोड योजना में 09.50 करोड़ रुपये सड़क व नाला निर्माण और 07.84 करोड़ रुपये भूमिगत हाई वोल्टेज बिजली लाइनों पर खर्च किए जा रहे हैं.

## गाड़ियों का रूट बदला

छात्र संघ भवन चौराहे पर चल रहे नाला निर्माण के चलते ट्रैफिक पुलिस ने डायवर्जन प्लान लागू किया है, जिससे भारी वाहनों से लेकर तीन व चार पहिया वाहनों तक के आवागमन पर नई व्यवस्था तय की गई है.



1. स्थिति संभालने के लिए दिनभर परेशान रही सिटी की ट्रैफिक पुलिस
2. स्वामी विवेकानंद चौक पर विश्वविद्यालय रोड पर कल्वर्ट का होगा निर्माण
3. अब निर्माण के कारण शुक्रवार से 25 सितंबर तक बंद रहेगा आवागमन

### भारी वाहनों (बस/ट्रक) के लिए डायवर्जन

- रोडवेज से लखनऊ व वाराणसी जाने वाली बसें यूनिवर्सिटी चौराहा, मोहद्दीपुर, पैडलेगंज हो कर जाएंगी
- रामगढ़ताल रोड खुलने पर भारी वाहन विश्वविद्यालय चौराहा मोहद्दीपुर, पैडलेगंज चौराहा होते हुए जाएंगे
- पैडलेगंज चौराहा से रोडवेज कचहरी जाने वाली बसों को छोड़ अन्य सभी भारी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे. ये वाहन भी मोहद्दीपुर, पैडलेगंज चौराहा के रास्ते डायवर्ट होंगे.

### तीन/चार पहिया वाहनों के लिए डायवर्जन

- सुबह 09 बजे से रात 09 बजे तक यूनिवर्सिटी चौराहा से छात्र संघ भवन चौराहा की ओर जाने वाले छोटे वाहन डायवर्ट होंगे.
- ये वाहन व्ही-पार्क राजकीय उद्यान कट, मोहद्दीपुर चौराहा, पैडलेगंज हो कर गंतव्य तक जाएंगे.
- यह डायवर्जन एम्बुलेंस एवं अन्य आपातकालीन वाहनों पर लागू नहीं होगा.

# कर्जदारों से पीछा छुड़ाना था तो खुद को मरवा ली गोली

**GORAKHPUR (29 Aug):** कर्जदारों से पीछा छुड़ाने के लिए कानपुर के एक युवक ने अपने ही दोस्त से अपने ऊपर गोली चलवा ली थी. गोली उसके कंधे से छू कर निकल गई. पुलिस ने युवक और उसके दोस्त को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पूरी कहानी सामने आ गई. घटना में इस्तेमाल पिस्टल भी पुलिस ने बरामद कर लिया है. दोनों युवक कानपुर के काकादेव थाना क्षेत्र रहने वाले हैं. घायल युवक अपनी प्रेमिका से मिलने गोरखपुर आया था.



## तीन दिन पहले आया

एसपी नार्थ जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि गीडा इलाके में कानपुर के युवक राहुल गौतम को गोली लगने की सूचना मिली. पता चला कि कानपुर के काकादेव थाना क्षेत्र में मतइयापुरवा का रहने वाला 24 वर्षीय राहुल गौतम 3 दिन पहले गोरखपुर आया था. रेलवे बस स्टेशन के पास एक होटल में रुका था. राहुल ने बताया कि बुधवार को अपने एक दोस्त को मिलने के लिए बुलाया था. उसके साथ रात में रामगढ़ताल घूमाने ले चला गया. इसके बाद स्कूटी से देर रात तक उसके साथ घूमता रहा. इस दौरान वह नौसड़ के आगे एक जगह पर रात करीब 2 बजे चाय पीने लगा और इस बीच एक कार से 2 युवक उतरे एक ने गोली चला दी. गोली उसके कंधे में लगी है. इसके बाद उसका दोस्त उसे स्कूटी से जिला अस्पताल ले गया. जहां पर प्राथमिक इलाज कर डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया.

## 112 पर दी सूचना

उसके दोस्त ने रामगढ़ताल थाना क्षेत्र में डायल 112 को सूचना दी थी. इसलिए रामगढ़ताल थाने की पुलिस ने गुरुवार सुबह घायल से बयान लिया. तब पता चला कि घटना गीडा थाना क्षेत्र में हुई है. गीडा थाने की पुलिस ने बीआरडी मेडिकल कॉलेज जाकर घायल का बयान लेकर जांच शुरू की जांच में पता चला कि राहुल गौतम किसी बदमाश ने गोली नहीं मारी है, बल्कि उसने ही अपने दोस्त से गोली चलवाई है.

> बेलीपार इलाके में उसने एक जगह पर अपने दोस्त से कंधे पर गोली चलवाई थी. घटना के बाद उसका दोस्त बस्ती चला गया. बस्ती में उसकी मां का ननिहाल है. जबकि राहुल गौतम अस्पताल चला गया जिससे मेडिकल कराकर गोली के बारे में सभी को बता सके. हालांकि पुलिस ने अब उसे और उसके दोस्त को हिरासत में ले लिया है. घटना में इस्तेमाल पिस्टल भी पुलिस ने बरामद कर लिया है.
>
> **जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव,**
> एसपी नार्थ

# शराबखोरी से परेशान नव विवाहिता ने दी जान, दूसरे ने किया आत्मदाह का प्रयास

**जिले के गीडा व बेलघाट थाना एरियाज मे हुई घटनाएं, जांच में जुटी पुलिस**



**GORAKHPUR (29 Aug):** जिले के अलग-अलग थाना एरियाज में पारिवारिक कलह के चलते जहां नव विवाहिता ने फंदे से लटक कर जान दे दी. वहीं एक महिला ने खुद पर तारपीन का तेल डालकर आत्मदाह करने का प्रयास किया. इन घटनाओं ने न केवल परिजनों बल्कि पूरे क्षेत्र को गहरे सदमे और गम में डाल दिया है. घटनाएं जिले के गीडा व बेलघाट थानाक्षेत्र में हुई हैं. पारिवारिक कलह के चलते नव विवाहिता ने दी जान.

## पति से हुआ विवाद

गीडा थाना के ग्राम पंचायत जगदीशपुर रानीपार निवासी अवधेश पांडेय की पत्नी शालिनी उर्फ शालू (24) ने गुरुवार को पति से विवाद के बाद फंदे से लटक कर जान दे दी. सहजनवा थाना क्षेत्र के घघसरा टोला कुटिया निवासी अर्जुन त्रिपाठी ने अपनी बेटी शालू की शादी दस माह पूर्व गीडा थाना क्षेत्र के जगदीशपुर रानीपार निवासी अवधेश पांडेय के साथ की थी. आरोप है कि शादी के बाद से ही पति अक्सर शराब के नशे में शालू से मारपीट करता था. बुधवार की रात को भी उसके पति ने मारपीट की.

## हिरासत में अवधेश

शालू की सूचना पर मौके पर पहुंची भड़सार चौकी की पुलिस अवधेश पांडेय को हिरासत में लेकर थाने चली गई. गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे अवधेश की मां जब शालू को कमरे में देखने गई तो उसका शव पंखे में दुपट्टे के सहारे लटकता मिला. पडोसियों की सूचना पर फोर्स संग मौके पर पहुंचे प्रशिक्षु आईपीएस सीओ गीडा अरूण कुमार एस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. सीओ के अनुसार पति को हिरासत में लिया गया है. मायके वालों को सूचना दे दी गई है. तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

## तारपीन का तेल डाल लगाई आग

बेलघाट थाना एरिया के ग्राम पंचायत बसंतपुर निवासी पिंटू माली की पत्नी पूनम (24) ने गुरुवार सुबह खुद पर तारपीन का तेल डालकर आग लगा ली. परिजनों ने उसे गंभीर हालात में जिला अस्पताल में भर्ती कराया है. पिंटू माली के साथ-साथ गोलगप्पे का ठेला भी लगता है. आरोप है कि पिंटू शराब का लती है. जो अक्सर सारा रुपया शराब में खर्च कर देता है. जिसके चलते अक्सर पत्नी से विवाद होता था. गुरुवार सुबह भी शराब को लेकर पिंटू का पत्नी से विवाद हो गया था. इससे क्षुब्ध होकर उसने खुद को ऊपर तारपीक का तेल डालकर आग लगा दी. पूनम की चीख पुकार सुनकर आस पास के लोगों ने जैसे तैसे आग पर काबू पाया. इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी. मौके पर पहुंची पुलिस बेलघाट पुलिस पूनम सीएससी ले गई. जहां से उसे रेफर कर दिया गया. इसके बाद परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है.

> इन घटनाओं ने न केवल परिजनों बल्कि पूरे क्षेत्र को गहरे सदमे और गम में डाल दिया है.

# पति पुलिस हिरासत में, घर में फंदे से लटकता मिला पत्नी का शव

**GORAKHPUR (28 Aug):** सहजनवा के रानीपार गांव में गुरुवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक नवविवाहिता का शव कमरे में फंदे से लटकता मिला. जबकि बुधवार को पुलिस ने उसके पति को हिरासत में ले लिया था. दोनों के बीच विवाद हुआ था, जिसकी शिकायत महिला ने की थी. अब पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है. सहजनवा थाना के कुटिया निवासी अर्जुन त्रिपाठी की पुत्री शालिनी उर्फ शालू की शादी दस माह पूर्व गीडा के रानीपार निवासी अवधेश पांडेय से हुई थी. शादी के बाद से ही दंपती के बीच विवाद होते रहे. पत्नी का आरोप है कि अवधेश शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता था. बुधवार रात भी दोनों के बीच विवाद हुआ. शिकायत पर भड़सार चौकी पुलिस ने अवधेश को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया. गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे अवधेश की मां ने बहू को नहीं देखा तो कमरे का दरवाजा खोला. अंदर शालिनी का शव दुपट्टे के सहारे पंखे से लटकता मिला. सूचना पर सीओ गीडा व प्रशिक्षु आइपीएस अरुण कुमार एस के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.



# हेल्प डेस्क कर रहा पूरी हेल्प

**i UPDATE**

**सिटी के थानों पर तैनात किए गए हैं साइबर एक्सपर्ट**

**हर महीने आ रहे हैं साइबर फ्रॉड के लगभग पांच मामले**

**राजघाट थाने में हो रहा 90 प्रतिशत मामलों का समाधान**

GORAKHPUR (29 Aug): स्मार्ट फोन के दौर हर व्यक्ति इंटरनेट से जुड़ा हुआ है. वहीं अपराधी भी आज के दौर में काफी हाईटेक हो गए हैं. इसके चलते साइबर क्राइम के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं. ऑनलाइन फ्रॉड पर अंकुश लगाने के लिए सिटी के सभी थानों पर साइबर हेल्प डेस्क बनाए गए हैं. यहां पर प्रभारियों की भी तैनाती कर दी गई हैं. हर महीने पांच मामले साइबर फ्रॉड के आ रहे हैं. इसमें सबसे ज्यादा फाइनेंसियल के मामले हैं. शिकायत पर पुलिस उनकी पूरी मदद कर रही है. साइबर क्राइम से निपटने के लिए हर थाने में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित की गई है. ताकि वहां आने वाली शिकायतों का समाधान किया जा सके. इसका सच जानने के लिए दैनिक जागरण आईनेक्स्ट की टीम ने गुरुवार को सिटी के कैंट, राजघाट और कोतवाली थाने का रियल्टी चेक किया. इस दौरान थानों में साइबर हेल्प डेस्क एक्टिव हालात में मिला. हालांकि राजघाट थाना शिकायतों के निस्तारण में पहले नंबर पर है. यहां आने वाले मामलों का 90 प्रतिशत तक निस्तारण हो रहा है.


**BREAKING NEWS**

सिटी की ब्रेकिंग न्यूज से रहें रियल टाइम अपडेट

जुड़िए हमारे व्हाट्सएप चैनल से

Scan करें यह QR code और follow करें हमारा चैनल.


PICS: DAINIK JAGRAN I NEXT



### कैंट थाना

**समय : अपरान्ह 4.13 बजे**

दैनिक जागरण आईनेक्स्ट की टीम ने गुरुवार को कैंट थाने के अंदर प्रवेश किया. थाने में साइबर हेल्प डेस्क एक्टिव मिला. यहां पर साइबर प्रभारी काम करती हुई नजर आईं. उन्होंने बताया कि साइबर अपराध से संबंधित करीब हर महीने पांच मामले आते है. शिकायत दर्ज कर समाधान करने का प्रयास किया जाता है. ज्यादातर मामले फाइनेंसियल के होते हैं. साइबर क्रिमिनल्स झांसे में लेकर ठगी का शिकार बनाते है. पुलिस उनकी पूरी मदद करती है. कई मामलों में पीड़ित का पैसा भी वापस कराया जा चुका है. प्रभारी का कहना है कि साइबर अपराध से संबंधित जो मामले आते है, उनकी जांच के लिए साइबर थाने को भेज दिया जाता है.



### कोतवाली थाना

**समय : अपरान्ह 4.40 बजे**

कैंट थाने से हमारी टीम कोतवाली थाने पहुंची. सामने की कुर्सी पर पुलिसकर्मी बैठे नजर आए. साइबर हेल्प डेस्क के बारे में पूछने पर बताया कि वर्तमान में साइबर हेल्प डेस्क पूरी तरह एक्टिव है. यहां प्रभारी की तैनाती है. इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि ऑनलाइन साइबर फ्राड के ज्यादातर मामले आते हैं. इसके लिए तीन रजिस्टर बनाए गए हैं. हर महीने फ्राड के पांच मामले आते हैं. व्यक्ति को झांसे में लेकर ऑनलाइन फ्राड के प्रकरण अधिक है. इसमें से ज्यादातर मामलों में प्रयास किया जाता है कि पीड़ित का पैसा वापस हो सके. व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, फेसबुक पर ऑनलाइन फ्राड की शिकायत दर्ज की जाती है. साथ ही समाधान भी कराया जाता है.



थाना राजघाट में बना साइबर क्राइम सेल पर काम करती महिला पुलिसकर्मी

### राजघाट थाना

**समय : सायं 5.00 बजे**

कोतवाली से हमारी टीम राजघाट थाना पहुंची. साइबर हेल्प डेस्क पर महिला पुलिसकर्मी तैनाती मिली. वह पीड़ित महिला की फरियाद सुन रही थीं. वहीं कम्प्यूटर कक्ष में कुछ पुलिसकर्मी काम करते हुए नजर आए. साइबर प्रभारी ने बताया कि दो महीने में 10 से 15 मामले ऑनलाइन फ्रॉड के आते है. शिकायत दर्ज की जाती है. इसमें यूपीआई फ्राड, फेसबुक और इंस्टाग्राम के जरिए ऑनलाइन फ्राड के मामले है. अभी तक लगभग 159 ऑनलाइन फ्राड के मामले आ चुके हैं. करीब 90 परसेंट मामलो का समाधान कराया जा चुका है. 25 मामलो में जांच की जा रही है.

- ऑनलाइन फ्राड पर अंकुश लगाने के लिए सिटी के सभी थानों पर साइबर हेल्प डेस्क बनाए गए हैं. यहां पर प्रभारियों की भी तैनाती कर दी गई है. हर महीने पांच मामले साइबर फ्राड के आ रहे हैं.
- साइबर क्रिमिनल्स झांसे में लेकर ठगी का शिकार बनाते हैं. पुलिस उनकी पूरी मदद करती है. कई मामलों में पीड़ित का पैसा भी वापस कराया जा चुका है. प्रभारी का कहना है कि साइबर अपराध से संबंधित जो मामले आते है, उनकी जांच के लिए साइबर थाने को भेज दिया जाता है.



**"सीएम के निर्देश पर सिटी के सभी थानों पर साइबर हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं. सभी हेल्प डेस्क पर प्रभारियों की तैनाती की गई हैं. ऑनलाइन फ्राड की जो भी शिकायत आती हैं, उसमें 24 घंटे में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाती है. कई पीड़ितों का पैसा वापस कराने में सफलता भी मिली है.**

अभिनव त्यागी,

एसपी सिटी गोरखपुर

# रुपये वापस मांगने पर पड़ोसी से हुआ गाली-गलौज, केस दर्ज

GORAKHPUR (28 Aug): चौरीचौरा थाना एरिया के मुंडेरा बाजार वार्ड नंबर चार निवासी श्रवण कुमार जायसवाल ने अपने पड़ोसी प्रीतम गुप्ता पर रुपये हड़पने और गाली-गलौज करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है. पीड़ित के मुताबिक, करीब छह साल पूर्व प्रीतम गुप्ता ने अपनी मां का इलाज कराने के लिए 1.45 लाख रुपये उधार लिए थे. आरोप है कि काफी समय बीत जाने पर जब उन्होंने रुपये की मांग शुरु की तो प्रीतम ने पहले टालमटोल की. दबाव बनाने पर 50 हजार रुपये लौटाए और बाकी रकम दो महीने में लौटाने का आश्वासन दिया.

# मृत महिला को जिंदा दिखा जमीन की रजिस्ट्री का प्रयास करने वाले चार जालसाज अरेस्ट

**मृत महिला के नाम पर फर्जी पैन व आधार कार्ड बनाकर खोल लिया था बैंक में खाता**

**GORAKHPUR (29 Aug):** खोराबार पुलिस ने छह वर्ष पहले मर चुकी महिला को जिंदा दिखाकर उसकी जगह दूसरी महिला को खड़ा करके जमीन रजिस्ट्री कराने का प्रयास करने वाले चार जालसाजों को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने गुरुवार को चारों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया. आरोपियों की पहचान बांसगांव के कनइचा निवासी संतोष कुमार व अमित कुमार राय, देवरिया के एकौना भटौली निवासी वाहिद अली, बड़हलगंज के सराय महुलिया निवासी सन्नी कुमार और बड़हलगंज के नेवादा निवासी चंद्रावती के रूप में हुई है. वहीं मामले में नामजद लेखपाल जगदीश प्रसाद की भूमिका की जांच की जा रही है. जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.



## नहीं हुई है वरासत

एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि सिंघड़िया निवासी महेश्वर मिश्र की मां चंद्रावती का 23 मार्च 2019 में देहांत हो चुका है. उनकी मां के नाम पर खोराबार ब्लाक के ग्राम तालकन्दला में जमीन है, जिसका अभी वरासत नहीं हुआ था. कुछ जालसाजों ने उनकी मां के नाम से फर्जी पेपर, आधार कार्ड, पैन कार्ड बनवा कर बैंक ऑफ इंडिया में खाता खोल लिए. इसके बाद उनकी जमीन को फर्जी दस्तावेज के सहारे बेंचने का प्रयास करने लगे. बैंक कर्मियों ने उन्हें बताया कि उनकी मां के नाम से खुले खाते में नामनी बांसगांव के कनइचा निवासी संतोष कुमार है.

## लेखपाल पर आरोप

यहीं नहीं जालसाजों ने उनकी मां के नाम से दर्ज जमीन को वरासत कराने के लिए राजस्व विभाग के पोर्टल पर ऑन लाइन कराकर 31 जुलाई 2025 को तालकन्दला के लेखपाल जगदीश प्रसाद को दे दिया, उन्होंने ने कहा कि एक सप्ताह में हो जाएगा. लेखपाल की भी भूमिका संदिग्ध मिलने पर उन्होंने मामले की शिकायत एसएसपी राजकरन नय्यर से की थी.

## कई हुए अरेस्ट

पुलिस की जांच में आरोप सही पाए जाने पर हल्का लेखपाल जगदीश प्रसाद, संतोष कुमार, वाहिद अली, अमित कुमार राय, सन्नी कुमार, चंद्रावती पर केस दर्ज कर लिया था. पुलिस ने बुधवार देर रात संतोष कुमार, अमित कुमार राय, वाहिद अली, सन्नी कुमार और चंद्रावती को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में आरोपियों ने जुर्म कबूल कर लिया. गुरुवार को पुलिस ने चारों का कोर्ट में पेश किया. जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया.

- 23 मार्च 2019 में देहांत हो चुका है. उनकी मां के नाम पर खोराबार ब्लाक के ग्राम तालकन्दला में जमीन है, जिसका अभी वरासत नहीं हुआ था.
- राजस्व विभाग के पोर्टल पर ऑन लाइन कराकर 31 जुलाई 2025 को तालकन्दला के लेखपाल जगदीश प्रसाद को दे दिया, उन्होंने ने कहा कि एक सप्ताह में हो जाएगा. अन्य आरोपियों के साथ लेखपाल की भी भूमिका संदिग्ध मिलने पर उन्होंने मामले की शिकायत एसएसपी राजकरन नय्यर से की थी.



"मामले में आरोपी बनाए गए लेखपाल की भूमिका की जांच की जा रही है. जांच रिपोर्ट के आधार पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी.

**अभिनव त्यागी,**
एसपी सिटी

---

**कार्रवाई** इंस्टाग्राम से नाबालिग लड़कियों को जाल में फंसाकर करता था ब्लैकमेल, देह व्यापार को मजबूर

# हुक्का बार की आड़ में देह व्यापार कराने वाला इनामी गैंगस्टर अरेस्ट

**i UPDATE**

**एसएसपी ने बीते 16 अगस्त को की थी गैंगस्टर की कार्रवाई की संस्तुति**

**GORAKHPUR (29 Aug):** रामगढ़ताल पुलिस ने हुक्का बार की आड़ में देह व्यापार चलाने वाले 25 हजार इनामी गैंगस्टर बस्ती के मुंडेरवा अमरी अहरा निवासी राजन उर्फ वसीम अहमद को अरेस्ट कर लिया. पकड़ा गया आरोपी इंस्टाग्राम से नाबालिग लड़कियों को जाल में फंसाकर उन्हें ब्लैकमेल कर धंधा करवाता था. पुलिस की दो टीमें गैंग के फरार अन्य सदस्यों की तलाश में दबिश दे रही है. पुलिस का दावा है कि पुलिस जल्द ही फरार अन्य आरोपियों को अरेस्ट कर जेल भेजेगी. एसएसपी ने बीते 16 अगस्त को गैंग के 14 सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की थी.



FILE PHOTO



## गैंगरेप का केस दर्ज

रामगढ़ताल इलाके की नाबालिग लड़की के साथ शाहपुर क्षेत्र के फ्लाई इन वन होटल के हुक्का बार में सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई थी. 2 जनवरी 2025 को रामगढ़ताल थाने में सामूहिक दुष्कर्म का केस दर्ज किया गया था. इसके बाद 9 जनवरी को हुक्का बार में छापा पड़ा और बड़े पैमाने पर देह व्यापार की बात सामने आई. रामगढ़ताल थाने में दर्ज सामूहिक दुष्कर्म के केस में पुलिस ने जांच शुरू की। तब कई बड़े नाम सामने आए और देह व्यापार करने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ.

- 2 जनवरी 2025 को रामगढ़ताल थाने में सामूहिक दुष्कर्म का केस दर्ज किया गया था.
- 9 जनवरी को हुक्का बार में छापा पड़ा और बड़े पैमाने पर देह व्यापार की बात सामने आई.
- 16 अगस्त को गैंग के 14 सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की थी.

## कई बने आरोपी

इसके बाद बेतियाहाता और देवरिया की नाबालिग लड़कियां भी सामने आई. उन्होंने भी शाहपुर थाने में रेप का केस दर्ज कराया. इनके साथ भी हुक्का बार में दुष्कर्म किया गया था. शाहपुर पुलिस और रामगढ़ताल थाने की पुलिस ने जांच कर सरगना अनिरुद्ध ओझा, फ्लाई इन होटल का मालिक अनुराग कुमार सिंह, मोहनापुर का आकाश यादव, बिछिया के रोहित छेत्री और विनय साहनी, आदित्य मौर्या और निखिल सिंह, बस्ती मुंडेरवा के उमरी अहरा निवासी राजन उर्फ वसीम अहमद, हरदोई के बघौली थाना क्षेत्र के बरवा सरसंड का विमल विश्वकर्मा और सूरज विश्वकर्मा, मुस्कान और श्रेय शुक्ला को अरेस्ट कर जेल भिजवाया.



## 14 पर हुई कार्रवाई

बीते 16 अप्रैल को रामगढ़ताल पुलिस ने एसएसपी राज करन नैय्यर के आदेश पर सभी 14 आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में केस दर्ज किया गया है. जिसमें अनिरूद्ध ओझा उर्फ सोखा को गैंग लीडर और प्रियांशु जायसवाल, अनुराग सिंह, राजन उर्फ वसीम अहमद, विमल विश्वकर्मा, सूरज विश्वकर्मा, मुस्कान उर्फ माला पासवान, श्रेय शुक्ला, नन्दिनी उर्फ परी, अजय सिंह, अनुराग त्रिपाठी, संजीत कुमार जायसवाल, आकाश गुप्ता और गौरव कुमार को सक्रिय सदस्य बनाया गया है. रामगढ़ताल पुलिस ने बुधवार देर रात गैंगस्टर के मामले में फरार चल रहे राजन उर्फ वसीम अहमद को अरेस्ट कर लिया. बुधवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया. जहां से उसे जेल भेज दिया गया.



**25** हजार इनामी गैंगस्टर बस्ती के मुंडेरवा अमरी अहरा निवासी राजन उर्फ वसीम अहमद को अरेस्ट कर लिया. पकड़ा गया आरोपी इंस्टाग्राम से नाबालिग लड़कियों को जाल में फंसाकर उन्हें ब्लैकमेल कर धंधा करवाता था.

"**देह व्यापार करने वाले आरोपियों के खिलाफ रामगढ़ताल थाने में गैंगस्टर का केस दर्ज किया गया था. इसमें से फरार एक आरोपी को अरेस्ट कर लिया गया है. फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगाई गई है. बहुत जल्द उन्हें भी पकड़ कर जेल भेजा जाएगा.**

**अभिनव त्यागी,**
एसपी सिटी

********

# गांजा के साथ तस्कर अरेस्ट तलाशा जा रहा कनेक्शन

**GORAKHPUR (28 Aug):** लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर करोड़ों रुपये के हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा) के साथ पकड़े गए तस्करों का निदेशालय राजस्व खुफिया (डीआरआइ) ने गोरखपुर कनेक्शन तलाशना शुरू कर दिया है. डीआरआइ की टीम ने बैंकाक से पहुंचे दो यात्रियों के पास करीब 24 करोड़ का गांजा पकड़ा गया था. पिछले दिनों मुंबई के रहने वाले एक तस्कर को मुंबई डीआरआई के द्वारा गोरखपुर से गिरफ्तार किए जाने को देखते हुए दोनों तस्करों का गोरखपुर से कनेक्शन तलाशा जाने लगा है. डीआरआई के अधिकारियों ने बीते 26 अगस्त को बैंकाक से लखनऊ आए दो यात्रियों को हवाई अड्डे पर रोका था. दोनों यात्रियों के चेक-इन सामान की तलाशी ली गई, जिसके बाद 23.935 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा) बरामद हुआ. बरामद 23.935 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा) का अवैध बाजार मूल्य लगभग 24 करोड़ रुपये बताया जा रहा है. हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा) को एनडीपीएस अधिनियम के प्रविधानों के तहत जब्त कर लिया गया और दोनों यात्रियों को एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के प्रविधानों के तहत गिरफ्तार कर लिया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. वहीं, पिछले दिनों नशीले पदार्थों की तस्करी में गोरखपुर में एक तस्कर की गिरफ्तारी को देखते हुए डीआरआई ने दोनों यात्रियों का गोरखपुर कनेक्शन तलाशना शुरू कर दिया है.

# चालक को गिरफ्तार कर पुलिस ने बाइक किया बरामद

**हि फॉलोअप**

- गीडा में दुर्घटना के बाद घायल को रास्ते में फेंक फरार हुए थे बाइक सवार
- तीन घंटे तक सड़क के किनारे पड़ा रहा व्यक्ति, अस्पताल में हो गई मौत

**घघसरा, हिन्दुस्तान संवाद।** गीडा थाना क्षेत्र के सेक्टर 15 मोड़ पर टक्कर मारने के बाद बाइक सवारों ने घायल को उपचार कराने के लिए ले गए पर रास्ते में सड़क के किनारे झाड़ी में फेंक कर फरार हो गए। इलाज के अभाव में तड़प-तड़प कर घायल ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर बाइक चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

गीडा थाना क्षेत्र के गाहासाड़ निवासी रामसिंह यादव (55) मंगलवार को किसी कार्य से गीडा गए थे। दोपहर में एक बजे वापस आते समय गीडा सेक्टर 15 मोड़ पर एक बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। बाइक सवारों को राहगीरों ने पकड़ लिया, जिसके बाद वह इलाज कराने की बात कह कर साथ लेकर गए मगर मुरारी इंटर कॉलेज के सामने सड़क किनारे फेंक कर फरार हो गए। करीब तीन घंटे तक रामसिंह वहीं पड़े रहे। किसी राहगीर की की सूचना पर पहुंची 112 नंबर की पुलिस ने घायल को सीएचसी लेकर आई। परिवारीजन शाम को लेकर जिला अस्पताल गए जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

# ड्रग तस्करों का कनेक्शन तलाश रही डीआरआई

**सख्ती**

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** निदेशालय राजस्व खुफिया (डीआरआई) की लखनऊ टीम ने बैंकाक से लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे दो यात्रियों के पास से 24 करोड़ कीमत की हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा) बरामद किया है। दोनों युवकों का गोरखपुर से कनेक्शन तलाशा जा रहा है। पिछले दिनों मुंबई के एक तस्कर को गोरखपुर से मुंबई डीआरआई ने गिरफ्तार किया था। ऐसे में डीआरआई का मानना है कि ड्रग तस्करों का गोरखपुर से कनेक्शन हो सकता है।

डीआरआई के अधिकारियों ने बीते 26 अगस्त को बैंकॉक से लखनऊ आए दो यात्रियों को हवाई अड्डे पर रोका था। पूछताछ में दोनों यात्रियों ने अपने चेक-इन सामान में भारी मात्रा में बैंकॉक से तस्करी करके लाई गई हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा) होने की बात कबूल की। जिसके बाद उनके सामान से 23.935 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा) बरामद हुआ।

बरामद गांजा का अवैध बाजार मूल्य लगभग 24 करोड़ रुपये बताई गई है। हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा) को एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों के तहत जब्त कर दोनों यात्रियों को बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। डीआरआई ने छह महीने पहले भी हाइड्रोपोनिक वीड पकड़ा था। पकड़े गए तस्कर का संबंध दक्षिणांचल से निकला था।

## गोरखपुर से हो चुकी है दाऊद के करीबी सलीम के गुर्गे की गिरफ्तारी

पिछले दिनों मुंबई की डीआरआई टीम ने दाऊद इब्राहिम गैंग के करीबी सलीम डोला के ड्रग कारोबार के नेटवर्क के सदस्य को गोरखपुर से गिरफ्तार किया था। वह बस्ती में ठिकाना बनाकर पूर्वांचल में ड्रग की सप्लाई कर रहा था। एजेंसी के मुताबिक, उसका नेटवर्क नेपाल, पूर्वांचल के साथ ही सीमावर्ती बिहार तक फैला है। बता दें कि डीआरआई ने बीते दिनों भोपाल जिले के जगदीशपुर क्षेत्र में चल रही मेफेड्रोन (एमडी) ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री का भी भंडाफोड़ किया था। यह गुर्गा इसी गैंग का सक्रिय सदस्य था। इसी के साथ बस्ती जिले के परशुरामपुर थाना व स्वॉट की संयुक्त टीम ने बीते अगस्त के पहले पखवाड़े में 10 ग्राम मॉर्फिन के साथ पति-पत्नी को गिरफ्तार किया था।

# मृत महिला को जिंदा दिखा जमीन की रजिस्ट्री में लगे 5 जालसाज गिरफ्तार

**कार्रवाई**

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** छह साल पहले मर चुकी महिला को जिंदा दिखाकर उसकी जगह दूसरी महिला को खड़ी करके जमीन रजिस्ट्री कराने का प्रयास करने वाले गिरोह के पांच जालसाजों को खोराबार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गुरुवार को पांचों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। आरोपितों में एक महिला भी है जबकि लेखपाल की भूमिका की जांच चल रही है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बांसगांव के कनइचा निवासी संतोष कुमार व अमित कुमार राय, देवरिया के एकौना भटौली निवासी वाहिद अली, बड़हलगंज के सराय महुलिया निवासी सन्नी कुमार और बड़हलगंज के नेवादा निवासी चंद्रावती के रूप में हुई है। वहीं इस मामले में नामजद लेखपाल जगदीश प्रसाद की भूमिका की जांच हो रही है। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि सिंघड़िया निवासी महेश्वर मिश्र की मां चंद्रावती का 23 मार्च 2019 में देहांत हो चुका है। उनकी मां के नाम पर खोराबार ब्लाक के ग्राम तालकन्दला में जमीन है, जिसका अभी वरासत नहीं हुआ था। कुछ जालसाजों ने उनकी मां के नाम से फर्जी पेपर, आधार कार्ड, पैन कार्ड बनवा कर बैंक ऑफ इंडिया में खाता खोल लिया। इसके बाद उनकी जमीन को फर्जी दस्तावेज के सहारे बेचने का प्रयास किया। बैंक कर्मियों ने बताया कि उनकी मां के नाम से खुले खाते में नामनी बांसगांव के कनइचा निवासी संतोष कुमार है।

यहीं नहीं जालसाजों ने उनकी मां के नाम से दर्ज जमीन को वरासत कराने के लिए राजस्व विभाग के पोर्टल पर ऑन लाइन कराकर 31 जुलाई 2025 को तालकन्दला के लेखपाल जगदीश प्रसाद को दे दिया।



मृत को जिंदा दिखाकर रजिस्ट्री में लगे पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

# इंस्पेक्टर का सिर फोड़ने में 8 दबोचे

**हि फालोअप**

- वीडियो फुटेज की मदद से उपद्रवियों की पहचान की
- पुलिस की टीमों ने गांव में दबिश देकर की कार्रवाई
- आप नेता की मौत के बाद लोगों ने किया था बवाल
- उग्र ग्रामीणों ने पुलिस पर किया था पथराव

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** आम आदमी पार्टी के नेता कुंज बिहारी की मौत के बाद हुए बवाल में इंस्पेक्टर का सिर फोड़ने व पुलिस टीम पर पथराव के मामले में गोरखनाथ पुलिस ने नयागांव व बनकटवां में दबिश देकर आठ संदिग्धों को उठाकर पूछताछ कर रही है। पथराव में शामिल अन्य लोगों की तलाश में दबिश दी जा रही है। इधर, आपनेता की मौत के जिम्मेदार पिता-पुत्र के नेपाल भाग जाने की सूचना मिली है। पुलिस अब उनके रिश्तेदारों के जरिए आरोपियों की तलाश में जुटी है।

गोरखनाथ थाना क्षेत्र के रामपुर नया गांव निवासी आप नेता कुंज बिहारी निषाद (35) का मोहल्ले के अभिषेक पांडेय व उसके पिता हिमालय पांडेय से विवाद हो गया था। आरोप है कि इससे नाराज अभिषेक ने अपने एक दर्जन से अधिक साथियों संग मिलकर उन पर लाठी, रॉड और पटरे से हमला कर दिया था।

परिजन कुंज बिहारी को पास के मैरीगोल्ड हॉस्पिटल ले गए। वहां उपचार के दौरान मंगलवार को उनकी मौत हो गई थी। मौत की सूचना पर हॉस्पिटल के बाहर पहुंचे उनके सर्मथकों ने पुलिस टीम पर पथराव कर दिया था।

इसमें गोरखनाथ थाने के एसएचओ शशिभूषण राय समेत चार पुलिस कर्मी घायल हो गए थे। केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार वीडियो फुटेज के जरिए पत्थरबाजों और उपद्रवियों की तलाश में जुटी पुलिस ने नयागांव व बनकटवां में दबिश देकर आठ संदिग्धों को उठा लिया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार हिरासत में लिए गए आरोपी वीडियो फुटेज में दिखाई दे रहे हैं। पुलिस पकड़े गए आठ संदिग्धों से पूछताछ कर ग्रामिणों को उकसाने वाले और पत्थरबाजी में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने में जुटी है।

# वर्कशॉप में खड़ी पॉवर कार में लगी आग

**हादसा**

**गोरखपुर, निज संवाददाता।** रेलवे यांत्रिक कारखाना में मेंटेनेंस के लिए गए ट्रेन के पॉवर कार (बिजली आपूर्ति करने वाला कोच) में आग लग गई। इस कारण एक घंटे तक अफरा-तफरी मची रही। फायर बिग्रेड की तीन गाड़ियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक पॉवर कार पूरी तरह से जल गया था। पॉवर कार में आग लगने की घटना गुरुवार शाम की बताई जा रही है।

यांत्रिक कारखाना में मेंटेनेंस के लिए गए पॉवर कार में आग लग गई। वहां वेल्डिंग का काम चल रहा था। आशंका जताई जा रही है कि वेल्डिंग के दौरान ही आग लग गई। रेलकर्मियों ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन वे सफल नहीं हो सके। आग की लपटें तेजी से बढ़ने लगीं तो रेल कर्मियों ने फायर बिग्रेड से मदद मांगी। आग लगने की जानकारी पाकर कारखाना में अधिकारी भी पहुंच गए। अग्निशमन दल भी मौके पर पहुंचा और आग बुझाने में जुट गया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। गनीमत रहा कि आग की लपटें पास में ही खड़े अन्य कोच तक नहीं पहुंचीं। हादसे में कोई हताहत भी नहीं हुआ। अब जांच के बाद ही आग लगने की वजह मालूम हो पाएगी। हालांकि एक बार फिर कारखाना में लापरवाही को लेकर चर्चाएं हो रही हैं।



वर्कशॉप में खड़ी पावर कार में लगी आग।

# हॉस्पिटल में शार्ट सर्किट से लगी आग, अफरातफरी

- अग्निशमन विभाग ने 30 मिनट में आग पर काबू पाया
- रुस्तमपुर हाईवे पर स्थित संजय फ्रैक्चर क्लिनिक की घटना

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** गोरखपुर-लखनऊ हाईवे पर रुस्तमपुर स्थित एक अस्पताल में गुरुवार को शार्ट सर्किट से आग लग गई। हॉस्पिटल में मरीज भर्ती थे। आग लगने से वहां अफरातफरी का माहौल हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। गनीमत रही कि आग लगने से कोई जनहानि नहीं हुई।

रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के रुस्तमपुर हाईवे पर संजय फ्रैक्चर क्लिनिक है। हॉस्पिटल में आर्थो के मरीज भर्ती किए जाते हैं। अंदर की तरफ संचालक डॉ. संजय विश्वकर्मा अपने परिवार के साथ रहते हैं। हॉस्पिटल में गुरुवार दोपहर बाद अचानक आग लग गई। हॉस्पिटल के बाहर लॉन में लगी एसीपी (एल्युमीनियम कम्पोजिट पैनल) की सीट धू-धूकर जलने लगी। आग देखकर वहां अफरातफरी मच गई। तीमारदार दौड़कर अपने-अपने मरीजों के पास पहुंच गए और उन्हें दूसरी जगह ले जाने का प्रबंध करने लगे।

सूचना पर फायर ब्रिगेड डिपार्टमेंट की दो गाड़ियों के साथ पहुंची टीम ने करीब 30 मिनट में आग पर काबू पा लिया। फायर स्टेशन ऑफिसर शांतनू यादव ने बताया कि आग अंदर तक फैल जाती तो बड़ी जनहानि हो सकती थी।

# सपा नेता के भतीजे को गहने चोरी में पुलिस ने दबोचा

- व्यापारी की नाबालिग बेटी से लाखों के गहने चोरी करवाने का आरोप
- तीज पर गहने न मिलने पर हुआ शक, परिवार ने की पुलिस में शिकायत

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले एक सपा नेता के भतीजे पर गहना चोरी का आरोप है। एक व्यापारी के घर से गहने चोरी होने का मामला सामने आने के बाद व्यापारी परिवार ने सीधे नेता के भतीजे पर शक जताया है। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है। आरोप है कि सपा नेता के भतीजे ने व्यापारी के घर से नाबालिग लड़की के जरिए यह चोरी कराई है। पुलिस की जांच जारी है।

जानकारी के मुताबिक सपा नेता का भतीजा कोचिंग पढ़ाने के सिलसिले में व्यापारी के घर के नीचे रहने वाले परिवार के यहां आता-जाता था। इस दौरान उसे व्यापारी परिवार के गहनों की जानकारी मिली। बताया जा रहा है कि उसने व्यापारी की बेटी से भी घर में रखे जेवरों के बारे में पूछताछ की थी। हरितालिका तीज के दिन जब घर की महिलाओं ने गहनों को निकालने के लिए तलाश शुरू की तो वह नहीं मिले। इसके बाद परिजनों ने तुरंत सपा नेता के भतीजे पर शक जताया और पुलिस को सूचना दी। मामला सामने आने पर बुधवार रात कोतवाली थाना पुलिस ने सपा नेता के घर पर छापा मारा, लेकिन आरोपित नहीं मिला। इसके बाद पुलिस सपा नेता के हिस्ट्रीशीटर भाई को थाने ले आई और पूछताछ शुरू कर दी। इस बीच पिता के पकड़े जाने की सूचना पर गुरुवार को खुद सपा नेता का भतीजा कोतवाली थाने पहुंचा जिससे पूछताछ चल रही है। उधर, व्यापारी ने इस मामले में तहरीर दी है। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि गहने चोरी के मामले में जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान निगम कर्मियों ने ठेले जब्त किए।

# कार्रवाई : दो ठेले जब्त, 4000 का जुर्माना

**गोरखपुर।** नगर निगम और यातायात पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में गुरुवार को शहर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चला। यह अभियान घोष कंपनी चौराहा से शास्त्री चौक होते हुए अंबेडकर चौराहा तक चलाया गया। फुटपाथ और सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। अभियान के दौरान दो ठेले जब्त किए गए जबकि 25 अवैध होर्डिंग हटाई गईं। साथ ही ₹4000 रुपये जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई में यातायात इंस्पेक्टर, पुलिस बल, प्रवर्तन दल टीम और सफाई निरीक्षक रामविजय पाल शामिल रहे। सभी जब्त सामानों को नगर निगम के स्टोर में जमा करा दिया गया।

# देह व्यापार कराने वाला इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

- इंस्टाग्राम से नाबालिग लड़कियों को जाल में फंसाकर कराता था धंधा
- 16 अगस्त को आरोपी के खिलाफ हुई थी गैंगस्टर की कार्रवाई, रखा गया था इनाम

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** हुक्का बार की आड़ में देह व्यापार चलाने वाले 25 हजार का इनामी गैंगस्टर बस्ती के मुंडेरवा अमरी अहरा निवासी राजन उर्फ वसीम अहमद को रामगढ़ताल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी इंस्टाग्राम से नाबालिग लड़कियों को जाल में फंसाकर उन्हें ब्लैकमेल कर धंधा करवाता था। पुलिस की दो टीमें गैंग के फरार अन्य सदस्यों की तलाश में दबिश दे रही है। पुलिस का दावा है कि वह जल्द फरार अन्य आरोपियों को पकड़ लेगी। एसएसपी ने 16 अगस्त को गैंग के 14 सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की थी।

रामगढ़ताल इलाके की नाबालिग लड़की के साथ शाहपुर क्षेत्र के फ्लाई इन वन होटल के हुक्का बार में सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई थी। दो जनवरी 2025 को रामगढ़ताल थाने में सामूहिक दुष्कर्म का केस दर्ज किया गया था। नौ जनवरी को हुक्का बार में छापा पड़ा और बड़े पैमाने पर देह व्यापार की बात सामने आई। तब कई बड़े नाम सामने आए और देह व्यापार करने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ। इसके बाद बेतियाहाता और देवरिया की नाबालिग लड़कियां भी सामने आईं। उन्होंने भी शाहपुर थाने में हुक्का बार में दुष्कर्म किए जाने का केस दर्ज कराया था। शाहपुर पुलिस और रामगढ़ताल थाने की पुलिस ने जांच कर सरगना अनिरुद्ध ओझा, फ्लाई इन होटल का मालिक अनुराग कुमार सिंह, मोहनापुर का आकाश यादव, बिछिया के रोहित छेत्री और विनय साहनी, आदित्य मौर्या और निखिल सिंह, बस्ती मुंडेरवा के उमरी अहरा निवासी राजन उर्फ वसीम अहमद, हरदोई के बघौली थाना क्षेत्र के बरवा सरसंड का विमल विश्वकर्मा और सूरज विश्वकर्मा, मुस्कान और श्रेय शुक्ला को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया।

बीते 16 अप्रैल को रामगढ़ताल पुलिस ने सभी 14 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था।

> देह व्यापार करने वाले आरोपियों के खिलाफ रामगढ़ताल थाने में गैंगस्टर का केस दर्ज किया गया था। इसमें फरार एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य की गिरफ्तारी के लिए टीम लगाई गई है। बहुत जल्द उन्हें भी पकड़ कर जेल भेजा जाएगा।
> **-अभिनव त्यागी**, एसपी सिटी

# गोरखपुर में युवक ने कर्जदारों से बचने को खुद पर चलवाई गोली



राहुल गौतम

- गोरखपुर अपनी प्रेमिका से मिलने आया था कानपुर के काकादेव का राहुल गौतम
- पुलिस की पूछताछ में खुला मामला, युवक और कानपुर का दोस्त हिरासत में, पिस्टल बरामद

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** कर्जदारों से पीछा छुड़ाने के लिए गोरखपुर आए कानपुर के एक युवक ने अपने ही दोस्त से खुद पर गोली चलवा ली। गोली उसके कंधे को छूकर निकल गई। पुलिस ने युवक और उसके दोस्त को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पूरी कहानी सामने आ गई। घटना में इस्तेमाल पिस्टल भी पुलिस ने बरामद कर ली है। दोनों युवक कानपुर के काकादेव थाना क्षेत्र रहने वाले हैं। घायल युवक अपनी प्रेमिका से मिलने गोरखपुर आया था।

एसपी नार्थ जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार देर रात गीडा इलाके में कानपुर के युवक राहुल गौतम को गोली लगने की सूचना मिली। कानपुर के काकादेव का रहने वाला 24 वर्षीय राहुल तीन दिन पहले गोरखपुर आया था और रेलवे बस स्टेशन के पास एक होटल में रुका था। राहुल ने पुलिस को बताया कि बुधवार को अपने एक दोस्त को मिलने के लिए बुलाया था। रात में उसके साथ रामगढ़ताल घूमने गया था। देर रात तक दोनों घूमते रहे। रात करीब 2 बजे वे नौसड़ के आगे एक जगह पर चाय पी रहे थे। इसी बीच एक कार से दो युवक उतरे और एक ने गोली चला दी। गोली उसके कंधे में लगी।

➤ दोस्त से चलवाई गोली P09

# पुलिस टीम पर पथराव करने वाले आठ संदिग्धों को पुलिस ने उठाया

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** आप नेता कुंज बिहारी की मौत के बाद पथराव मामले में पुलिस ने बुधवार देर रात नयागांव व बनकटवां में दबिश देकर आठ संदिग्धों को उठाकर पूछताछ कर रही है। वहीं पथराव में शामिल अन्य लोगों की तलाश में दबिश दी जा रही है। इधर, आप नेता की मौत के जिम्मेदार पिता-पुत्र के नेपाल भाग जाने की सूचना मिली है। पुलिस उनके रिश्तेदारों के जरिए आरोपियों की तलाश में जुटी है।

गोरखनाथ थाना क्षेत्र के रामपुर नया गांव निवासी आप नेता कुंज बिहारी निषाद (35) का 4200 रुपये को लेकर मोहल्ले के रहने वाले अभिषेक पांडेय व उसके पिता हिमालय पांडेय से विवाद हो गया था। आरोप है कि इससे नाराज अभिषेक ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनपर लाठी, रॉड और पटरे से हमला कर दिया था। परिजन उन्हें राजेंद्रनगर के प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए। वहां उपचार के दौरान मंगलवार उन्होंने दम तोड़ दिया था। कुंज बिहारी की मौत की सूचना पर हॉस्पिटल के बाहर पहुंचे उनके समर्थकों ने पुलिस टीम पर पथराव कर दिया था। इसमें गोरखनाथ थाने के एसएचओ शशिभूषण राय समेत चार पुलिस कर्मी घायल हो गए थे।

वीडियो फुटेज के जरिये पत्थरबाजों और उपद्रवियों की तलाश में जुटी पुलिस ने बुधवार देर रात नयागांव व बनकटवां में दबिश देकर आठ संदिग्धों को उठा लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, हिरासत में लिए गए आरोपी वीडियो फुटेज में कैद हैं। पुलिस उनसे पूछताछ कर ग्रामीणों को उकसाने वाले और पत्थरबाजी में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने में जुटी है। नाम सामने आने के बाद उन सब का नाम विवेचना में शामिल किया जाएगा।

**आप नेता की मौत का मामला**

### वीडियो फुटेज की मदद से पहचान में जुटी पुलिस गांव में दी दबिश

कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस टीम पर पथराव करने वाले जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।
**- अभिनव त्यागी**, एसपी सिटी


वीडियो फुटेज से उपद्रवियों की पहचान में जुटी पुलिस

28 अगस्त को प्रकाशित खबर।

# गैर इरादतन हत्या के दोषी धर्मेंद्र को 10 साल की सजा

**अदालत से**

**गोरखपुर।** जनपद न्यायाधीश राज कुमार सिंह की अदालत ने गुलरिहा के चखान मोहम्मदपुर निवासी धर्मेंद्र को गैर इरादतन हत्या में दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 20 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया। अर्थदंड न देने पर आरोपी को अतिरिक्त छह माह का कारावास भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता और सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ने पैरवी की। उन्होंने अदालत को बताया कि घटना वर्ष 2024 की है। गुलरिहा के टोला सलेमपुर चक्खान मोहम्मद चक निवासी पीड़िता आसमा खान का आरोप था कि आरोपी धर्मेंद्र 200 रुपये के विवाद को लेकर उनके पति मुमताज अली की दुकान पर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए विवाद शुरू कर दिया। विरोध पर मुमताज अली पर हमला कर दिया। विवाद बढ़ने के बाद धर्मेंद्र ने मुमताज अली के सिर पर वार किया। गंभीर चोट लगने से इलाज के दौरान मुमताज अली की मौत हो गई। विवेचना के बाद आरोपी धर्मेंद्र के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस पंजीकृत कर कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया गया। ब्यूरो

### महज 200 रुपये के लिए आरोपी ने दुकानदार पर किया था जानलेवा हमला

# अशोक अपहरण कांड के नौवें आरोपी ने कोर्ट में किया सरेंडर

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** एयरफोर्स से रिटायर्ड कर्मी अशोक जायसवाल के अपहरण में शामिल नौवें आरोपी प्रीतम कुमार ने बृहस्पतिवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। इससे पहले आठ आरोपी जेल जा चुके हैं। एक आरोपी कमालुद्दीन ने राय बरेली कोर्ट में सरेंडर किया था। उससे पूछताछ के बाद ही तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।

इसमें अशोक जायसवाल का पड़ोसी भी शामिल था। सिकरीगंज के ढेबरा निवासी प्रीतम के जेल जाने के बाद दसवें आरोपी अंशुल की तलाश चल रही है। इसी के साथ चार्जशीट दाखिल करने और गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई भी पुलिस ने शुरू कर दी है।

शाहपुर इलाके के पादरी बाजार निवासी एयरफोर्स के रिटायर्ड कर्मी अशोक जायसवाल का रेलवे स्टेडियम जाते समय कौवाबाग अंडरपास से कार सवार बदमाशों ने 25 जुलाई को अपहरण कर लिया था। सुबह दस बजे जब एक अनजान मोबाइल से उनकी पत्नी डॉ. सुषमा जायसवाल के मोबाइल पर फिरौती की कॉल आई तब

### वारदात के बाद भाग गया था सिकरीगंज के ढेबरा का आरोपी प्रीतम



कार मालिक रडार पर आरोपी बनाएगी पुलिस

22 अगस्त को प्रकाशित खबर।

अपहरण की घटना सामने आई। अशोक जायसवाल के साढ़ू ने पुलिस को सूचना दी बताया कि एक करोड़ रुपये की फिरौती मांगी जा रही है। पुलिस ने सूचना के करीब 15 घंटे बाद अशोक जायसवाल को सकुशल खोज कर तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया था।

उनसे पूछताछ में चार और बदमाशों का नाम सामने आए थे जिसमें से एक कमालुद्दीन ने राय बरेली कोर्ट में पुराने केस में सरेंडर किया था। पुलिस रिमांड में पूछताछ के बाद कमालुद्दीन ने तीन अन्य आरोपियों का नाम बताया पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भिजवाया था। दो आरोपी प्रीतम और अंशुल भागे हुए थे। इनमें प्रीतम ने बृहस्पतिवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया है।

# छात्र का शव पहुंचते ही गांव में मातम, घर में मचा कोहराम

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ/गोरखपुर।** एमसी सक्सेना कॉलेज में बीटेक सेकेंड ईयर की पढ़ाई करने वाले रजनीश सिंह (20) का शव बृहस्पतिवार दोपहर बाद जैसे ही घर पहुंचा मां दहाड़े मारकर रोने लगी। शव से लिपटकर रोता देख वहां मौजूद सभी की आंखें नम हो गई।

छात्र की मां ऊषा सिंह ने पड़ोस के गांव की रहने वाली युवती पर साथी संग मिलकर हत्या कर शव फंदे पर लटकाए जाने का आरोप लगाया है।



रजनीश। फाइल फोटो

देर शाम परिजनों ने जंगल कौड़िया के रामघाट पर रजनीश का अंतिम संस्कार किया। पिता के विदेश में होने के चलते छोटे भाई ने मुखाग्नि दी। पीपीगंज के डाढ़ाडीह गांव निवासी रजनीश दुबग्गा के माल जेहटा रोड स्थित एमसी सक्सेना कालेज में पढ़ाई कर रहा था। पड़ोस के गांव की युवती भी उसी के साथ कॉलेज में पढ़ती है। बुधवार शाम को दोनों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसके

### छात्रा के साथ लखनऊ में गए रजनीश का 24 घंटे बाद ही फंदे पर लटका मिला था शव



पीपीगंज के छात्र ने लखनऊ में फंदा लगाकर दी जान

28 अगस्त को प्रकाशित खबर।

बाद छात्रा फोन पर बात करने के लिए छत पर चली गई। थोड़ी देर बाद जब वह लौटी तो रजनीश का शव पंखे और चादर के सहारे फंदे पर लटका मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दी तो घर में कोहराम मच गया। आनन फानन में परिजन लखनऊ पहुंचे।

रजनीश के पिता दुबई में नौकरी करते हैं। दोस्तों ने बताया कि रजनीश क्लास का टॉपर था। मकान मालिक श्रीकृष्ण पटेल ने बताया दोनों 26 अगस्त को रहने के लिए आ गए थे। रजनीश ने घटना से कुछ देर पहले दोस्तों से पार्क जाने की बात कही थी। रजनीश की मां के मुताबिक बुधवार को दिन में करीब तीन बजे उनकी बेटे से बात हुई थी। तब वह बिल्कुल सामान्य था। परिजनों ने जांच की मांग की है।

# हुक्का बार की आड़ में देह व्यापार कराने का आरोपी इनामी वांछित गिरफ्तार

## इंस्टाग्राम से नाबालिग लड़कियों को जाल में फंसाकर ब्लैकमेल कर कराता था धंधा

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** रामगढ़ताल पुलिस ने हुक्का बार की आड़ में देह व्यापार के आरोपी 25 हजार इनामी गैंगस्टर बस्ती के मुंडेरवा अमरी अहरा निवासी राजन उर्फ वसीम अहमद को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी इंस्टाग्राम से नाबालिग लड़कियों को जाल में फंसाकर उन्हें ब्लैकमेल कर धंधा कराता था।



आरोपी राजन उर्फ वसीम अहमद।

पुलिस की दो टीमें गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश में दबिश दे रही हैं। पुलिस का दावा है कि पुलिस जल्द ही अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसएसपी ने 16 अगस्त को गैंग के 14 गुर्गों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की थी।

रामगढ़ताल इलाके की नाबालिग लड़की के साथ शाहपुर क्षेत्र के फ्लाई इन वन होटल के हुक्का बार में सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई थी। 2 जनवरी 2025 को रामगढ़ताल थाने में सामूहिक दुष्कर्म का केस दर्ज किया गया था। इसके बाद 9 जनवरी को हुक्का बार में छापा पड़ा और बड़े पैमाने पर देह व्यापार की बात सामने आई। रामगढ़ताल थाने में दर्ज सामूहिक दुष्कर्म के केस में पुलिस ने जांच शुरू की। तब कई बड़े नाम सामने आए और देह व्यापार करने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ। इसके बाद बेतियाहाता और देवरिया की नाबालिग लड़कियां भी सामने आईं। उन्होंने भी शाहपुर थाने में दुष्कर्म का केस दर्ज कराया। इनके साथ ही हुक्का बार में दुष्कर्म किया गया था। शाहपुर पुलिस और रामगढ़ताल थाने की पुलिस ने जांच कर सरगना अनिरुद्ध ओझा, फ्लाई इन होटल का मालिक अनुराग कुमार सिंह, मोहनापुर का आकाश यादव, बिछिया के रोहित छेत्री और विनय साहनी, आदित्य मौर्या और निखिल सिंह, बस्ती मुंडेरवा के उमरी अहरा निवासी राजन उर्फ वसीम अहमद, हरदोई के बघौली थाना क्षेत्र के बरवा सरसंड का विमल विश्वकर्मा और सूरज विश्वकर्मा, मुस्कान और श्रेय शुक्ला को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया।

16 अप्रैल को रामगढ़ताल पुलिस ने एसएसपी राज करन नय्यर के आदेश पर सभी 14 आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में केस दर्ज किया गया है। रामगढ़ताल पुलिस ने बुधवार देर रात गैंगस्टर के मामले में भागे राजन उर्फ वसीम अहमद को क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### एसएसपी ने बीते 16 अगस्त को आरोपी के खिलाफ की थी गैंगस्टर की कार्रवाई

देह व्यापार करने वाले आरोपियों के खिलाफ रामगढ़ताल थाने में गैंगस्टर एक्ट का केस दर्ज किया गया था। इसमें से भागे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगाई गई है। बहुत जल्द उन्हें भी पकड़ लिया जाएगा।

– **अभिनव त्यागी**, एसपी सिटी

### व्हाट्सएप पर पसंद कराई जाती थीं लड़कियां

नई उम्र की लड़कियों का जाल में फंसाकर होटल फ्लाई इन वन होटल में रखा जाता था। यहां से व्हाट्सएप भेजकर लड़कियां पसंद कराई जाती थी। उसी पर रेट भी तय होता था। इसके बाद गैंग लीडर अनिरुद्ध ओझा अपनी कार से लड़कियों को शौकीनों के घरों तक पहुंचाते था। वहां पर रात भर लड़कियां रहती थीं। सुबह उन्हें छोड़ दिया जाता था। पुलिस को मोबाइल ऐसे साक्ष्य भी मिले हैं। इसके अलावा शहर के कई होटलों में लड़कियां सप्लाई की जाती थी। गोरखपुर से लखनऊ तक नाबालिग लड़कियां भेजी जा रही थीं। इसमें नेपाल की लड़कियां भी शामिल थीं।



मुख्य आरोपी अनिरुद्ध की पत्नी समेत 21 और की मिली संलिप्तता, केस में नाम बढ़े

इनके खिलाफ हुई गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

18 अगस्त को प्रकाशित खबर।

# मृत महिला को जिंदा दिखा जमीन की रजिस्ट्री की कोशिश के आरोपी पांच जालसाज गिरफ्तार

## मृत महिला के नाम पर फर्जी पैन व आधार कार्ड बनाकर खुलवाए थे खाते

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** खोराबार पुलिस ने छह वर्ष पहले मर चुकी महिला को जिंदा दिखाकर जमीन रजिस्ट्री कराने की कोशिश के आरोपी पांच जालसाजों को गिरफ्तार कर लिया। पहचान बांसगांव के कनइचा निवासी संतोष कुमार व अमित राय, देवरिया के एकौना भटौली निवासी वाहिद अली, बड़हलगंज के सराय महुलिया निवासी सन्नी कुमार और बड़हलगंज के नेवादा निवासी चंद्रावती के रूप में हुई है।

वहीं मामले में नामजद लेखपाल जगदीश प्रसाद की भूमिका की जांच की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों को जेल भिजवा दिया है।

एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि सिंघड़िया निवासी महेश्वर मिश्र की मां चंद्रावती का 23 मार्च 2019 में देहांत हो चुका है। उनकी मां के नाम पर खोराबार ब्लॉक के ग्राम तालकंदला में

### जालसाजी में शामिल होने के आरोपी लेखपाल के खिलाफ चल रही जांच

जमीन है, जिसका अभी वरासत नहीं हुआ था। कुछ जालसाजों ने उनकी मां के नाम से फर्जी पेपर, आधार कार्ड, पैन कार्ड बनवा कर बैंक ऑफ इंडिया में खाता खोल लिया।

बताया जा रहा है कि किसी दूसरी महिला को खड़ा करके फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए थे। इसके बाद उनकी जमीन को फर्जी दस्तावेज के सहारे बेचने की कोशिश करने लगे। बैंक कर्मियों ने उन्हें बताया कि उनकी मां के नाम से खुले खाते में नामिनी बांसगांव के कनइचा निवासी संतोष कुमार है। यहीं नहीं जालसाजों ने उनकी मां के नाम से दर्ज जमीन को वरासत कराने के लिए राजस्व विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन कराकर 31 जुलाई 2025 को तालकंदला के लेखपाल जगदीश प्रसाद को दे दिया, उन्होंने ने कहा कि एक सप्ताह में हो जाएगा। अन्य आरोपियों के साथ लेखपाल की भी भूमिका संदिग्ध मिलने पर उन्होंने मामले की शिकायत एसएसपी राजकरन नय्यर से की थी। पुलिस की जांच में आरोप सही पाए जाने पर हलका लेखपाल जगदीश प्रसाद, संतोष कुमार, वाहिद अली, अमित कुमार राय, सन्नी कुमार, चंद्रावती पर केस दर्ज कर लिया था।

पुलिस ने बुधवार देर रात संतोष कुमार, अमित कुमार राय, वाहिद अली, सन्नी कुमार और चंद्रावती को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद बृहस्पतिवार को पुलिस ने चारों का कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस संबंध में एसपी सिटी का कहना है कि मामले में आरोपी बनाए गए लेखपाल की भूमिका की जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# एक दिन पहले ही शुरू करा दी खोदाई, बाद में लगाया सूचना बोर्ड..आज से डायवर्जन

## छात्रसंघ चौराहे से विश्वविद्यालय चौराहे तक होना है निर्माण कार्य

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** छात्रसंघ चौराहा से पंडित दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के सामने वाली 860 मीटर लंबी सड़क पर निर्माण के चलते शुक्रवार से डायवर्जन लागू है। यह डायवर्जन सुबह नौ से रात में नौ बजे तक प्रभावी होगा। इससे पहले बृहस्पतिवार को ही खोदाई से इस सड़क पर यातायात प्रभावित हो गया।

17.34 करोड़ रुपये की लागत से स्मार्ट रोड के तहत आरसीसी नाला और कलवर्ट पुलिया का निर्माण होना है। इसके लिए नगर निगम ने डायवर्जन लागू करने की तारीख 29 अगस्त शुक्रवार तय कर यातायात पुलिस को पत्र लिखा था। लेकिन ठेकेदार ने निर्धारित समय से एक दिन पहले ही छात्रसंघ चौराहे के पास खोदाई शुरू करा दी। इससे विश्वविद्यालय जाने वाले मुख्य मार्ग पर जाम लगने लगा। स्मार्ट रोड योजना में 09.50 करोड़ रुपये सड़क व नाला निर्माण और 07.84 करोड़ रुपये भूमिगत हाई वोल्टेज बिजली लाइनों पर खर्च किए जा रहे हैं।




विवि चौराहे से छात्रसंघ भवन रोड का डायवर्जन किया गया है। अमर उजाला

### तीन/चार पहिया वाहनों के लिए डायवर्जन

- सुबह 09 बजे से रात 09 बजे तक
- विश्वविद्यालय चौराहा से छात्रसंघ भवन चौराहा की ओर जाने वाले छोटे वाहन आवश्यकतानुसार डायवर्ट होंगे।
- ये वाहन व्ही-पार्क राजकीय उद्यान कट-मोहद्दीपुर चौराहा-पैडलेगंज होकर गंतव्य तक जाएंगे।
- यह डायवर्जन एंबुलेंस एवं अन्य आपातकालीन वाहनों पर लागू नहीं होगा।
- रोडवेज डिपो से लखनऊ व वाराणसी की ओर जाने वाली बसें विश्वविद्यालय चौराहा-मोहद्दीपुर-पैडलेगंज चौराहा होकर जाएंगी
- भारी वाहन-विश्वविद्यालय चौराहा-मोहद्दीपुर-पैडलेगंज चौराहा होते हुए गंतव्य की ओर बढ़ेंगे
- पैडलेगंज चौराहा से रोडवेज की कचहरी जाने वाली बसों को छोड़ अन्य सभी भारी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।
- ये वाहन भी मोहद्दीपुर - पैडलेगंज चौराहा के रास्ते डायवर्ट होंगे।

**भारी वाहनों व निजी गाड़ियों के लिए रूट बदले :** छात्रसंघ भवन चौराहे पर चल रहे नाला निर्माण के चलते यातायात पुलिस ने डायवर्जन प्लान लागू किया है। इससे भारी वाहनों से लेकर तीन व चार पहिया वाहनों तक के आवागमन पर नई व्यवस्था तय की गई है। यह डायवर्जन निर्माण कार्य पूर्ण होने तक प्रभावी रहेगा।

# सूदखोरों से बचने के लिए कानपुर के युवक ने खुद पर चलवा ली गोली

## प्रेमिका से मिलने गोरखपुर आया था कानपुर के काकादेव का राहुल गौतम

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** सूदखोरों से बचने के लिए कानपुर के रहने वाले राहुल गौतम नाम के युवक ने दोस्त से अपने ऊपर गोली चलवा ली और पुलिस को बदमाशों के हमले की सूचना दे दी। जांच में हकीकत सामने आने पर पुलिस ने राहुल और कानपुर के ही रहने वाले उसके दोस्त को हिरासत में लेकर पिस्टल बरामद कर ली है। गोली लगने से घायल राहुल को बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। युवक अपनी प्रेमिका से मिलने गोरखपुर आया था और यहां उसने कहानी गढ़ दी।



राहुल गौतम

एसपी नार्थ जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार देर रात गीडा इलाके में कानपुर के काकादेव के मतईयापुरवा निवासी राहुल गौतम को गोली लगने की सूचना मिली। राहुल तीन दिन पहले गोरखपुर आया था और रेलवे बस स्टेशन के पास एक होटल में रुका था। राहुल ने पुलिस को बताया कि बुधवार को उसने एक दोस्त को मिलने के लिए बुलाया था और उसके साथ रात में रामगढ़ताल घूमने चला गया। इसके बाद स्कूटी पर दोनों देर रात तक घूमते रहे।

राहुल का कहना था कि नौसड़ से आगे एक जगह पर रात में करीब दो बजे वह चाय पी रहा था तभी एक सफेद कार से दो युवक उतरे, उनमें से एक ने गोली चला दी, गोली उसके कंधे में लगी। इसके बाद उसका दोस्त उसे स्कूटी से जिला अस्पताल ले गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। उसने रामगढ़ताल थानाक्षेत्र से डायल 112 पर फोन करके पुलिस को सूचना दी। रामगढ़ताल पुलिस ने गुरुवार की सुबह राहुल का बयान लिया तो पता चला कि घटना गीडा थानाक्षेत्र में हुई है।

### बस्ती चला गया था गोली चलाने वाला दोस्त

*एसपी नार्थ ने बताया कि गीडा पुलिस ने जांच शुरू की पता चला कि एसी मैकेनिक राहुल को किसी बदमाश ने नहीं बल्कि उसके दोस्त ने उसी के कहने पर गोली मारी है। वह प्रेमिका से मिलने गोरखपुर आया था और उस पर लाखों रुपये का कर्ज है। सूदखोरों से बचने के लिए उसने दोस्त के साथ मिलकर साजिश रची। उसे लग रहा था कि गोली लगने की सूचना के बाद सूदखोर कुछ दिन तक परेशान नहीं करेंगे। वारदात के बाद उसका दोस्त अपनी मां के ननिहाल बस्ती चला गया और राहुल अस्पताल गया ताकि मेडिकल कराकर गोली के बारे में सभी को बता सके।*

### काकादेव में दर्ज हैं आपराधिक मामले

*एसपी नार्थ ने बताया कि खुद पर गोली चलवाने वाला राहुल शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ कानपुर के काकादेव थाने में तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसने पुलिस को गुमराह करने के लिए दो थानाक्षेत्रों का इस्तेमाल किया। पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी कि बुधवार रात दोस्त के साथ नौका विहार से गीडा क्षेत्र के कालेसर जीरो प्वाइंट पर चाय पीने गया था। जहां कार सवार बदमाशों ने उस पर फायरिंग कर दी और उसके कंधे में गोली लग गई। वह स्कूटी से भागकर रामगढ़ताल क्षेत्र के नौका विहार पहुंचा। इसके बाद अस्पताल गया। जांच में मामला बेलीपार क्षेत्र का निकला। इसके बाद मामला बेलीपार पुलिस को ट्रांसफर कर दिया गया। पुलिस ने राहुल के दोस्त के बारे में खुलासा नहीं किया है।*

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-08-2025

# मौसी के घर आए युवक की संदिग्ध हालात में मौत

संवाद न्यूज एजेंसी

**गौरीबाजार।** क्षेत्र के मदैना गांव में मौसी के घर आए युवक की 22 अगस्त को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। युवक के परिजनों ने मौसी के घरवालों पर पिटाई कर हत्या करने का आरोप लगाया है। युवक की मां शारदा देवी ने बुधवार को थाने में छह नामजद समेत 10 लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के महाराजगंज निवासी 22 वर्षीय नरेंद्र 22 अगस्त को मौसी के घर मदैना गांव आया था। युवक के परिवार वालों का आरोप है कि उसकी मौसी की पौत्री, उसकी तीन बहनें, भाई, मां और चार अन्य लोगों ने नरेंद्र की बेरहमी से पिटाई की। गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि आरोपी घटना को सड़क दुर्घटना का रूप देने की कोशिश कर रहे थे।

## मौसी के परिजनों पर मारपीट कर मौत के घाट उतारने का आरोप

बताया जाता है कि पिटाई के बाद नरेंद्र को सीएचसी गौरीबाजार ले जाया गया और उसके भाई जितेंद्र को फोन कर बताया गया कि नरेंद्र सड़क हादसे में घायल हो गया है। जब जितेंद्र अस्पताल पहुंचा तो उसने नरेंद्र को एंबुलेंस में पड़ा पाया। वह तत्काल उसे महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज देवरिया ले गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की मां शारदा देवी ने तहरीर में छह नामजद और चार अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। प्रभारी थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

# निवेशकों की आंखों में आंसू, टूट

## लोगों की गाढ़ी कमाई लेकर फरार हुआ चिटफंड कंपनी संचालक, लोग द

**फॉलोअप**

### थाने पर गुहार, कार्रवाई का आश्वासन

सैकड़ों निवेशक बृहस्पतिवार को गौरीबाजार थाने पहुंचे और एसआई राघवेंद्र सिंह को लिखित तहरीर दी। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि संचालक ने न सिर्फ उनकी गाढ़ी कमाई लूटी, बल्कि उनके भविष्य और विश्वास के साथ खिलवाड़ भी किया है। कार्यवाहक थाना प्रभारी अखिलेश कुमार ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। कंपनी संचालक की तलाश में पुलिस टीम गठित की गई है। जल्द ही कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

संवाद न्यूज एजेंसी

**गौरीबाजार।** आस्था लाइफ रियलिटीज लिमिटेड नामक चिटफंड कंपनी ने निवेशकों को ऊंचे मुनाफे का झांसा देकर उनकी गाढ़ी कमाई लूट कर संचालक फरार हो गया है।

बुधवार को दर्जनों निवेशक थाने पहुंचकर फूट-फूटकर रोए और पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई। किसी ने बेटी की शादी के लिए रुपये जमा किए थे तो किसी ने बच्चों की पढ़ाई, इलाज और व्यापार के लिए। अब सबके सपने चकनाचूर हो चुके हैं।

पीड़ित बुजुर्ग महिला पानमती ने थाने पर खड़े होकर कहा कि बेटी की शादी के लिए रुपये जोड़ा था, अब बेटी रो रही है और मैं भी। यह सुनकर मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं। मठियामाफी के मनोज कुमार सोनकर ने सब्जी का कारोबार बढ़ाने के लिए 54 हजार रुपये लगाए, जबकि उभांव के वीरेंद्र मौर्य ने घर बनाने का सपना संजोते हुए 1.80 लाख रुपये कंपनी में जमा किए थे। पथरहट की राधिका देवी ने दो लाख और गहिरा (गोरखपुर) की सुनैना यादव ने 60 हजार रुपये बेटी की शादी और घर खर्च के लिए जमा किए थे।

अनन्या ने पिता के सहयोग से 24 हजार रुपये अपनी शिक्षा के लिए जमा किए थे। उन्होंने कहा कि उनके सपनों की किताब अभी खुल भी नहीं पाई थी कि ठगी की इस घटना ने सब कुछ छीन लिया।

पीड़ितों ने बताया कि कालाबन



चिटफंड कंपनी का संचालक एक करोड़ लेकर भागा, महिलाओं को बनाया शिकार

28 अगस्त को प्रकाशित खबर।

निवासी कंपनी संचालक इंद्रासन यादव ने 14 साल पहले कस्बे में कार्यालय खोला था। बेहतर रिटर्न और छह साल में रकम को दोगुना करने का झांसा देकर लोगों को जोड़ा। शुरुआती दिनों में कुछ निवेशकों को रुपेय भी लौटाए गए। इससे लोगों का कंपनी पर विश्वास

बेटी की शादी के लिए 9 लाख रुपये कंपनी में जमा किए थे। अब न रुपये मिले और न ही बेटी की शादी हो पा रही



-रामसमुझ, लबकनी

सब्जी दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण कर लूंगा, लेकिन एक झटके में सारे सपने चकनाचूर हो गए



-धर्मेंद्र कुमार, शिवन

बढ़ गया। कारोबार बढ़ने पर ने अपना कार्यालय रामपुर च मकान में शिफ्ट किया, मगर भुगतान ठप हो गया।

जब निवेशकों ने दबाव ब संचालक ने कहा कि 25 अ

# दो बाइकों की भिड़ंत में एक छात्र की मौत, दो घायल

## एक ही बाइक से लौट रहे थे तीनों, रुद्रपुर-पिड़रा मार्ग पर हुआ हादसा

संवाद न्यूज एजेंसी



छात्र की मौत के बाद रोते-बिलखते घर वाले। संवाद

रुद्रपुर। एक बाइक पर सवार होकर जा रहे तीन छात्र बृहस्पतिवार की सुबह बाइक सवार युवक से भिड़ गए। हादसे में बाइक चला रहे एक छात्र की मौत हो गई। दो अन्य घायल हो गए। हादसा रुद्रपुर-पिड़रा मार्ग पर काशीपुर गांव के बंधे के पास हुआ। मृतक छात्र उदय अकादमी स्कूल में 10वीं का छात्र था। दो घायलों का उपचार मेडिकल कॉलेज देवरिया में चल रहा है।



साहिल। फाइल फोटो

जानकारी के अनुसार, नगर के आदर्श चौराहे पर स्थित उदय अकादमी में साहिल यादव (16) पुत्र राजेश यादव निवासी सिलहटा, इंद्रजीत यादव (17) पुत्र रामबचन यादव निवासी गोनाह सुरतपुरा और एक अन्य बाइक से स्कूल से घर जा रहे थे। वहीं किशन (18) वर्ष पुत्र मलाई निवासी गौनरिया अपने घर से दवा लेने बाइक से निकला था। दोनों बाइक सवारों ने हेलमेट नहीं लगाया था।

काशीपुर गांव के पास दो बाइकों में आमने-सामने टक्कर हो गई। बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल गए। राहगीरों ने घायलों को अस्पताल भेजवाया। छात्रों के सिर में गंभीर चोट आई। इसमें साहिल यादव के सिर और सीने में गंभीर चोट लगी। साहिल की स्थिति नाजुक देख चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। रास्ते में उसकी मौत हो गई। इंद्रजीत और दूसरे बाइक पर सवार युवक का उपचार मेडिकल कॉलेज देवरिया में चल रहा है।

बताया जा रहा है कि छात्रों के देर से स्कूल पहुंचने पर विद्यालय प्रशासन ने उन्हें घर भेज दिया था। घर लौटते समय छात्र सड़क हादसे का शिकार हो गए। वहीं विद्यालय के प्रबंधक डीएन सिंह ने कहा कि छात्र स्कूल आए ही नहीं थे। छात्रों को स्कूल में बाइक से आने पर पाबंदी लगाई गई है।

### बेटे को अधिकारी बनाने का सपना रह गया अधूरा

रुद्रपुर। सड़क हादसे में छात्र साहिल की मौत की खबर गांव पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया। बेटे को अधिकारी बनाने का सपना टूटने पर बदहवास मां-बाप की हालत देख लोगों की आंखें भर आईं। सिलहटा गांव के राजेश यादव खेती कर परिवार का भरण-पोषण करते है। दो भाइयों में बड़े बेटे साहिल को वह पढ़ा लिखाकर अधिकारी बनाने का सपना सजा रखे थे। मां ममता देवी सुबह बेटे को तैयार कर समय से स्कूल भेज दिया करती थी। बेटे को आने-जाने के लिए पिता ने बाइक खरीद रखी थी। हादसे में बेटे को खोने के बाद पिता अस्पताल में दहाड़े मार कर रोने लगा। गांव में घर पर जुटी महिलाओं के बीच मां ममता की चीत्कार सुन लोगों का कलेजा दहल गया। वह बेटे साहिल का नाम लेकर रोते हुए बार-बार बेहोश हो जा रही थी।

### नाबालिग को बाइक देना पड़ा महंगा

हादसे में बाइक सवार नाबालिग छात्र साहिल की मौत ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। 16 वर्षीय छात्र की मौत पर लोग अभिभावकों द्वारा नाबालिगों के हाथों में बाइक देना ही जिम्मेदार ठहरा रहे थे।

बाइक पर सवार नाबालिग छात्र का हादसे में शिकार होने पर लोगों ने अभिभावकों से बाइक देने पर रोक लगाने की मांग की। उनका कहना है इससे दुर्घटन रुकेगी।

# दुष्कर्म पीड़िता को न्याय दिलाने सड़क पर उतरी भीम आर्मी

## पीड़ित परिवार से मिले भीम आर्मी के नेता, न्याय दिलाने का दिया भरोसा

संवाद न्यूज एजेंसी

**सलेमपुर।** भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष राहुल गौतम के नेतृत्व में पार्टी के नेताओं ने बृहस्पतिवार को दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से मुलाकात की। उसके बाद कोतवाली पहुंचकर कोतवाल से आरोपियों को सजा दिलाने की मांग की। वहीं सीओ दीपक शुक्ला ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण होने के बाद बयान दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक, कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की युवती सोमवार की देर शाम घर से अकेली मौसी के घर जा रही थी। आरोप है कि उसके जानने वाले दो युवकों ने लिफ्ट देकर उसे बाइक पर बैठा लिया।

युवती को विश्वास में लेकर चौराहे पर स्थित एक खाली मकान में लेकर चले गए। उस समय आवास पर कोई नहीं था। इसके बाद दोनों ने साथ जबरिया बारी-बारी से दुष्कर्म किया। जब उसने विरोध किया तो जान से मारने कि धमकी देने लगे।

मंगलवार की सुबह जब वह निराश बैठी थी तो उसकी मां को संदेह हुआ। मां ने उससे पूछा तो आपबीती बताते हुए फफक कर रोने लगी। इसके बाद मां ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस युवती को मौके पर बुलाया और पूछताछ की। पीड़िता के तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों पर यौन शोषण, एससी/एसटी और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी।

इसकी खबर मिलते ही भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष राहुल गौतम के नेतृत्व में दर्जनों नेताओं ने बृहस्पतिवार को पीड़ित परिवार के घर पहुंचे, जहां परिवार के लोगों से बात कर घटना के बारे में जानकारी ली। उसके बाद पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के का आश्वासन दिया।



कोतवाली में इकट्ठा हुए भीम आर्मी के कार्यकर्ता। संवाद



दुष्कर्म पीड़िता का पुलिस ने कराया मेडिकल परीक्षण

28 अगस्त को प्रकाशित खबर।

पीड़िता का मेडिकल करने के बाद उसका बयान लिया गया है। दोनों आरोपी पुलिस हिरासत में हैं। शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। **–दीपक शुक्ला** सीओ सलेमपुर

# पैथोलाजी के सामने भिड़ीं महिलाएं

## मेडिकल कालेज में रोगियों की भीड़ को नियंत्रित करने में सुरक्षाकर्मियों को हो रही दिक्क

जासं, देवरिया: महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज की पैथोलाजी में दो महिलाएं गुरुवार को आपस में भिड़ गईं। दोनों पक्ष से कुछ और महिलाएं भी धक्कामुक्की करने लगी, जिससे अफरातफरी मच गई। यहां एक भी सुरक्षाकर्मी नहीं थे। मामला बिगड़ता देख काम छोड़कर स्वास्थ्यकर्मी बाहर आए और होमगार्ड को बुलवाकर दोनों पक्षों को शांत कराए। यहां 30 मिनट तक माहौल गरम रहा। महिलाएं बार-बार लाइन तोड़कर खिड़की के पास पहुंच जा रही थी, जिसे लेकर हंगामा होता रहा।

प्रतिदिन मौसमी बुखार के रोगी मेडिसिन विभाग में बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। मेडिसिन विभाग व हड्डी रोग विभाग में रोगियों की सबसे अधिक भीड़ रही। 2200 से अधिक रोगी उपचार के लिए पहुंचे। हड्डी रोग विभाग व दवा काउंटर पर रोगियों को परेशानी उठानी पड़ी।



मेडिकल कालेज की पैथोलाजी के सामने महिलाओं के बीच विवाद को शांत कराते स्वास्थ्यकर्मी व होमगार्ड● जागरण

**धूप में खड़ा होकर गर्भवती महिलाओं ने लगाई लाइन :** पैथोलाजी के सामने गर्भवती महिलाएं धूप में खड़ी होकर बिलिंग के लिए लाइन लगाई। उनकी पीड़ा को देखने व समझने वाला कोई नहीं हैं। यहां प्रतिदिन गर्भवती महिलाओं समेत अन्य महिलाएं पैथोलाजी के सामने धूप में तीन से चार घंटे खड़ी रह रही है तब जांच के लिए ब्लड निकालने के लिए नंबर आ रहा है।

**नवजात शिशु एवं बाल रोग विभाग में रोगियों की भीड़ :** मेडिकल कालेज के नवजात शिशु एवं बाल रोग विभाग रोगियों की भीड़ के कारण ओपी दोपहर में 3:30 बजे तक चली। पु भवन के कक्ष संख्या छह में सीएमए व नवजात शिशु एवं बाल विशेषज्ञ डा. एचके मिश्र ने बीम बच्चों व अन्य रोगियों का भी उप किया। गर्मी में रोगी यहां उपचार लिए परेशान रहे।

> मेडिकल कालेज में रोगियों की भीड़ को देखते हुए सभी डाक्टरों को बेहतर चिकित्सा देने के निर्देश प्रधानाचार्य ने दिए हैं। उसका अनुपालन कराया जा रहा है। रोगियों की भीड़ बढ़ से थोड़ी अव्यवस्था रही, बावजूद इसके मेडिकल कालेज आए रोगियों का उपच किया गया।
>
> डा. एचके मिश्र, सीएमएस

# पुलिस व अभियोजन की कार्यप्रणाली से न्यायाध

- उच्च न्यायालय की ओर से जारी निर्देशों का अनुपालन न किए जाने से रोष
- न्यायिक अधिकारियों का कड़ा रुख देख पुलिस व अभियोजकों के छूटे पसीने

विधि संवाददाता, देवरिया : पुलिस व अभियोजन की कार्यप्रणाली से अदालतें असंतुष्ट हैं। उच्च न्यायालय द्वारा जारी निर्देशों का अनुपालन न किए जाने तथा एक्शन प्लान की पत्रावली में भी पुलिस व अभियोजन की सुस्ती देख गुरुवार को न्यायिक अधिकारियों ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया।

जनपद न्यायाधीश राममिलन सिंह नें प्रभारी निरीक्षक कोतवाली व क्षेत्राधिकारी सदर को मध्यावकाश के बाद न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करने का आदेश दिया। वहीं प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बद्री विशाल पांडेय की अदालत में प्रभारी निरीक्षक भाटपाररानी को न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करने का आदेश दिया है कि क्यों और किन परिस्थितियों में उन्होंने न्यायालय के आदेश का अनुपालन नहीं किया।

जनपद के दोनों वरिष्ठ न्यायिक अधिकारियों का कड़ा रुख देखकर पुलिस व अभियोजकों को पसीने छूटने लगे। कोतवाली थाना क्षेत्र के गरुड़ पार में छह अप्रैल 2000 को 12:30 बजे दिन में पुलिस को सूचना मिली कि तीन आरोपित बम बनाने के समान के साथ अवैध हथियार भी रखे हुए हैं। पुलिस ने छापा मारा तो तीनों के पास से रिवाल्वर व बारूद के साथ बम बनाने वाला उपकरण बरामद हुआ। तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक की सूचना पर 4/5 बम विस्फोट पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज हुआ। तत्कालीन सत्र न्यायाधीश ने 26 अक्टूबर 2009 को अभियुक्तों के ऊपर आरोप निर्मित करते हुए अभियोजन को साक्ष्य प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। 17 जुलाई 2025 को अदालत ने यह आदेश पारित किया था की पत्रावली एक्शन प्लान की है उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार प्राचीनतम पत्रावलियों में होने के कारण शीघ्र निस्तारण आवश्यक है। ऐसे में साक्षियों को अभियोजक नियत तिथि पर अवश्य प्रस्तुत करें ।लेकिन अदालत के आदेश के बाद भी पुलिस व अभियोजक ने गवाहों को अदालत में उपस्थित नहीं कराया ।

जनपद न्यायाधीश ने 21 अगस्त 20 को पुलिस कर्मियों पर 500 रुपये जुर्माना भी लगाया लेकिन पु कर्मियों के कान पर जूं नहीं रेंग गुरुवार को पत्रावली जब जन न्यायाधीश के समक्ष 12:30 अपराह्न पेश हुई तक तक न तो साक्षी उपस्थित था और न ही संबं थाने के पैरोकार। ऐसी स्थिति अदालत ने एसएचओ कोतवाली क्षेत्राधिकार सदर को लंच अदालत में उपस्थित होकर क स्पष्ट करने का आदेश दिया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायाल

# तस्करी रोकने के दावे की पोल खोल रही पशुओं की बरामदगी

सौरभ कुमार मिश्र • जागरण

देवरिया: जिले में पशु तस्करी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। रात के अंधेरे में पशु लदे पिकअप और मैजिक वाहन बिहार सीमा में धड़ल्ले से प्रवेश कर रहे हैं। 31 जुलाई को वरियारपुर में एक पशु लदे वाहन की ठोकर से ई-रिक्शा चालक 55 वर्षीय रामज्ञानी प्रजापति की मृत्यु हो गई थी, जबकि दो लोग घायल हुए थे। लार, भाटपाररानी और बरियारपुर में लगातार पशु लदे वाहन पकड़े जा रहे हैं। इन घटनाओं से पुलिस की सक्रियता पर सवाल उठ रहे हैं और स्थानीय लोगों में गुस्सा बढ़ रहा है।

जिले में पशु तस्करों का एक बड़ा नेटवर्क सक्रिय है। ये तस्कर पशुओं को जिले और अन्य जनपदों से खरीदकर लाकर रात में वरियारपुर, मेहरौना, रामपुर बुजुर्ग, प्रतापपुर के रास्ते बिहार की सीमा में प्रवेश करा रहे हैं और और फिर इन्हें पश्चिम बंगाल तक पहुंचाया जा रहा है। पुलिस इस नेटवर्क को तोड़ने में नाकाम है। पुलिस का दावा है कि बिहार सीमा पर पुलिस सक्रिय है और लगातार पशु तस्करों को पकड़ रही है, लेकिन सवाल यह उठता है कि जब पुलिस जानती थी कि तस्करी हो रही है तो पहले कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

> पशु तस्करी रोकने को लेकर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। बिहार सीमा के सभी थानों को अलर्ट किया गया है। पशु तस्करों के पकड़े जाने पर उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जा रही है।
>
> सुनील कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी

हाल में बरामद किए गए पशु : 11 अगस्त को बरियारपुर थाना क्षेत्र के अहिल्वार बुजुर्ग गांव के पास एक पिकअप से पांच गोवंश बरामद किए गए। तस्कर वाहन छोड़कर फरार हो गए। पशुओं को सुकरौली गोशाला भेजा गया और तस्करों के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। 19 अगस्त को बरियारपुर क्षेत्र के बाराडीह पुलिया के पास से पुलिस ने पिकअप गाड़ी से बिहार लेकर जा रहे सात गोवंशीय सहित दो तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। सात अगस्त को लार थाना क्षेत्र के रामजानकी मार्ग पर सुतावर गांव के समीप पुलिस का वाहन देख पशु तस्कर वाहन छोड़ कर फरार हो गए। पिकअप पर छह गोवंश लदे थे। पुलिस वाहन को थाना ले आई।

# मारपीट में युवक की हालत गंभीर, चार लोगों पर केस

जासं, गौरीबाजार: बौरडीह तिवारी गांव में मंगलवार की रात के विवाद को लेकर दो पक्षों ने बुधवार को फिर आपस में मारपीट की। घटना में एक युवक अमन पाल गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में पुलिस ने घायल युवक के पिता राकेश पाल की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध गुरुवार की शाम मुकदमा दर्ज किया।

तहरीर में कहा गया है कि रंजिश को लेकर बुधवार की सुबह लाठी डंडे से मेरे बेटे अमन को अवधेश पाल, लल्लन पाल, लीलावती समेत चार लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। उसके सिर और गर्दन में गंभीर चोट आयी है। उसे सीएचसी गौरीबाजार ले जाने पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज देवरिया भेज दिया। स्थिति में सुधार न होने पर निजी अस्पताल ले गए।

**दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा :** सलेमपुर: मझौली राज के वार्ड नंबर 10 में विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई, जिसमें वार्ड के अनिरुद्ध साहनी घायल हो गए। पत्नी सविता देवी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मैनेजर साहनी व विजय साहनी पर मुकदमा दर्ज किया है।

# पुलिस लाइन में शिशु गृह का हुआ लोकार्पण

- भव्य समारोह के बीच गोरखपुर जोन की वामा सारथी की अध्यक्ष ने किया लोकार्पण
- पुलिस कर्मियों के बच्चों को सुरक्षित, सुसज्जित एवं बेहतर वातावरण होगा उपलब्ध

जागरण संवाददाता, देवरिया: पुलिस लाइन परिसर में गुरुवार को शिशु गृह/क्रेच का लोकार्पण गोरखपुर जोन की वामा सारथी की अध्यक्ष शोभा जैन ने भव्य समारोह के बीच किया। इसकी स्थापना से पुलिस विभाग में कार्यरत महिला पुलिसकर्मियों एवं अन्य कर्मचारियों को अपने नन्हे शिशुओं की देखभाल के लिए एक सुरक्षित, सुसज्जित एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा।

इस दौरान मुख्य अतिथि ने शिशु गृह, क्रेच में उपलब्ध कराई गई विभिन्न सुविधाओं में बच्चों के लिए खेल सामग्री, पठन सामग्री, आरामदायक बैठने व विश्राम की व्यवस्था तथा पौष्टिक आहार की व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बच्चों की सुरक्षा एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि यह पहल वास्तव में नन्हे कदमों के उज्ज्वल भविष्य की ओर एक सशक्त कदम साबित हो। अंत में उन्होंने पुलिसकर्मियों को बधाई दी और कहा कि इस प्रकार की सकारात्मक पहल से पुलिस परिवार के सदस्यों में और अधिक आत्मविश्वास एवं सशक्तिकरण का वातावरण तैयार होगा। इस अवसर पर वामा सारथी गोरखपुर परिक्षेत्र की अध्यक्ष मुक्ता च. [illegible], वामा सारथी देवरिया की अध्यक्ष मेघना गुप्ता, क्षेत्राधिकारी शिनी सिंह सहित पुलिसकर्मियों की पत्नियां एवं महिला कर्मी मौजूद रहीं।



पुलिस लाइन परिसर में शिशु गृह/क्रेच का लोकार्पण करती गोरखपुर जोन की वामा सारथी की अध्यक्ष शोभा जैन बाएं से दूसरे स्थान पर, देवरिया की वामा सारथी अध्यक्ष मेघना गुप्ता बाएं= सौ. पुलिस मीडिया सेल

# जल प्लावित क्षेत्र में बना है मजार नहीं स्वीकृत हुआ मानचित्र



शहर के गोरखपुर रोड स्थित रेलवे ओवरब्रिज से सटे बना मजार • जागरण

जासं, देवरिया: शहर के गोरखपुर रोड स्थित रेलवे ओवरब्रिज के समीप बने मजार के ध्वस्तीकरण की मांग तेज हो गई है। राम नगीना यादव सेवाश्रम शिवधाम की ओर से कार्रवाई की मांग किए जाने पर सदर विधायक डा.शलभ मणि त्रिपाठी ने अवैध रूप से बने मजार को ध्वस्त किए जाने के लिए एसडीएम नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र को गुरुवार को पत्र लिखा है। वक्फ मजार अब्दुल गनी शाह बाबा व कब्रिस्तान की देखरेख करने वाली प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष मो. जलालुद्दीन खां का कहना है कि उन्होंने मानचित्र स्वीकृत कराने के लिए 2022 में आवेदन किया था। फीस भी जमा की गई थी, लेकिन जल प्लावित क्षेत्र होने के कारण मानचित्र स्वीकृत नहीं किया गया।

सदर विधायक ने सीएम योगी आदित्यनाथ से मजार व कब्रिस्तान के गोरखपुर रोड स्थित रेलवे ओवरब्रिज के नीचे बनाए जाने पर सवाल उठाते हुए जांच की मांग की थी। मामले की जांच अभी चल रही है। गुरुवार को राम नगीना सेवाश्रम के अनिल भूषण प्रसाद उर्फ पंकज सिन्हा, भागवत यादव, डा.कृपा नारायण सिंह ने सदर विधायक को पत्र लिखकर कहा है कि

> मजार से संबंधित पत्रावली की तलाश की जा रही है। मजार का मानचित्र स्वीकृत है या नहीं यह तभी पता चल सकेगा। उसके बाद ही कुछ कहना संभव होगा।
>
> **श्रुति शर्मा**, एसडीएम, नियत प्राधिकारी नियत प्राधिकारी

मजार बंजर व लोक निर्माण विभाग की भूमि पर बना है, जो बिना मानचित्र के है। विधायक ने उनके पत्र को संज्ञान लेकर एसडीएम को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि विभिन्न संगठनों ने ध्यान आकृष्ट कराया है कि नगर क्षेत्र में बना मजार अवैध है व बिना मानचित्र स्वीकृत कराए कराया गया है। यह अवैध मजार सरकारी भूमि पर बना है। नगर की सुरक्षा को देखते हुए मजार संवेदनशील है। उन्होंने पूछा है कि बिना नक्शा पास कराए अवैध मजार का निर्माण कैसे हो गया, यदि मानचित्र स्वीकृत नहीं है तो अभी तक इस अवैध मजार के विरुद्ध क्या कार्रवाई हुई। उन्होंने तथ्यों की जांच कर अवगत कराने व बिना मानचित्र स्वीकृति के बने मजार के ध्वस्तीकरण के लिए निर्देश देने को कहा है।

# मंदिर के भूमि विवाद को सुलझाने की बनी रणनीति, पैमाइश की तैयारी

## एसडीएम ने जब्त की है राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम की भूमि

जागरण संवाददाता, देवरिया: राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम व मनोकामना पूर्ण मंदिर के उत्तराधिकारी राजेश नारायण दास के बीच भूमि विवाद के प्रकरण को सुलझाने की प्रशासन ने रणनीति बनाई है। जल्द ही भूमि की पैमाइश कर विवाद का पटाक्षेप करने की तैयारी है। फिलहाल सभी की निगाहें पिछले एक सप्ताह से इस पर लगी हुई हैं। जब्तीकरण के कारण राज्य मंत्री की चहारदीवारी का निर्माण कार्य रुका हुआ है।

शहर के मनोकामना हनुमान मंदिर के समीप राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम की भूमि है। वह बैनामा कराए गए भूमि की चहारदीवारी निर्माण करा रही थीं। पूरब तरफ भीटा की भूमि

**दोनों पक्षों ने सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्रक देकर एक दूसरे पर लगाया है आरोप, रुका है निर्माण कार्य**

की ओर से गेट खोलने के विरोध में मनोकामना पूर्ण हनुमान मंदिर के उत्तराधिकारी राजेश नारायण दास 19 अगस्त को सीसी रोड पर धरने पर बैठ गए थे। उनका आरोप था कि राज्य मंत्री ने मंदिर की भूमि पर कब्जा किया है। उसे मुक्त कराया जाए। दोनों पक्षों में विवाद गहराता देखकर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 164 के तहत राज्यमंत्री की भूमि को जब्त कर लिया है। जिसके विरोध में राज्यमंत्री के समर्थकों ने हंगामा किया था। इस प्रकरण में मंदिर के महंत परमात्मा दास की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चिट्ठी भी भेजी गई थी। जिसके बाद 20 अगस्त को राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने भी सीएम से लखनऊ में मुलाकात की थी व दावा किया कि जिस आराजी नंबर 2905 व 2906 को उत्तराधिकारी अपनी भूमि बता रहे हैं, वह भूमि भी उनके (राज्यमंत्री के) पूर्वजों के नाम से पुराने दस्तावेजों में आज भी अंकित है। जिस पर विधिक कार्यवाही चल रही है। आरोप है कि वर्तमान में खतौनियों में फ्राड कर नाम दर्ज करा लिया है।

# देवरिया में आपत्तिजनक फोटो वायरल होने से आहत युवती ने फांसी लगाई

**सनसनी**

- सलेमपुर उपनगर के एक मोहल्ले की रहने वाली थी युवती
- मोहल्ले में ही रहने वाले एक युवक से थी युवती की नजदीकी

**सलेमपुर (देवरिया), हिसं।** सलेमपुर की एक युवती ने आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद आत्मघाती कदम उठा लिया। युवती ने गुरुवार को कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सलेमपुर उपनगर निवासिनी युवती का मोहल्ले में ही किराए के मकान में रहने वाले एक युवक से प्रेम सम्बंध था। युवती का युवक ने कुछ दिनों पहले एक अश्लील फोटो खींचा था। बताया जा रहा है कि एक सप्ताह पहले फोटो किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने से युवती आहत थी। गुरुवार की सुबह उसने अपने कमरे का दरवाजा बंद कर लिया और गले में फंदा लगाकर छत की कुंडी से लटक गई।

परिजनों को जानकारी हुई तो उन्होंने दरवाजा खोलकर युवती को तत्काल नीचे उतारा और उसे लेकर सीएचसी पहुंच गए। चिकित्सक ने युवती को देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस सनसनीखेज मामले की जांच शुरू कर दी है। इस सम्बंध में सीओ सलेमपुर दीपक शुक्ल ने कहा कि एक युवती ने आत्महत्या की है। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-08-2025

## डीआईजी ने जिले के अधिकारियों व थानेदारों की बैठक में कानून व्यवस्

# साइबर अपराध रोकने प

**कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता।** डीआईजी एस चिनप्प ने कहा कि साइबर अपराधों से संबंधित डाटा के विश्लेषण और अपराधियों की ट्रैकिंग के लिए प्रतिबिंब पोर्टल के उपयोग को और सुदृढ़ करने पर सभी का जोर रहना चाहिए। साइबर सेल व साइबर थाना प्रभारी अपनी टीम के मदद से जनपद के सभी थानों के साइबर हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिस कर्मियों को साइबर अपराध के संबंध में प्रशिक्षित करें। ताकि वे नवीनतम साइबर खतरों की पहचान और रोकथाम में सक्षम हो सकें।

प्रशिक्षण में डिजिटल फोरेंसिक, ऑनलाइन धोखाधड़ी और डेटा सुरक्षा जैसे विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे पुलिस कर्मी जनता को त्वरित और प्रभावी सहायता प्रदान कर सकें। डीआईजी गोरखपुर श्री चिनप्पा गुरुवार की देर शाम को पुलिस कार्यालय में एसपी संतोष मिश्र की उपस्थिति में जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी, थानेदारों एवं शाखा प्रभारियों के साथ कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने डोल मेला एवं आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण एवं संप्रदायिक सद्भाव के वातावरण में मनाये जाने को शांति समितियों, संभ्रांत नागरिकों, डिजिटल वॉलिंटियर्स, शांति समितियों, नागरिक सुरक्षा संगठन के सदस्यों का सक्रिय सहयोग प्राप्त करने के निर्देश दिए। अपराधों के शीघ्र अनावरण हेतु कार्य योजना बनाकर आवश्यक कार्रवाई किए जाने और वांछित अभियुक्तों की शत प्रतिशत गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए। जनपद व थाना स्तर पर टॉप-10 अपराधियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने, जमानत पर बाहर आए अपराधियों की लगातार निगरानी करने, बीट प्रभारी व बीट आरक्षी को नियमित रुप से अपने बीट में जाने तथा महिलाओं की सुरक्षा व सहायता पर विशेष ध्यान देने, सोशल मीडिया पर भ्रामक व गलत सूचना को प्रसारित करने वाले के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने को निर्देशित किया।



**समीक्षा बैठक के बाद गुरुवार की देर शाम डीआईजी ने ट्रेनिंग सेंटर के निरीक्षण के दौरान रिक्रूटों से वार्ता कर जाना हाल।** ● हिन्दुस्तान

## आर

डीआ
पुलि
निरी
वार्ता
उत्सा
समस
हेतु र
भी वि
पुलि
आरा
किया
अभि
सुधा
संबधि
किया
कर उ
उनके
निरा
अधि

नेबुआ नौरंगिया की युवती को बेचने के मामले में धोखेबाज प्रेमी व खरीदने वाल

# प्रेम जाल में फंसा बिजनौर में गई युवती बरामद, दो गिरफ्त

**कार्रवाई**

- पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवती को कराया मुक्त
- बिहार का मूल निवासी बिचौलिया फरार, तलाश में पुलिस दे रही दबिश

**नेबुआ नौरंगिया, हिन्दुस्तान संवाद।** थाना क्षेत्र की युवती को प्रेमजाल में फांस कर बिचौलिए के माध्यम से बिजनौर में बेच देने का मामला प्रकाश में आया है। नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। तीसरे आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है। बिजनौर में बेची गयी युवती ने खुद अपने भाई का मोबाइल नंबर उसकी इंटाग्राम आईडी सर्च कर हासिल किया और मदद की गुहार लगाई। भाई के जरिए प्रकरण पुलिस तक पहुंचा और तब पुलिस ने तेजी से कार्रवाई की।

नेबुआ नौरंगिया पुलिस के अनुसार मामला अपहरण, मानव तस्करी और जबरन शादी कर दुष्कर्म से जुड़ा हुआ है। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती को खड्डा थाना क्षेत्र के युवक ने प्रेम जाल में फंसाया। फिर एक बिचौलिये के माध्यम से उसे बिजनौर के रहने वाले युवक के हाथों बेच दिया। बिजनौर का युवक उसके साथ जबरन शादी कर दुष्कर्म करता रहा। पुलिस ने युवती को बेचने व खरीदने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बिचौलिये की तलाश में दबिश दे रही है। पुलिस के अनुसार खड्डा थाना क्षेत्र के नरायणपुर गांव निवासी वीरेन्द्र चौहान पुत्र रामनरेश चौहान ने नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती को कुछ महीने पहले प्रेमजाल में फंसा लिया। बाद में कुछ दिन पहले साजिश के तहत वीरेन्द्र ने युवती को गोरखपुर बुलाया और राजेश नामक बिचौलिये के माध्यम से 70 हजार रुपये में रवि पुत्र सुरेश चन्द्र निवासी कांशीराम आवास कॉलोनी थाना बिजनौर सिटी, जनपद बिजनौर के हाथों बेच दिया। बिजनौर ले जाने के बाद रवि ने पीड़िता से जबरन शादी की और दुष्कर्म करता रहा। विरोध करने पर पीड़िता के साथ मारपीट करता था। युवती परेशान थी। उसने किसी तरह रक्षा बंधन के दिन अपने भाई की इंस्टा आईडी सर्च की। काफी प्रयास कर उससे भाई का नंबर हासिल किया और पूरी जानकारी देकर मदद की गुहार लगायी। भाई थाने पहुंचा और पुलिस को पूरी जानकारी दी।



पकड़े गए अपहरण, मानव तस्करी व जबरन शादी कर दुष्कर्म के आरोपियों के साथ पुलिस टीम। • हिन्दुस्तान

## पुलिस की जांच में खुलती गई अपराध की कड़ियां

तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी। जांच आगे बढ़ी तो कड़ियां खुलती गईं। इसी क्रम में उसके धोखेबाज प्रेमी का पता चला। वह पकड़ा गया तो उससे खरीदने वाले का पता चला। युवती को मुक्त कराने के बाद गुरुवार को नेबुआ नौरंगिया थाने की पुलिस ने युवती को प्रेमजाल में फंसा कर बेचने वाले वीरेन्द्र एवं 70 हजार रुपये में उसे खरीदने वाले बिजनौर निवासी रवि को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के बाद पहले से दर्ज मुकदमे में मानव तस्करी, जबरन शादी कर दुष्कर्म आदि की धाराओं की बढ़ोत्तरी की।

## 70 हजार

युवती को 70 ह
बात सामने आई
आरोपियों के खि
कार्रवाई में जुटी
तक बिचौलिया
पुलिस ने पता क
के नरकटियागंज
नाम राजेश है अ
गोरखपुर में नक
है। दोनों ठिकान
थी मगर वह परि
था। पुलिस ने उ
कुछ कागजात ह
आधार पर उसक
जांच के दौरान
संबंधित कुछ इल
वीडियो साक्ष्य उ
नौरंगिया के था
कि आरोपियों के
विधिक कार्रवाई
अभियुक्त की गि
दी जा रही है।

" नेबुअ
माम
ही फौरी कार
बरामद कर लि
अभियुक्तों क
है। तीसरे आ
जा रही है। ज
गिरफ्तार कर
-निवेश कटिय

# जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में जांच के लिए बनेगी कमेटी

**फॉलोअप**

- कसया की एक गर्भवती महिला और उसके गर्भ में पल रहे बच्चे की हुई थी मौत

**पडरौना, निज संवाददाता।** संयुक्त जिला चिकित्सालय से संबद्ध स्वशासी राज्य मेडिकल कॉलेज के एमसीएच विंग में बुधवार को हुई गर्भवती महिला तथा उसके गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत की जांच के लिए कमेटी गठित होगी। इसमें गायनी के डॉक्टर शामिल होंगे।

कसया नगर के वार्ड नंबर-8 पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर की रहने वाली शबनम पत्नी अरमान गर्भवती थी। बुधवार की सुबह उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन पहले उसे कसया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, लेकिन वहां डॉक्टर मौजूद नहीं थे। बताया गया कि उसे किसी निजी अस्पताल ले जाया गया था, जहां उसका सामान्य प्रसव कराने का प्रयास किया गया, जिससे उसकी हालत ज्यादा बिगड़ गई। उसके बाद उसे जनपद मुख्यालय स्थित मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। परिजन शबनम को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे और भर्ती कराए। यहां अस्पताल में जांच के दौरान डॉक्टरों ने बताया कि महिला के शरीर में खून की भारी कमी है। हैरानी की बात यह रही कि की व्यवस्था करने को कहा। परिजन खून लाने में जुट गए, लेकिन जब तक वे लौटे, शबनम की मौत हो गई। इसी बीच शव को स्ट्रेचर पर छोड़ परिजन एम्बुलेंस की तलाश में बाहर निकल गए। शव गेट पर पड़ा देख अस्पताल परिसर में लोगों की भीड़ जुट गई। कई लोग इस घटना को डॉक्टरों की लापरवाही बताते हुए वीडियो बनाने लगे और सोशल मीडिया पर साझा करने लगे। पति जीविकोपार्जन के लिए विदेश में है और सास-ससुर ने भी समय रहते जरूरी जांच नहीं कराई। इस मामले में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरके शाही ने सीएमएस को मामले की जांच के निर्देश दिए। उन्होंने गुरुवार को बताया कि घटना की जांच के लिए सीएमएस को निर्देश दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि महिला मेडिकल कॉलेज में ही गंभीर हालत में लायी गई थी।

वहीं सीएमएस डॉ. दिलीप कुमार ने बताया कि यहां लाने से पहले किसी अस्पताल में उसका सामान्य प्रसव कराने का प्रयास किया गया था, जिससे उसकी बच्चेदानी फट जाने से खून का रिसाव



ग्रामीणों से वार्ता करतीं तमकुही राज एसडीएम आकांक्षा मिश्रा। • हिन्दुस्तान

# एसडीएम के पहुंचते ही खाली होने लगा अवैध अतिक्रमण

**तुर्कपट्टी, हिन्दुस्तान संवाद।** तमकुही तहसील के महुअवा बुजुर्ग गांव में सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण हटाने के हाईकोर्ट के आदेश पर गुरुवार को एसडीएम आकांक्षा मिश्र ने मौके का निरीक्षण किया। ग्रामीणों से वार्ता कर उन्होंने अतिक्रमण करने वालों से कहा कि स्वतः अपना अतिक्रमण हटा दें। वरना शुक्रवार से तहसील प्रशासन बलपूर्वक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगा। इसका तत्काल असर भी दिखा और कुछ ग्रामीणों अतिक्रमण की गई जमीन को खाली करना शुरू कर दिया। इस बीच कुछ ग्रामीणों ने शिकायतकर्ता व उसके परिजनों पर भी सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण का आरोप लगाया। डीएम से शिकायत की, जिस पर डीएम ने तहसील प्रशासन को पैमाइश कर अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए हैं। शुक्रवार को प्रशासन इस मामले में भी एक्शन लेगा।

**■ महुअवा बुजुर्ग में सार्वजनिक भूमि पर 74 लोगों पर अतिक्रमण का था आरोप**

## शिकायतकर्ता पर भी लगा अतिक्रमण का आरोप

74 ग्रामीणों पर सार्वजनिक भूमि कब्जा करने का आरोप लगाने वाले अहमद अंसारी को भी इस गांव के ही निवासी शैलेन्द्र शाही ने कटघरे में खड़ा कर दिया। गुरुवार को ही उन्होंने ग्रामीणों के साथ जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि गांव की सार्वनिक भूमि की दो गाटा संख्याओं पर शिकायतकर्ता व उनके परिजनों ने कब्जा कर रखा है। यह जमीन नवीन परती एवं सार्वजनिक रास्ता की है। इनके चलते सैकड़ों ग्रामीणों का रास्ता अवरुद्ध है। जिलाधिकारी ने मामले का संज्ञान लेते हुए तहसील प्रशासन को कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। तहसील प्रशासन इस जमीन की भी

# 10 पेटी देसी शराब के साथ पकड़ा गया तस्कर




तरयासुजान थाने में बरामद शराब व तस्कर के साथ पुलिस● सौ. पुलिस मीडिया सेल

जागरण संवाददाता,पडरौनाः वाहनों की जांच के दौरान पुलिस ने कार से 10 पेटी देसी शराब बरामद किया है। इस दौरान तस्कर भी पकड़ा गया। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है।

तरयासुजान थाने की पुलिस क्षेत्र के सिसवानाहर मार्ग पर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी बीच एक संदिग्ध कार आती दिखी तो रोक कर पुलिस ने जांच की, उसमें से 10 पेटी में कुल 450 पाउच देसी शराब बरामद हुई। पकड़ा गया तस्कर देवरिया के महुवाडीह के सहोदर का रंजीत पाल है। थानाध्यक्ष धनवीर सिंह ने बताया कि तस्कर शराब लेकर बिहार के गोपालगंज जा रहा था।

# गोरक्षा के नाम पर ट्रकों की जांच करने वाले चार युवकों का चालान

जासं, सलेमगढ़ : तरयासुजान के सलेमगढ़ टोल प्लाजा के निकट बुधवार की देर रात ट्रक चालक ने बाइक सवार चार युवकों पर गोरक्षा दल कार्यकर्ता बनकर ट्रक जांच के नाम पर परेशान करने का आरोप लगाया। पुलिस ने गुरुवार को चारों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की।

बिजली के उपकरण से लदा ट्रक उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से बिहार के दरभंगा जा रहा था। टोल प्लाजा सलेमगढ़ पार कर जैसे ही सौ मीटर आगे ट्रक निकला तभी दो बाइक पर सवार चार युवकों ने ओवरटेक कर रोक लिया। अपने को गोरक्षा दल का कार्यकर्ता बताकर दरभंगा निवासी ट्रक चालक सोनू कुमार से कहा कि वाहन पर प्रतिबंधित पशु लदे हैं, ट्रक की जांच की जाएगी। चालक के बार-बार सफाई देने पर भी युवक नहीं मान रहे थे। संयोगवश उसी समय चौकी प्रभारी बहादुरपुर अनुराग शर्मा के साथ दीवान नित्यानंद, सिपाही संदीप गोंड, इंद्रसेन गश्त पर निकल रहे थे। ट्रक चालक ने आवाज देकर रोका तो बाइक छोड़ चारो युवक भागने लगे। जिन्हें पुलिस टीम ने पकड़ लिया। पकड़े गए युवक तरयासुजान थाने के बहादुरपुर के विक्की कुमार, बबलू, राहुल व सुरेश प्रसाद हैं। चौकी प्रभारी ने बताया कि चारों युवकों को हिदायत देकर शांतिभंग में चालान कर दिया गया।

# कड़ी सुरक्षा के बीच डोल मेला का आयोजन

## दो दिवसीय मेले में देर रात तक रही भीड़, 16 अखाड़ों की झांकियां रहीं आकर्षण का कें



तमकुहीराज में डोल मेला में उमड़ी भीड़ • जागरण

जागरण संवाददाता, तमकुहीराज : उपनगर का ऐतिहासिक दो दिवसीय डोल मेला बुधवार देर रात पुलिस की चौकसी के बीच शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। भगवान श्रीकृष्ण के विविध रूपों की 16 अखाड़ों द्वारा निकाली गई झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। कस्बा और आसपास के गांवों से उमड़ी भीड़ ने आयोजन को भव्यता दी।

रात 11 बजे के बाद झांकियों की परिक्रमा शुरू हुई। आगे भगवान की झांकी, पीछे जयकारा लगाते श्रद्धालु और दूर-दूर तक महिलाएं व बच्चे उल्लासित नजर आए। सुरक्षा को लेकर नगर के हर मार्ग पर पुलिस टीम मुस्तैद रही। ओवरब्रिज चौक, समउर रोड और तरयासुजान रोड पर भारी भीड़ ने झांकियों का आनंद उठाया। अखाड़ा कलाकारों ने हैरतअंगेज करतबों से दर्शकों को रोमांचित किया। डंडा भांजना, शीशे पर लेटना, भाले पर सोना और आग से खेलना जैसी प्रस्तुतियों पर तालियों की गड़गड़ाहट गूंजी। प्रतियोगिता में अखाड़ा संख्या चार प्रथम, 14 द्वितीय और एक तीसरे स्थान पर रहा। नगर में सजी मिठाई और खिलौनों की दुकानों पर खरीदारी भी जमकर हुई। एसडीएम आकांक्षा मिश्रा और सीओ आरके सिंह सुरक्षा व्यवस्था की मानिटरिंग करते रहे। एसएचओ सुशील कुमार शुक्ल पुलिस टीम के साथ चौकसी बरतते रहे। इस दौरान महिला पुलिस और एक प्लाटून पीएसी के साथ चेयरमैन जेपी गुप्ता, सभासद व आयोजक अजय सत्येंद्र यादव, चौकी तमकुहीराज वेदप्रकाश सिंह, परमहंस सिंह, कांस्टेबल राकेश सचिन कुमार आदि मौजूद रहे।

# देवरिया का शराब तस्कर तरयासुजान में गिरफ

संवाद न्यूज एजेंसी

### कार से शराब लेकर जा रहा था बिहार

**पडरौना।** तरयासुजान पुलिस ने कार सवार एक शराब तस्कर को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया। कार से शराब की खेप लेकर तस्कर बिहार जा रहा था। कार में 10 पेटी शराब मिला। तस्कर देवरिया का रहने वाला है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। कार समेत शराब की कीमत करीब 5.20 लाख रुपये बताया जा रहा है।

बिहार में चुनाव को देखते हुए बार्डर इलाके में पुलिस सख्ती बढ़ा दी गई है। वाहनों की जांच कर रही है और शराब तस्करों से जुड़े नेटवर्क पर पुलिस की नजर है। बृहस्पतिवार को दोपहर में एक कार बिहार की ओर जाती हुई दिखाई दिया। पुलिस ने संदेह के आधार पर कार को रोका और उसकी तलाशी लिया तो कार के अंदर 10 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब मिला।

पुलिस ने तस्कर की पहचान देवरिया जिले के महुवाडीह थाना क्षेत्र के सहोदर पट्टी गांव निवासी रंजीत पाल के रूप में किया। थानाध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने बताया कि तस्कर को जेल भेज दिया गया है।



गिरफ्तार आरोपी। स्रोत-सोशल



# प्रेमजाल में फंसा कराया धर्मांतरण, शाद

## हाटा क्षेत्र का युवक लड़की को ले गया है चेन्नई, जांच में जुटी पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

हाटा। कोतवाली क्षेत्र की एक युवती को उसी के गांव के रहने वाले दूसरे समुदाय के एक युवक ने प्रेमजाल में फंसाया और फिर तीन माह पहले भगाकर उसका धर्म परिवर्तन करा दिया। इसके बाद युवती से शादी कर ली।

चेन्नई ले जाकर उसकी पिटाई कर रहा है। लड़की ने अपने पिता को मोबाइल फोन पर खून से लथपथ फोटो भेजा है। पिता ने पुलिस से शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। युवती के पिता का आरोप है कि अगर पुलिस तीन माह पूर्व समय सक्रिय हुई होती तो आज यह दिन नहीं देखना पड़ता।

हाटा कोतवाली क्षेत्र का यह मामला तीन माह पुराना है, लेकिन

### पीड़िता ने परिजनों को भेजा खून से लथपथ फोटो

अब लड़की के साथ उसका प्रेमी मारपीट कर रहा है। उसे जान से मारने की भी धमकी दे रहा है। वह युवती को लेकर चेन्नई में रहता है। प्रेमी की प्रताड़ना से परेशान होकर लड़की ने दो दिन पहले अपने पिता को फोन कर मदद की गुहार लगाई। लड़की ने अपने पिता के मोबाइल फोन पर जो तस्वीरें भेजी हैं उसमें उसके नाक और चेहरे से खून निकलता दिखाई दे रहा है। बेटी की तस्वीर देख कर परिवार के लोग परेशान हैं।

पिता ने हाटा कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर सौंपकर बेटी के सुरक्षा की मांग की है। पिता ने बताया कि बेटी को अब अपनी गलती का एहसास हुआ है। अब वह अपने प्रेमी से बचाने की गुहार लगा रही है। उनका आरोप है कि जान बूझकर दूसरे समुदाय युवक, लड़कियों को निशाना बनाते हैं। प्रेमजाल में फंसा कर पहले उनका धर्म परिवर्तन कराते हैं और बाद में उनके धर्म के अनुसार नहीं रहने पर मारपीट करते हैं।

पिता का कहना है कि यही हाल मेरी बेटी के साथ भी हो रहा है। तीन माह पूर्व शिकायत पर पुलिस केस दर्ज कर शांत हो गई थी। कोतवाल राम सहाय चौहान ने बताया कि इस मामले में पहले से मुकदमा दर्ज है। लड़की से संपर्क किया गया है, दो-तीन दिनों में वह वापस आ रही है। उसके आने के बाद जांच आगे बढ़ेगी और युवक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## आठ दि
## आई य

संवाद न्यूज एजेंसी

कुशीनगर/तमकु
अटकलों के बीच लख
कुशीनगर पुलिस ने बृहस
युवती का बयान पूर्ण
किया। आठ दिनों में पुलि
बात युवती का संपर्क
युवती तय स्थान
अधिवक्ता के साथ
अपनी आपबीती सुनाई
वह कई बार भावुक भी

पुलिस ने पीड़िता के
वीडियो ग्राफ़ी भी कराई
पुलिस टीम पीड़िता को
आरोपियों के खिलाफ
आश्वासन देकर स

# फॉर्मा कंपनी के निदेशक के नाम से फ
# फर्म बनाकर 400 करोड़ का कारोबार

## रिटर्न भरते समय फर्जीवाड़े का हुआ खुलासा, दिल्ली में बनाई गई है प

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** शहर के एक फॉर्मास्युटिकल कंपनी के निदेशक के नाम से जालसाजों ने ओटीपी हेरफेर कर उन्हीं के नंबर से दिल्ली में फर्म बनाकर ठगी को अंजाम दिया है। पीड़ित ने एसपी से मिलकर तहरीर दिया।



पीड़ित भक्त प्रकाश दुबे। स्रोत-सोशल मीडिया

इस पूरे मामले में एसपी द्वारा जांच टीम गठित कर दी गई है। पीड़ित द्वारा यह पूरी ठगी का आकलन 400 करोड़ से अधिक का बताया जा रहा है। जब पीड़ित ने अपने सीए (चार्टर्ड अकाउंटेंट) के पास आयकर भरने गया तब ठगी का पता चला। इसके बाद पीड़ित ने एसपी से शिकायत किया है।

### पीड़ित ने एसपी से की शिकायत

पडरौना नगर क्षेत्र के भक्त प्रकाश दुबे ने अपने तहरीर में पुलिस को बताया कि वह कस्बे के ही वीर अब्दुल हमीद नगर स्थित लाइफ लाइट फॉर्मास्युटिकल कंपनी के निदेशक हैं। बताया कि जब वह अपने सीए के पास इनकम टैक्स रिटर्न भरने के लिए गए तो ज्ञात हुआ कि उनके ही आधार कार्ड और पैन कार्ड नंबर का प्रयोग कर दिल्ली नार्थ में बीपी इंटरप्राइजेज नामक 19 फरवरी 2025 को एक फर्म बनाया गया। जिसमें स्क्रैप का कार्य हुआ है। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र में बताया है कि उसके पहचान पर खोले गए फर्जी फर्म से 450 करोड़ से अधिक रुपये निर्गत किए गए हैं।

पीड़ित ने बिना थंब इंप्रेशन लगवाए बैंक की ओर से जीएसटी नंबर जारी करने पर भी सवाल खड़े किए हैं। वहीं बिना अंगूठा लगाए बैंक खाता खोलने पर भी पुलि ध्यान आकृष्ट किया है। तह यह भी बताया कि उनका मो नंबर 2002 से वर्तमान समय चल रहा है। इसके आधार अं कार्ड लिंक है लेकिन जालस इसके अतिरिक्त दो नंबर औ अज्ञात नाम से बने ईमेल जोड़कर बीपी इंटरप्राइजेज नाम से 19 फरवरी 2025 क का रजिस्ट्रेशन कराया गया है

पीड़ित ने तहरीर में बताया 250 करोड़ रुपये से लेकर करोड़ रुपये की बात सामने है। पुलिस ने इस पूरे मामले मे शुरू कर दिया है। एसपी का में पहुंचने के बाद पीड़ि फरियाद सुनते हुए एसपी ने पु मामले को समझा और कार्रव आश्वासन देते हुए टीम गठि दी है। एसपी संतोष कुमार बताया कि तहरीर मिली है। स सेल की मदद से इसकी जांच जा रही है। मामला गंभीर है।

# डोल मेला : लापरवाही से गई रामबहाल की जा
# झांकी में डीजे को कनेक्शन दिया गया तार कटा था

संवाद न्यूज एजेंसी

**कुशीनगर।** शादी-विवाह और अन्य कार्यक्रमों में डीजे के तेज आवाज से लोग परेशान होते हैं, लेकिन डोल मेला में आयोजकों में आपसी प्रतिस्पर्धा से लोगों को दिक्कत और बढ़ जाती है। लाख रुपये खर्चकर डीजे अलग अलग जनपदों से मंगाए जाते हैं।



**रामबहाल** (फाइल फोटो)

तमकुहीराज में बुधवार की रात सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान एक युवक की मौत हो गई, जब घटना हुई तब एक ही अखाड़े के डीजे एक स्थान पर करीब बीस मिनट से बज रहे थे। इस दौरान करंट की चपेट में आने से कलाकार की मौत हो गई। डीजे को जिस तार से कनेक्शन दिया गया था, वह तार कटा था। हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई, एंबुलेंस आई लेकिन भीड़ होने के कारण उसको सीएचसी पर ले जाने में करीब आधे घंटे लग गए। इसके बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद कार्यक्रम पर विराम लग गया।

तमकुहीराज में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि डीजे एक ही स्थान पर करीब बीस मिनट से 18 अखाड़े का बज रहा था। इस दौरान भगवान शंकर का रोल निभा रहा कलाकार स्टेज पर गिर गया और नंगे तार चपेट में आ गया। इसके बाद रा ही लोग डीजे को बैन करने लेकर सोशल मीडिया पर प करने लगे और यह मामला सोशल मीडिया पर छा गया।

धुरिया इमिलिया के डोल शामिल कलाकार कसया थाना के बेलवा निवासी रामबहाल क (21) की बुधवार देर शाम झ में भगवान शंकर की भूमिका नि समय ही मौत हो गई थी।

## मौत के मामले में जांच के निर्देश

**तमकुहीराज।** स्थानीय कस्बे में बुधवार देर शाम डोल मेला में झांकी के माध्यम से अपने कला का प्रदर्शन करते हुए कसया थाना क्षेत्र के बेलवा निवासी रामबहाल (21) की मौत हो गई। हालांकि अभी मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। सोशल मीडिया पर कुछ लोग उसकी मौत के लिए हाईटेक डीजे की तेज ध्वनि को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। उसके मौत के बाद के बाद तहसील प्रशासन की ओर से मामले की जांच के निर्देश जारी किए गए है। एसडीएम तमकुहीराज आकांक्षा मिश्रा ने कलाकार के मौत के मामल के जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आगामी डोल मेले के आयोजकों के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। मृतक के परिजनों की ओर से तमकुहीराज पुलि को अभी तहरीर नहीं दी गई है। संवाद

# तमकुहीराज में नायब त
# और अधिवक्ताओं में नो

## पत्रावली पर बिना पक्ष सुने आदेश जारी करने का अधिवक

संवाद न्यूज एजेंसी

**तमकुहीराज।** राजस्व न्यायालय में एक पत्रावली के निस्तारण के दौरान अधिवक्ताओं को बिना सुने नियम को दरकिनार कर आदेश पारित करने से नाराज तमकुहीराज के अधिवक्ताओं और नायब तहसीलदार दुदही से बृहस्पतिवार को नोकझोंक हो गई।

इससे तहसील कैंपस में अफरा-तफरी मच गई। अधिवक्ताओं ने नायब तहसीलदार के ऐसे व्यवहार का विरोध करते हुए उनके कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा किया। अधिवक्ताओं के हंगामे को देखकर नायब तहसीलदार ने विवादित पत्रावली में जारी स्वयं के आदेश को स्थगित कर दिया। इसके बाद मामला शांत हुआ। इसको लेकर




तमकुहीराज तहसील कार्यालय।
स्रोत-सोशल मीडिया

करीब 45 मिनट तक तहसील कैंपस में गहमा-गहमी का माहौल रहा।

नायब तहसीलदार दुदही कुंदन वर्मा के कार्यप्रणाली के खिलाफ बार संघ तमकुहीराज के अधिवक्ताओं की बैठक बृहस्पतिवार को तहसील परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक में

किसी मामले की फा
में आदेश को लेक
अधिवक्ताओं व ना
तहसीलदार के बीच
कहासुनी हुई है। बाद में स्थिति
सामान्य हो गई है। इसके बाद ना
तहसीलदार ने न्यायालय भी संचा
किया है। कोई गतिरोध नहीं है
**-आकांक्षा मिश्रा,** एसडीएम
तमकुहीराज

अधिवक्ताओं ने नायब तहसील
पर मनमाने तरीके से विवा
पत्रावलियों में बिना अधिवक्त
को सुने नियम के खिलाफ आ
पारित करने का आरोप लगाते
उनके कार्यप्रणाली पर आ
जताया। इसके बाद संघ के सद
ने नायब तहसीलदार के इस व
व्यवहार की शिकायत उनके स
जाकर दर्ज कराया। इस घटना

# दो बाइकों की टक्कर में चार घायल

**हाटा क्षेत्र के जोलहिनिया खोट्ठा मार्ग पर हुआ हादसा**

संवाद न्यूज एजेंसी

**सुकरौली।** हाटा कोतवाली क्षेत्र के जोलहिनिया से खोट्ठा जाने वाले मार्ग पर बृहस्पतिवार को दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इसमें दोनों बाइक सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौजूद लोग उन्हें सुकरौली पीएचसी भेजवाए, जहां दो की हालत गंभीर देख डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया।

अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के मिश्रोली निवासी मोहन चौहान और शानू यादव बाइक से बृहस्पतिवार को गोरखपुर जा रहे थे। अभी वे गनेशपुर गांव के पास पहुंचे ही थे कि सामने से आ रहे हाटा कोतवाली क्षेत्र के अहिरौली निवासी अभिषेक व धीरज की बाइक से आमने सामने की टक्कर हो गई। इसमें दोनों बाइक पर सवार चारो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौजूद लोगों ने टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक पर बैठे चारों सवार गंभीर रूप से चोटिल हो गए। मौजूद लोगों ने सभी घायलों को पीएचसी सुकरौली भेजवाए, जहां धीरज प्रजापति व अभिषेक की हालत गंभीर देख डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल

**तमकुहीराज।** थाना क्षेत्र के हाईवे स्थित बनवरिया के पास बृहस्पतिवार को ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक घायल हो गए। सूचना पर आई पुलिस उन्हें सीएचसी तमकुहीराज भेजवाई, जहां उनका उपचार चल रहा है।तमकुहीराज थाना क्षेत्र के पथरवा निवासी अरुण सिंह (21) बृहस्पतिवार की शाम करीब छह बजे बाइक से तमकुहीराज की ओर जा रहे थे। अभी वे बनवरिया के पास पहुंचे ही थे कि वे एक ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। संवाद

# पिकअप की टक्कर से बाइ सवार तीन घाय

**कसया।** नगर के देवरिया मा
बनवारी टोला चौराहे के
बृहस्पतिवार को दोपहर में दो
सवारों को तेज गति से आ
पिकअप ने जोरदार टक्कर मार
जिसमें एक महिला सहित तीन
घायल हो गए। आसपास के लो
घायलों को सीएचसी क
भेजवाया।

देवरिया जिले के महुआ
निवासी शांति देवी, भलुहनी थान
के सिंहपुर निवासी राजेंद्र यादव
भलुहनी थाना क्षेत्र परसिया नि
गिरीशचंद कसया से दो बाइक
जा रहे थे। पीछे से अचानक तेज
से आ रही पिकअप ने बाइक
तीनों लोगों टक्कर मारकर
चालक पिकअप लेकर मौके से
हो गया। जिससे सड़क पर गि
तीनों घायल हो गए। आसपास
लोगों ने घायलों को सीएचसी क
भेजवाया, जहां उन लोगों का इ
चल रहा है। संवाद

# 70 हजार में बेची प्रेमिका, जबरन शाद

## चार माह बाद बिजनौर से बरामद हुई युवती, खड्डा थाना क्षेत्र का

- कुशीनगर में पकड़ा गया बिजनौर का रहने वाला दुष्कर्म आरोपित
- बिहार के नरकटियागंज का है एक अन्य आरोपित युवक

जागरण संवाददाता, कुशीनगर : प्रेम, फिर सौदेबाजी। जबरन शादी व दुष्कर्म। यह कहानी है नेबुआ नौरंगिया थाने की रहने वाली एक युवती की, जिसने प्रेम किया और सपने देखे सुखद जीवन के। इसी सपने को साकार करने के वादे पर 20 अप्रैल 2025 को वह खड्डा थाने के गांव के रहने वाले प्रेमी विरेंद्र चौहान के बुलावे पर गोरखपुर पहुंच गई। यहां पहुंचने पर प्रेमी ने बिहार के नरकटियागंज के रहने वाले राजेश के जरिये उसको बिजनौर के काशीराम आवास कालोनी, थाना बिजनौर सिटी जनपद रहने वाले रवि के हाथों 70 हजार रुपये में बेच दिया।

बिजनौर लाने के बाद रवि ने जबरन उसकी मांग में सिंदूर भर शादी की और दुष्कर्म करने लगा। युवती ने प्रेमी से संपर्क



नेबुआ नौरंगिया थाने में पकड़े गए आरोपितों के साथ पुलिस। • सौ. पुलिस मीडिया सेल

करने का प्रयास किया, लेकिन संपर्क न हो सका। प्रेमी ने उसका नंबर ही ब्लैक लिस्ट में डाल दिया था। परेशान स्वजन ने तहरीर दी तो 29 अप्रैल 2025 को मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने तलाश शुरू की। कहीं पता नहीं चल

# बाइक की ठोकर से छात्रा घायल, रेफर

जासं, रामकोलाः क्षेत्र के बरवा बाजार में अनियंत्रित बाइक की ठोकर से बुधवार को 10 वर्षीय छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई थी। दुर्घटना के बाद स्वजन छात्रा को निजी अस्पताल में ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख चिकित्सक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामकोला रेफर कर दिया था। वहां भी छात्रा की हालत में सुधार नहीं हुआ तो गुरुवार को जिला अस्पताल भेज दी गई।

रामकोला थाने के घिनहुआ गांव के अंगद पासवान की पुत्री लक्की बरवा बाजार स्थित लालबहादुर शास्त्री विद्यालय की छात्रा है। बुधवा स्कूल से छुट्टी के बाद घर समय वह अनियंत्रित बाइक की में आ गई। सामुदायिक स्वास्थ्य रामकोला में उसका उपचार च था। छात्रा को जिला अस्पताल कर दिया गया।

# कुशीनगर : प्रेम जाल में फंसाकर युवती को 70 हजार में बेच दिया

## युवती बिजनौर से बरामद, प्रेमी और उसे खरीदने वाला गिरफ्तार



गिरफ्तार आरोपी। स्रोत-सोशल मीडिया

**कुशीनगर।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र की 21 साल की युवती को खड्डा क्षेत्र के नरायणपुर गांव निवासी वीरेंद्र चौहान ने प्रेमजाल में फंसाकर 70 हजार में बिजनौर के एक युवक को बेच दिया। युवती ने किसी तरह पड़ोस में रहने वाली एक महिला के मोबाइल से अपने घर वालों से संपर्क किया तब पुलिस वहां पहुंची और उसे उसे कब्जे में लेते हुए उसके प्रेमी व उसे खरीदने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में गोरखपुर के युवक समेत अन्य की तलाश पुलिस कर रही है।

पीड़िता द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, करीब एक साल पहले उसकी वीरेंद्र से जान पहचान हुई थी। धीरे-धीरे दोनों में प्रेम हो गया। इसी बीच जुलाई में वीरेंद्र ने उसे मिलने के लिए गोरखपुर बुलाया। वह पहुंची तो उसने एक युवक का नंबर दिया और कहा कि उसके साथ उसके घर चली जाओ। वह कुछ देर में वहीं पहुंचेगा लेकिन वह उस दिन नहीं आया। चार दिन बाद वह आया और उस लड़के के साथ उसे लेकर बिजनौर चला गया। वहां उसने उसे कांशीराम आवास में रहने वाले रवि कुमार को 70 हजार में बेच दिया। उसके बाद युवक ने उससे जबरन शादी कर ली और घर में बंधक बना कर रखने लगा। उससे दुष्कर्म करता और विरोध करने पर मारता पीटता। रक्षाबंधन के दिन किसी तरह उसने पड़ोस की एक महिला के मोबाइल से घर वालों से संपर्क किया। तब उन्होंने पुलिस की मदद ली। संवाद

> फोन नंबर के आधार पर पुलिस ने लोकेशन का पता लगाया और बुधवार को बिजनौर पहुंची। वहां से बंधक बनाई गई युवती को बरामद किया। वहीं से पुलिस ने रवि और वीरेंद्र को भी गिरफ्तार कर लिया और ट्रांजिट रिमांड पर लेकर बृहस्पतिवार को कुशीनगर पहुंची। **-एसपी,** संतोष मिश्र

# पुलिस को चकमा देकर आरोपी
# हेडमास्टर ने कोर्ट में किया सरेंड

## सेवरही थाना क्षेत्र का मामला, एक शिक्षिका से दुष्कर्म का आरोपी है राहु

संवाद न्यूज एजेंसी

**तमकुहीराज।** सेवरही थाना क्षेत्र के एक निजी विद्यालय की शिक्षिका से जबरन दुष्कर्म के आरोपी हेडमास्टर राहुल तिवारी ने बृहस्पतिवार को कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया, जबकि दुष्कर्म की शिकार पीड़िता का मेडिकल परीक्षण पुलिस ने कराया। पुलिस साक्ष्य संकलन और विवेचना में जुटी है।

सेवरही थाना क्षेत्र की एक युवती इलाके के एक गांव स्थित एक निजी विद्यालय में शिक्षिका है। उसकी दो बहनें इसी थाना क्षेत्र के गांव में संचालित एक अन्य विद्यालय में सत्र 2023-24 में हाईस्कूल की उत्तीर्ण हुई थीं। आरोप है कि उसकी बहनों का मार्कशीट लेने के लिए पीड़िता के पिता कई बार निजी विद्यालय गए, लेकिन हेडमास्टर



शिक्षिका ने निजी स्कूल के हेडमास्टर पर लगाया दुष्कर्म का आरोप, केस

संवाद न्यूज एजेंसी

पीड़िता का आरोप, बहनों की मार्कशीट देने के लिए आरोपी ने बुलाया था विद्यालय

तमकुहीराज। सेवरही थाना क्षेत्र के एक निजी विद्यालय की शिक्षिका ने इसी क्षेत्र के एक गांव स्थित दूसरे विद्यालय के हेडमास्टर के पर ... करने का आरोप

उसने बहनों का मार्कशीट लेने का झांसा देकर विद्यालय पर बुलाया। इसके बाद करीब डेढ़ बजे पीड़िता ...

28 अगस्त को प्रकाशित खबर।

राहुल तिवारी तालमटोल करते रहा और मार्कशीट नहीं दिया। इसी बीच 15 अगस्त को पीड़िता अपने विद्यालय से झंडारोहण के बाद घर लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में आरोपी हेडमास्टर राहुल तिवारी मिल गया।

उसने शिक्षिका को बहनों का मार्कशीट देने का झांसा देकर विद्यालय पर बुलाया। इसके बाद करीब डेढ़ बजे पीड़िता अपनी बहनों का मार्कशीट लेने उद्देश्य से विद्यालय पहुंची। पीड़िता हेडमा के कक्ष में गई तो आरोपी ने दु किया। 17 अगस्त को पीड़िता पेट में तेज दर्द होने के बाद मा खुला। मामले मे सेवरही पु मुकदमा दर्ज कर आरोपी की त में जुट गई थी लेकिन आरोपी पु को चकमा देता रहा बृहस्पतिवार को न्यायालय के स आत्मसमर्पण कर दिया जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज गया। वहीं पुलिस ने मामले पी का बयान दर्ज करा चुकी ज बृहस्पतिवार को उसका मेडि परीक्षण कराया गया।

इंस्पेक्टर सेवरही धीरेन्द्र रा बताया कि पीड़िता का मेडि परीक्षण कराया गया है। आरोप न्यायालय में समर्पण वि है।पूछताछ के लिए आरोपी रिमांड पर लिया जाएगा।

# महिला की पिटाई करने के आरोपियों पर केस

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बरवापट्टी।** स्थानीय थानाक्षेत्र के ग्रामसभा रामपुर बरहन के टोला लक्ष्मीपुर की रहने वाली संजना पुत्री राधा साहनी ने 20 जून को बरवा पट्टी पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाई थी कि हमारे घर के सभी लोग खेतों में काम करने के लिए गए थे, उसी दौरान हमारी भतीजी खुशबु (10) कुछ सामान लेकर घर आ रही थी।

रास्ते में पुरानी रंजिश को लेकर अशरफी यादव, रामसूरत यादव, उर्मिला देवी, शकुंतला देवी हमारे भतीजी को घेरकर जान से मारने की धमकी देने लगे। भतीजी डर की वजह से चीखने लगी तब तक मेरी मां रामपति देवी (65) मौके पर पहुंच गई, इसके बाद इन लोगों ने मेरी मां को लाठी डंडो से पीटने लगे। इसके बाद रामपति देवी अचेत हो गई।

इसका इलाज कुशीनगर मेडिकल कॉलेज में चला। पुलिस इस मामले में दो माह बाद केस दर्ज की है। थानाध्यक्ष महेन्द्र प्रजापति ने बताया कि तहरीर मिली थी और मामले की जांच चल रही थी। इसके बाद केस दर्ज किया गया।

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-29-08-2025

# ट्रकों को आगे करने को वसूली का खेल

जासं, सोनौली : नेपाल के बेलहिया में स्थित भंसार कार्यालय का सर्वर बुधवार को खराब होने से भारत से नेपाल जाने वाले मालवाहक वाहनों को पूरे दिन प्रवेश नहीं मिला। ऐसे में गुरुवार तक नौतनवा से सोनौली तक करीब 10 किलोमीटर मालवाहक ट्रकों की लंबी कतार लग गई है। ट्रकों की लंबी कतार को देख कर कई दलाल सक्रिय हो गए हैं।

जो कतार में पीछे खड़े वाहनों को आगे करने के बदले में 2000 से 2500 रुपया वसूल रहे हैं। नौतनवा से सोनौली तक की यातायात व्यवस्था बेपटरी हो गई है। मार्ग पर रह रह कर जाम लग जा रहा है, जिससे हादसे की संभावना बढ़ गई है। ट्रकों की कतार मार्ग के दोनों लेन पर है। नौतनवा से कुनसेरवा चौराहा तक कई ट्रकें विपरीत लेन में कतार लगाए खड़ी हैं, जिसमें दर्जन भर से अधिक पेट्रोलियम पदार्थ लदे टैंकर हैं। यहां दलालों का कई गुट ट्रक चालकों से सीमा पहले तक पहुंचाने के मोलभाव करने में जुट गए हैं। बीते वर्षों में भी ट्रकों की कतार लगने पर यह दलाल सक्रिय हुए थे। जिनमें से कुछ पर कार्रवाई भी हुई थी। चर्चा है कि वसूली का यह खेल सोनौली थाना के चर्चित सिपाही की शह पर खेला रहा है, जिसका एक वीडियो प्रसारित हुआ है। थानाध्यक्ष अ प्रताप सिंह ने बताया कि ट्रकों वसूली जैसी कोई शिकायत नहीं मिली है। नियम तोड़ने वाले वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी।



सोनौली कस्बे के तरफ विपरीत दिशा से जाती ट्रकों की कतार से लगा जाम • जागरण

- नेपाल भंसार का सर्वर खराब होने से लगी ट्रकों की कतार
- सोनौली से नौतनवा तक 10 किमी तक लगी ट्रकों की कतार



# पिकअप की चपेट में आने से अधेड़ व्यक्ति की मृत्यु

जासं, आनंदनगर: फरेंदा-महराजगंज मार्ग पर बुधवार की रात झुनुवा गांव के पास पिकअप की चपेट में आने से अधेड़ व्यक्ति की मृत्यु हो गई। फरेंदा थाना क्षेत्र के झुनुवा निवासी राजाराम भारती करहिया से झुनवां अपने घर जा रहे थे। गांव के पास पिकअप ने राजाराम भारती को जोरदार टक्कर मार दी। घटना वह गंभीर रूप से घायल हो गए और सड़क पर ही गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे मोहल्ले को गहरे सदमे में डाल दिया है। फरेंदा पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है। थानाध्यक्ष प्रशांत पाठक ने कहा की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

**यह और अन्य खबरें देखें-**

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# पांच आरोपितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

जासं, नौतनवा : नौतनवा व सोनौली थाने की पुलिस ने वारंटी आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए गुरुवार को पांच लोगों को गिरफ्तार किया हैं। न्यायालय से जारी वारंट के बाद दोनों थानों की पुलिस टीमों ने दबिश दी व वांछित आरोपितों को अलग-अलग स्थान से पकड़ लिया। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों को विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए न्यायालय भेजा गया है, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

सोनौली थाना क्षेत्र में ग्राम परसासोमाली निवासी रामबेलास व उसके पुत्र सुरेन्द्र के साथ बरगदवा उर्फ गनवरिया निवासी तोताराम को गिरफ्तार किया गया। तीनों अपने घर पर छिपे मिले, जिन्हें पुलिस ने दबिश देकर पकड़ा। थानाध्यक्ष सोनौली अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि तीन वारंटी आरोपितों को उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है। वहीं नौतनवा थाना क्षेत्र में गणेशपुर टोला कोहड़वल से राकेश और अवधेश नामक दो सगे भाइयों को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। दोनों पर न्यायालय से वारंट जारी था व गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार छिपते रहे। थानाध्यक्ष नौतनवा पुरुषोत्तम राव ने कहा कि दो वारंटी आरोपितों को दबिश देकर पकड़ा गया और न्यायालय भेज दिया गया है, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।



# एसएसबी व पुलिस ने किया मॉ

## तैयारी

**खनुआ, हिन्दुस्तान संवाद।** एसएसबी 66 वीं वाहिनी के बीओपी हरदीडाली के जवानों और खनुआ चौकी पुलिस ने संयुक्त रूप से खनुआ-सुंडी मार्ग पर मॉकड्रिल किया। किसी भी विषम परिस्थिति से निपटने के पूर्वाभ्यास के तहत जांच की गई।

सशस्त्र सीमा बल 66 वीं वाहिनी के असिस्टेंट कमांडेंट हरि मोहन मीणा ने बताया कि खनुआ चौकी प्रभारी विजय द्विवेदी के नेतृत्व मे खनुआ - सुंडी मार्ग पर विदेशी नागरिकों की घुसपैठ रोकने को लेकर जांच व पूर्वाभ्यास किया गया। भारत व नेपाल से आने जाने वालों की कड़ाई से जांच की गई। इस दौरान आने वाले दो पहिया व चार पहिया वाहनों को रोककर मशीनों से जांच की गई। मॉकड्रिल के दौरान एसआई विमाश राय, महिला आरक्षी सागुता हवलर, डांग मोनक व महिला आरक्षी शीतल, कांस्टेबल अ व रामचन्द मौजूद रहे।



खनुआ-सुंडी मार्ग पर एसएसबी व पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से

# जागरूकता से ही साइबर ठगी से बचा

## कार्यक्रम

**महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता।** जवाहर लाल नेहरू स्मारक पीजी कॉलेज महराजगंज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाई सतपुड़ा, शिवालिक और विंध्याचल के संयुक्त तत्वावधान में साइबर जागरूकता अभियान विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि साइबर थाना के दरोगा अमित यादव ने कहा कि सजग और जागरूक रहकर ही साइबर ठगी से बचा जा सकता है।



गुरुवार को जवाहर लाल नेहरू स्मारक पीजी कॉलेज महराजगंज में साइबर अपराध को लेकर संगोष्ठी हुई।

उन्होंने कहा कि जानकार, जागरूक व सतर्क रहना जरूरी है। वर्तमान समय में होने वाले साइबर अपराधों के बारे में बताया गया और कहा कि हमारा यह कर्तव्य है कि हम स्वयं जागरूक बने सतर्क रहें और समाज को भी जागरूक करें। आज एआई के जमाने में जहां एक ओर इसका प्रयोग शिक्षा, खेल, चिकित्सा आदि के विकास में हो रहा है तो वहीं दूसरी ओर कुछ लोग इसका गलत तरीके से इस्तेमाल कर लोगों को ठगने का कार्य कर रहे हैं। यदि कभी किसी के साथ ऐसी कोई घटना होती है तो तुरंत ही दिए गए नंबर पर कॉल कर इसकी जानकारी साइबर सेल को दें। उप

# पेंशन के नाम पर धोखाध
# एक के विरुद्ध मुकदमा द

**बृजमनगंज।** बृजमनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा करमहा टोला बड़की मैनहिया निवासी एक दिव्यांग युवक से पेंशन बनवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। साइबर क्राइम थाना महराजगंज ने पीड़ित बबलू निवासी ग्राम सभा करमहा टोला बड़की मैनहिया थाना बृजमनगंज की तहरीर पर आरोपी राजनीश उर्फ राजन निवासी ग्राम सभा उसका राजा थाना उसका जनपद सिद्धार्थनगर के विरुद्ध आईटी एक्ट व धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया है।

तहरीर के मुताबिक पीड़ित अग्रहरि ट्रेडर्स दोदघाट पर आता

दुकान का मुनीब रजनीश
ग्राम सभा उसका राजा के
वह आया। मुनीब रजनी
दिव्यांग पेंशन दिलाने के
उसे झांसे में लेकर उससे
कार्ड व फोटो की मांग की।
का अहसास तब हुआ
घटना के करीब दस वर्ष
जून 2025 को अग्रहरि ट्रे
डंडवार खुर्द प्रोपराइटर
नाम से फाइनेंसियल वर्ष
17 का जीएसटी वसूली
राजस्व आमीन का कर्मचा
घर पहुंचे। उसने कोई फ
अनभिज्ञता जाहिर की। इ
ठगी का अहसास होने प
को उक्त आरोपी के विरु

# झांसा देकर मंगलसूत्र व बाली ले

शिकारपुर, हिन्दुस्तान संवाद। भिटौली थाना क्षेत्र के शिकारपुर-घुघुली मार्ग पर ठगों ने गुरुवार की शाम फिल्मी अंदाज में महिला को निशाना बनाते हुए लाखों का गहना ठग लिया। ठगों ने रुपये की गड्डी गिराकर महिला को लालच दिया और उसके गले से मंगलसूत्र व कान की बाली लेकर फरार हो गए।

पकड़ी सिसवा निवासी अजोरा देवी पत्नी विजय कुमार अपने मायके बरियारपुर से घर लौट रही थी। शिकारपुर से सवारी लेट होने के कारण पैदल ही पकड़ी सिसवा के लिए निकली थी। शाम करीब चार बजे शिकारपुर-घुघुली मार्ग पर पहुंचने पर ठगों के गिरोह ने उसे अपने जाल में फंसा लिया। गिरोह के एक सदस्य ने

■ शिकारपुर-घुघली मार्ग पर ठगों ने महिला को बनाया निशाना

रुमाल में बंधी नकली नोटों की गड्डी महिला के आगे सड़क पर गिरा दी। महिला द्वारा गड्डी उठाने पर दो अन्य ठग वहां पहुंच गए और रुपये पर दावा करने लगे। आपस में समझौते का नाटक रचते हुए पहले ठग ने महिला को यह भरोसा दिलाया कि रुपये बाद में बांट लेंगे। पहले इसमें से कुछ रुपया निकाल कर इसे दे देते हैं।

रुपया ज्यादा होने का हवाला देते हुए ठगों ने महिला से उसका मंगलसूत्र और कान की बाली पहले ठग को दिलवा एक ठग गुटखा खाने के बहाने पान की

गुमटी की तरफ चला ग
के जाते ही दूसरे ठग ने म
कि देख के आओ कि च
तो हम लोग रुपये को आ
महिला जैसे ही ठग को
गुमटी की तरफ गयी कि
मौका देख फरार हो गया

महिला के शोर मचान
के लोग जुटे और घट
शिकारपुर पुलिस चौकी
मिलते ही पुलिस मौके
आसपास लगे सीसीटी
फुटेज खंगालकर अ
पहचान में जुट गई।
अवधेश कुमार सिंह क
घटना की जांच चल र
आरोपियों की पहचान
खिलाफ कार्रवाई की ज

# पत्नी के साथ मारपीट में पति पर मुकदम

कोटीभार। सिसवा के राजाजी पुरम बेलवा चौधरी निवासी एक म
ने कोटीभार पुलिस को दिये तहरीर में कहा है कि उसकी शादी 13
प्रजापति से हुई थी। उसके तीन बच्चे भी हैं। अब उसे प्रताड़ित किय
इस संदर्भ में प्रभारी निरीक्षक कोटीभार धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताय
तहरीर पर उसके पति शैलेश के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की



रोहिन नदी में डूबे युवक की तलाश में दूसरे दिन भी चला सर्च अभियान।

# दूसरे घर जा रहा युवक नदी में डूबा, तलाश जारी

- लक्ष्मीपुर के ग्राम टेढ़ी निवासी युवक नदी पार दूसरे घर जा रहा था
- रेस्क्यू टीम कर रही तलाश, नहीं चल रहा है पता

**लक्ष्मीपुर, हिन्दुस्तान संवाद।** लक्ष्मीपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत टेढ़ी निवासी अंगेश पुत्र बैजनाथ (20) बुधवार की शाम अपने घर से दूसरे घर गुलरिहवां जाते समय रोहिन नदी में डूबकर लापता हो गया था। दूसरे दिन गुरुवार को भी रेस्क्यू टीम उसकी तलाश में जुटी रही, लेकिन उसका कहीं सुराग नहीं मिला।

नदी में युवक को डूबता देख आसपास के खड़े लोगों ने युवक को बचाने की कोशिश की, लेकिन तेज

खोजबीन शुरू कर दी। लेकिन डूबे युवक का पता नहीं चल पाया है। रात होने के कारण गुरुवार को रेक्सयू टीम द्वारा खोजबीन की गई।

# अपहरण का मुकदमा

**बृजमनगंज।** बृजमनगंज क्षेत्र के एक गांव में पांच दिन पूर्व घर से खुरपी लेकर खेत की निरौनी करने निकली किशोरी को बहला-फुसला कर भगा ले जाने का मामला सामने आया था।

मामले में पुलिस ने किशोरी की मां की तहरीर पर एक अज्ञात के विरुद्ध अपहरण करने का मामला दर्ज किया है। थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।



नौतनवा बाईपास से टेंपो स्टैंड तक कटिंग कर गाड़ियों को लाने से जाम लग गया।

# वाहन कटिंग का खेल शुरू जाम से स्कूली बच्चे वापस

**भारत-नेपाल सीमा**

- नौतनवा बाईपास से टेंपो स्टैंड पर कटिंग कर आ रहीं गाड़ियां

**सोनौली, हिन्दुस्तान संवाद।** भारत-नेपाल सीमा सोनौली में दशहरा पर्व के पूर्व फिर से जाम लगना शुरू हो गया है। वाहनों को पास कराने को लेकर बिचौलिए फिर सक्रिय हो गए हैं। जिम्मेदारों की मिलीभगत से मालवाहों को कतार से निकाल कर नेपाल पहुंचाया जा रहा है, जिसके एवज में मोटी रकम मिल रही है। गुरुवार को टेंपो स्टैंड पर यह खेल हो रहा था। इसके कारण स्टैंड पर जाम लग गया और स्कूल जा रहे बच्चों को देरी होने के कारण स्कूल से लौटा दिया गया।

नेपाल में दशहरे पर्व के पूर्व सोनौली बॉर्डर पर करीब 8 किलोमीटर मालवाहकों का जाम लगा हुआ है। पर्व एवं त्योहार में भारत से नेपाल निर्यात दोगुना हो जाता है। इसके कारण सीमा पर ट्रकों की लाइन लगनी शुरू हो गयी है।

पास कराने के लिए दलालों को मोटी रकम देने को तैयार रहते हैं। सोनौली के एक जिम्मेदार की मिलीभगत से नौतनवा थाना क्षेत्र के मां बनैलिया मंदिर से कतार से निकाल कर सोनौली के बुद्ध चौक तक मालवाहकों को पहुंचाया जा रहा है। वहां से उक्त सभी ट्रक सोनौली कस्बे में सीधे टेंपो स्टैंड पहुंच जा रहे हैं। गुरुवार की सुबह करीब आठ बजे तक करीब 30 गाड़ियों को कटिंग कर लाया गया था, जिसके कारण दोनों तरफ अन्य वाहनों के लिए आने-जाने वाली दूसरी लेन पर जाम लग गया। स्कूल जा रहे बच्चे काफी देर तक जाम में फंसे रहे और स्कूल पहुंचने के बाद उन्हें वापस लौटना पड़ा। कोतवाल सोनौली अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि नेपाल में सर्वर फेल था। इसके



टॉवर पर झंडा लगाने की सूचना पर लोगों की भीड़ जुट गई। • हिन्दुस्तान

# टॉवर पर झंडा लगाए जाने के विरोध में आक्रोश

**चिउटहा।** सिन्दुरिया के जगरनाथपुर में गुरुवार की सुबह उस समय मामला गरमा गया, जब गांव के बाहर एक व्यक्ति के खेत में लगे टावर पर कुछ लोगों ने एक विशेष झंडा लगा दिया। गांव के एक वर्ग के लोग आक्रोशित हो गए। इसकी शिकायत खेत स्वामी अजीत पाण्डेय ने पुलिस से की। बताया कि उनके खेत में टावर लगा है। रात में कोई शख्स एक समुदाय का झंडा लगा दिया। सीओ सदर ने टावर कर्मी को बुलाकर झंडा उतरवा दिया। प्रभारी एसओ राजकुमार सिंह, चौकी प्रभारी दिलीप कुमार व कन्हैया वर्मा की ड्यूटी लगा दी गई। सीओ सदर जय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि गांव में कोई विवाद नहीं है और शांति व्यवस्था कायम है।

# समझदारी और होशियारी से ही साइबर

## अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से आनंदनगर के नवजीवन मि

पुलिस की पाठशाला

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से पुलिस की पाठशाला का आयोजन बृहस्पतिवार को नवजीवन मिशन स्कूल आनंदनगर में हुआ। पाठशाला में साइबर अपराध से बचने के तरीकों के साथ ही जरूरी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी फरेंदा अनिरूद्ध कुमार ने कहा कि समझदारी और होशियारी से ही साइबर ठग से बच सकते हैं। सोशल प्लेटफॉर्म पर सक्रिय रहना



पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम में उपस्थित छात्र। संवाद

कोई गलत बात नहीं है, मगर अनजान लाइक को अपना समर्थन बिल्कुल न दें। यह आपको मुसीबत में डाल सकते हैं।

विशिष्ट अतिथि फरेंदा थाना प्रभारी प्रशांत कुमार पाठक ने बताया कि साइबर ठग खुद को पुलिस बताकर उन लोगों का डिजिटल अरेस्ट कर रहे हैं, जो उनकी धमकियों से डर जाते हैं। इसलिए स्वयं जागरूक होना जरूरी है। पुलिस किसी को डिजिटल अरेस्ट नहीं करती है।

उप निरीक्षक अंजली राय ने

# लापता बालक का मिल
# शव, हत्या की आशंका

## 24 अगस्त को खेलते समय रहस्यमय ढंग से हो लापता गया था हिम

संवाद न्यूज ब्यूरो

**महराजगंज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के चिउरहा वार्ड नंबर-19 के रहने वाले गणेश चौधरी का 12 वर्षीय पुत्र हिमांशु चौधरी, जो 24 अगस्त की शाम करीब पांच बजे गांव के प्राइमरी स्कूल के पास गोशाला के नजदीक खेलते समय रहस्यमय ढंग से लापता हो गया था।

बृहस्पतिवार की देर रात मृत अवस्था में बरामद हुआ। बालक का शव दुबौली नहर से बरामद होने की खबर मिलते ही परिजन फफक पड़े। हत्या की आशंका जताई जा रही है।

परिजनों ने 24 अगस्त को ही थाने में तहरीर देकर उसको गुमशुदा होने की जानकारी दी थी। पिता गणेश चौधरी ने आशंका जताई थी कि उनके मासूम बेटे को किसी ने बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। इस पर पुलिस ने तत्काल अपहरण का केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। परिजन, रिश्तेदार और ग्रामीण लगातार अलग-अलग स्थानों पर उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पा रहा था।

बृहस्पतिवार देर रात जै
दुबौली नहर से शव बरामद
घर में कोहराम मच गया। प
शव देखकर बेसुध हो गए। स
मिलते ही सदर कोतवाली प
मौके पर पहुंची और शव को
निकलवाकर कब्जे में ली।

सदर कोतवाल निर्भय
सिंह ने बताया कि 12
बालक का शव बरामद कर
गया है। रिपोर्ट आने के बा
मौत के कारणों की जान
हो सकेगी।

# एक और वाहन मिला, अन्य वाहन स्वामियों ने एसपी से लगाई गुहार

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**नौतनवा।** रेलवे में किराए पर वाहन लगवाने के नाम पर लापता किए गए वाहनों में से एक और बुधवार की रात को उसके स्वामी को गोरखपुर में मिला। अन्य वाहन स्वामियों ने बृहस्पतिवार को एसपी कार्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक से वाहन दिलवाने की मांग की।

वाहन स्वामी सद्दाम हुसैन, सगीर अहमद, तैयब अंसारी व पप्पू प्रसाद ने बताया कि एक जालसाज ने रेलवे में किराए पर लगवाने के नाम पर चारपहिया वाहनों को लिया था। किराए के रूप में 1,000 रुपये प्रतिदिन देने का आश्वासन दिया था। कुछ दिनों बाद वाहन का किराया मिलना बंद हो गया।


वाहन लौटाने का वायदा कर पुलिस और पीड़ितों को घूमा रहा जालसाज

रेलवे में किराए पर वाहन लगवाने के नाम पर हुए फर्जीवाड़ा का मामला

28 अगस्त को प्रकाशित खबर।

बाद में पता चला कि उनके वाहन रेलवे में नहीं कहीं और चलाए जा रहे हैं। जानकारी मिलते ही उससे वाहन वापस करने को कहा लेकिन आरोपी वाहन वापस नहीं कर रहा।

# मानसिक विक्षिप्त से बैनामा कराने पर उपनिबंधक व अन्य के खिलाफ तहरीर

संवाद न्यूज एजेंसी

**उपनिबंधक पर धनउगाही कर रजिस्ट्री कराने का लगाया आरोप**

**नौतनवा।** थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति की मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने का फायदा उठाकर कुछ लोगों द्वारा जमीन बैनामा करा लेने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। पीड़ित के भतीजे ग्राम सभा महुअवा नंबर 1 निवासी रविंद्र ने नौतनवा थाने में तहरीर देकर उपनिबंधक और संलिप्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

शिकायतकर्ता रविंद्र का कहना है कि उसके चाचा राजेंद्र मानसिक रूप से विक्षिप्त (पागल) हैं। सीएमओ कार्यालय से उनका प्रमाण पत्र भी बनवाया गया है। आरोप है कि कुछ लोगों ने इसका फायदा उठाकर 12 अगस्त को राजेंद्र की गांव में स्थित आराजी नंबर 753 रकबा 0.063 हेक्टेयर (करीब 15 डिसमिल) जमीन का अपने पक्ष में रजिस्ट्री बैनामा करा लिया। बैनामा के बदले मिलने वाली धनराशि भी दलाल ने हजम कर ली। उन्होंने नौतनवा पुलिस से उपनिबंधक समेत संलिप्त समस्त दोषियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है।

थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव का कहना है कि तहरीर मिली है। पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद सत्यता के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उपनिबंधक नौतनवा संदीप गौड़ का कहना है कि बैनामा के दौरान विक्रेता का बयान लिया गया था। उसे मानसिक रूप से विक्षिप्त बताने का आरोप निराधार है।

# यूरिया वितरण में अनिय
# पर बी-पैक्स सचिव नि

## कृभको की 400 बोरी यूरिया पीसीएफ की ओर से समिति

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज/ठूठीबारी।** बी-पैक्स लि. गड़ौरा में यूरिया वितरण में अनियमितता का मामला सामने आया है। बृहस्पतिवार को कृभको की 400 बोरी यूरिया पीसीएफ की ओर से समिति को भेजी गई थी। इस दौरान समिति के सचिव विक्की यादव की अनुपस्थिति में कर्मचारी राम प्रवेश यूरिया उतरवा रहे थे। कुछ समय के लिए समिति के अन्य कर्मचारी सुभाष पटेल भी मौके पर मौजूद थे। यूरिया उतरने के बाद सुभाष पटेल ने अपने निजी उपयोग के लिए ट्रैक्टर-ट्राली से 25 बोरी यूरिया ले जाने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों की सतर्कता के कारण इसकी सूचना प्रशासन तक पहुंची, जिसके बाद ट्रैक्टर-ट्राली को ठूठीबारी थाने में खड़ा करा लिया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता), विकास खंड निचलौल को तत्काल जांच के आदेश दिए गए। प्रारंभिक जांच के आधार पर बी-पैक्स गड़ौरा के सचिव विक्की यादव को तत्काल



बरामद यूरिया के साथ गिरफ्तार आरोपी। स्रोत-एसएसबी

प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रकरण की विस्तृत जांच की जा रही है, ताकि सभी तथ्यों का खुलासा हो सके। ऐसी अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**यूरिया नहीं मिलने की शिकायत की जांच करने पहुंचे अधिकारी:** धानी बाजार प्रतिनिधि के अनुसार अपर जिला कृषि अधिकारी दिनेश कुमार बृहस्पतिवार को दोपहर बाद विकास खण्ड धानी के साधन सहकारी समिति कानापार पर यूरिया खाद नहीं मिलने की शिकायत की जांच करने पहुंचे।

उन्होंने बताया कि क्षेत्र के सभा सिकंदार जीतपुर नि किसान शैलेश तिवारी ने अ शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि साधन सहकारी समिति कान में जिम्मेदार कर्मचारी निर्धारित से अधिक दाम पर यूरिया खाद रहा था। जांच अधिकारी दि कुमार ने बताया कि कानापार स को अबतक 4860 बोरी यूरिय 1075 बोरी डीएपी की आपूर्ति गई है, जो विगत वर्षों से अ है। उन्होंने बताया कि स्टॉक वितरण रजिस्टर से संबंधित अभिलेखों की जांच कर रिपोर्ट

BASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-08-2025

# तीन अलग-अलग स्थानों प
# मारपीट, 17 पर कार्रवाई

जागरण संवाददाता, बस्ती: तीन अलग-अलग स
पर मारपीट के मामले में पुलिस ने पीड़ितों की त
पर 17 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। वाल्टरगं
ग्राम गड़वर पुरवा (गनेशपुर) में बुधवार को
सात बजे रामप्रसाद गुप्ता पुत्र मेवालाल के
जितेन्द्र, महेन्द्र व पत्नी सुशीला को जानमाल
धमकी देकर गांव के ही जितेन्द्र, महेन्द्र व सु
पत्नी महेन्द्र ने एकराय होकर पिटाई कर
वाल्टरगंज के ही धौरपारा गांव में रेनू पत्नी रमेश
गांव की ही सरिता, कविता व उनकी बहन सुनी
मारपीट कर घायल कर दिया। मुंडेरवा के धौ
गोचना गांव में विनीत कुमार को गांव के ही हरि
समेत चार लोगों ने जान से मारने की धमकी दी।

# बालिका को न्याय पीठ के स
# न करने पर कोतवाल, विवे

**बस्ती (एसएनबी)।** पीड़ित नाबालिक को सी डब्लू सी के समक्ष न प्रस्तुत करने को लेकर सी डब्लू सी के चेयर पर्शन प्रेरक मिश्रा ने सख्त रुख अपनाते हुए कोतवाल और मामले के विवेचक को तलब किया है, पत्र मे तीन दिन के भीतर बालिका को प्रस्तुत करने के साथ ही स्पष्टीकरण भी मांगा गया है।

बताते चले की कोतवाली थाना क्षेत्र की एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति की पुत्री के साथ दुराचार की घटना कारित की गयी थी, घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली मे मुकदमा दर्ज करवाना चाहा परन्तु कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज नही किया, पीड़िता ने न्यायलय की शरण ली तो वहां से मुकदमा दर्ज करने का आदेश हुआ, कोतवाली पुलिस ने मामले को पंजीत करते हुए, बालिका को 24 जुलाई को न्याय पीठ के सदस्य

स्थाई सुपुर्दगी
विवेचक ने लाप
न्यायपीठ के समक्ष
की वस्तुस्थित
अध्यक्ष प्रेरक मि
संतोष श्रीवास्तव,
गंभीरता को देखते
कोतवाल सदर
भीतर बालिका को
पूर्ण करने मे व
स्पष्टीकरण भी
किया गया है।

अध्यक्ष प्रेरक
की यह कार्य बा
है, पुलिस की
काउंसलिंग नही

## फोरलेन पर नगर थानांतर्गत पुरैना के पास गुरुवार को हुआ हादसा

# कार और बाइक में भिड़ंत एक की मौत, चार गंभीर

**हादसा**

**नगर बाजार (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद।** फोरलेन पर नगर थानाक्षेत्र के पुरैना गांव के पास गुरुवार को अयोध्या से बस्ती तरफ से आ रही कार अचानक बेकाबू हो गई। डिवाइडर से टकराकर कार दूसरी लेन में जा पहुंची। यहां बस्ती से अयोध्या की तरफ जा रहे दो बाइक को चपेट में लेते हुए झाड़ियों में जा घुसी। बाइक चार सवार पांच लोग सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों के जरिए सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे में गंभीर रूप से घायल एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो अन्य की हालत गंभीर देख उन्हें मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया है।

बताया जा रहा है कि जितेंद्र पुत्र राम उजागिर निवासी करनापुर थाना परसरामपुर, नगर थानाक्षेत्र के रानीपुर स्थित अपनी मौसी के घर आया था। गुरुवार को वह मौसी की लड़की पुष्पा व डाली पुत्री राजित राम के साथ निकला था। बताया जा रहा है कि गुरुवार शाम करीब चार बजे अयोध्या की तरफ से आ रही एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर दूसरी लेन में चली गई। उस लेन में अलग-अलग दो बाइक पर सवार जितेंद्र पुत्र राम उजागिर निवासी करनापुर थाना परशुरामपुर, पुष्पा व डॉली पुत्री राजित राम, निवासी रानीपुर थाना नगर, उमेश कुमार पुत्र राम सिंह निवासी कटका भगत,थाना भमोरा, जिला बरेली और रंजीत पुत्र भोला प्रसाद निवासी असनारा थाना पैकोलिया को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल बरेली निवासी उमेश कुमार बाइक पर फेरी लगाकर सामान बेचता है। घटना होते ही आसपास राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची नगर पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां इलाज के दौरान जितेन्द्र की मौत हो गई। जबकि पुष्पा व डाली की हालत नाजुक देख चिकित्सक ने बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष नगर विश्व मोहन राय ने बताया कि कार चालक घायल अवस्था में भीड़ का फायदा उठाकर वाहन छोडकर फरार हो गया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



हादसे में घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल भेजवाया।

# इंटरनेट के खतरों से रूबरू हुए वि

**बस्ती।** पुलिस लाइन सभागार में आयोजित कार्यक्रम ने विद्यार्थियों के दिमाग में साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता की एक नई लहर पैदा की। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में शहर के 20 प्रतिष्ठित स्कूलों के सैकड़ों छात्र-छात्राएं, शिक्षक और स्कूल प्रबंधक शामिल हुए। डीआईजी, पुलिस अधीक्षक और सीओ से मिलकर विद्यार्थी काफी खुश दिखे। बच्चों के चेहरों पर उत्साह और जिज्ञासा साफ झलक रही थी। उन्हें न केवल साइबर दुनिया के खतरों को समझने का मौका मिला, बल्कि पुलिस के शीर्ष अधिकारियों से सीधे संवाद करने का अवसर भी प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीआईजी संजीव त्यागी और पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने सभागार में मौजूद बच्चों को साइबर अपराधों से





गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अफसरों संग सेल्फी लेते स्कूली छात्र व शिक्षिका।

बचाव के गुर सिखाए। डीआईजी संजीव त्यागी ने बच्चों को मोबाइल के प्रयोग के दौरान अनुशासित रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा, 'मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग पढ़ाई के लिए करें, न कि गेम, रील्स या अनधिकृत साइटों पर समय बर्बाद करने के लिए।' उनकी सलाह ने बच्चों के मन में एक गहरी छाप छोड़ी। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बच्चों को सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बचने और ऑनलाइन सुरक्षा के प्रति सजग रहने की बात बताई। छात्र-छात्राएं उनकी बातों को मंत्रमुग्ध होकर आत्मसात करते दिखे।

एसपी अभिनंदन ने भी बच्चों का उत्साह देखकर बड़े प्यार से उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं। खुश होकर

एक छात्रा ने क
केवल साइबर स
अपने हीरो पुलि
मौका भी मिला
कैलाश नाथ दुबे
आयोजन न के
अपराधों के प्रति
बल्कि उनके म
सम्मान और उ




बढ़ते साइबर अपराध व भविष्य में इससे उत्पन्न होने वाले संकट के प्रति लोगों को जागरूक क
अपने अखबार 'हिन्दुस्तान' ने बस्ती पुलिस के साथ मिलकर पुलिस लाइन सभागार में साइब
का आयोजन किया। इस कार्यशाला में शहरी क्षेत्र के 20 प्रतिष्ठित विद्यालयों ने प्रतिभाग किय
साथ ही प्रबंधक, प्राचार्य और शिक्षक भी इस कार्यशाला का हिस्सा बने।

# साइबर सुरक्षा के लिए स

मुख्य अतिथि के रूप में डीआईजी संजीव त्यागी और विशिष्ट अतिथि एसपी अभिनंदन ने दीप जलाकर कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से साइबर क्राइम थाने की टीम ने साइबर क्राइम के तरीके व उनसे बचाव के उपायों को लेकर प्रस्तुतिकरण दिया।

साइबर अपराध पर चर्चा करते हुए आला अफसरों व साइबर विशेषज्ञों ने बताया कि किस तरह कम्प्यूटर, इंटरनेट नेटवर्क, मोबाइल फोन व अन्य डिजिटल माध्यमों से किसी की जानकारी चुराकर, धोखाधड़ी कर, डाटा नष्ट कर आर्थिक नुकसान





कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी।

# बैट्री चुराने वाले वाले गैंग का खुलासा, तीन गिरफ्तार

- पटेल चौक के पास से पुलिस ने की धरपकड़
- चोरी की चार बैट्रियां बरामद

**बस्ती, निज संवाददाता।** जिले में ई-रिक्शा बैट्री चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गैंग का कोतवाली पुलिस ने खुलासा किया है। कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ई-रिक्शा की चार बैट्री बरामद की है। पकड़े गए तीनों आरोपितों पर पहले से चोरी व अन्य आरोपों में मुकदमे पंजीकृत हैं।

सीओ सिटी सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी ने धरपकड़ की जानकारी देते हुए बताया कि बैट्री चोरी करने वाले गैंग की तलाश में कोतवाल दिनेश चंद्र चौधरी की टीम लगी थी। गत मंगलवार को मड़वानगर निवासी शिवा कुमार ने तहरीर देकर कोतवाली में केस दर्ज कराया था कि उन्होंने अपना ई-रिक्शा मड़वानगर में स्थित रूम के पास खड़ाकर चार्जिंग पर लगाया था। सुबह साढ़े आठ बजे जगा तो ई-रिक्शा की बैट्री और चार्जर चोरी हो चुका था। इस केस की जांच में जुटे कोतवाल को मुखबिर से सूचना मिली कि टोल प्लाजा के पास बैट्री चोरी करने वाले गिरोह के लोग चोरी की बैट्री बेचने के फिराक में खड़े हैं। टीम ने मौके पर पहुंचकर तीनों लोगों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपितों कृष्णा सोनी निवासी रौता चौराहा ब्लॉक रोड थाना कोतवाली, सिद्धार्थ शर्मा निवासी गुवांव थाना दुबौलिया हाल मुकाम विवेकानंद कालोनी महरानी होटल के सामने थाना कोतवाली व आफताब आलम निवासी बैरिहवां थाना कोतवाली को टीम ने गुरुवार को पटेल चौक टोल प्लाजा के पास से गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर चोरी की चार बैट्रियां बरामद की गईं। टीम में कोतवाल के साथ चौकी प्रभारी मड़वानगर संतोष दूबे, चौकी प्रभारी जेलगेट सुरेन्द्र प्रसाद, चौकी प्रभारी बड़ेवन विवेकानन्द तिवारी, हेड कांस्टेबल भीष्म नरायन सिंह, जनार्दन यादव शामिल रहे।

# चीनी मिल गेट पर 10वें दिन भी जारी रहा

**वाल्टरगंज, हिसं।** गोविंदनगर चीनी मिल को चलाने के लिए कर्मचारी किसान व्यापारियों का धरना चीनी मिल गेट पर 10वें दिन भी जारी रहा। धरने को समर्थन देने के लिए विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने समर्थन दिया और कहा कि चीनी मिल चलने तक संघर्ष जारी रहेगा।

धरने को संबोधित करते हुए अखिलेश सिंह ने कहा कि धरने का 10वां दिन है। जिले से कोई अधिकारी यहां आकर किसानों मजदूरों और व्यापारियों का हाल-चाल नहीं ले रहा है। मिल चलाने को लेकर मेरा पूरा समर्थन है और इसके लिए जिस भी स्तर पर गुजरना होगा वहां तक चला जाएगा। चीनी मिल कर्मचारी महेश कुमार पांडेय ने बताया कि शुक्रवार को क्षेत्र के किसान, व्यापारी, मजदूर और विभिन्न संगठन संग अपनी मांगों को लेकर



गुरुवार को गोविंदनगर चीनी मिल के पास धरने पर बैठे लोग। • हिन्दुस्तान

- आज डीएम को ज्ञापन देंगे किसान, व्यापारी, मजदूर संगठन
- मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज करने की दी चेतावनी

जिला प्रशासन के समक्ष पहुंचेंगे। यदि हम लोगों की मांगे नहीं पूरी हुई तो यह आंदोलन और तेज होगा। धरनारत लोगों की मांग है चीनी मिल का संचालन हो। वहीं कर्मचारियों का कहना है यदि मिल प्रशासन इसे चलाने में हीलाहवाली करता है तो जिला प्रशासन को अपनी रिपोर्ट सरकार को भेजनी चाहिए। किसान अमरनाथ चौधरी ने कहा हम लोग मुख्यमंत्री से लेकर प्रदेश के कई मंत्री और सांसद के चीनी मिल चा धरने में यशवंत अंगद वर्मा, ज चौधरी, वीरेंद्र चौ रामशरण मौर्य, संख्या में किसान शामिल रहे।

# डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई से मचा हड़कंप

**बस्ती, निज संवाददाता।** शहर में प्रमुख रूटों पर डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान के तहत कार्रवाई होने से संचालकों में हड़कंप मच गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग से लेकर बस्ती-लखनऊ पर परिवहन विभाग ने डग्गामार वाहनों की दखल रोकने के लिए चौथे दिन भी संयुक्त अभियान जारी रहा। टीम ने गुरुवार को सुबह मनौरी चौराहे सहित अन्य रूटों पर अनाधिकृत रूप से सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों की चेकिंग की गई।

एआरटीओ एसके मौर्य, पीटीओ प्रदीप श्रीवास्तव की अगुवाई में टीम ने वाहनों के अभिलेखों की जांच कर कार्रवाई की गई। इस दौरान टीम ने मुख्य मार्गों पर अनधिकृत रूप से सक्रिय पांच वाहनों पर कार्रवाई की गई। संजय तिवारी, इंद्रजीत तिवारी ने बताया अभियान के तहत



मनौरी चौराहे पर डग्गामार वाहनों की जांच करती टीम।

कार्रवाई होने पर रोडवेज की आय में सुधार आएगा।

चेकिंग के दौरान एआएम आयुष भटनागर, यातायात प्रभारी अवधेश तिवारी, कृष्णानंद पांडेय, मनोज शुक्ला, मनीष श्रीवास्तव, नरेंद्र श्रीवास्तव मौजूद रहे। एआरटीओ एसके मौर्य ने बताया कि मनौरी चौराहे पर चेकिंग के दौरान तीन ऑटो का चालान किया गया। वहीं एक बस को सीज किया गया है।

# न्यायपीठ के समक्ष बालिका को प्रस्तुत न करने पर कोतवाल व विवेचक तलब

- तीन दिनों में बालिका को प्रस्तुत करने के साथ ही स्पष्टीकरण भी मांगा
- पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली तो वहां से मुकदमा दर्ज करने का हुआ आदेश

**बस्ती, निज संवाददाता।** पीड़ित नाबालिग को सीडब्लूसी के समक्ष प्रस्तुत नहीं करने पर चेयरपर्सन प्रेरक मिश्रा ने कोतवाल और विवेचक को तलब किया है। उन्होंने पत्र में तीन दिनों में बालिका को प्रस्तुत करने के साथ ही स्पष्टीकरण भी मांगा है।

बताते चले की कोतवाली थानाक्षेत्र की एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति की बेटी के साथ दुराचार की घटना हुई थी। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली मे मुकदमा दर्ज करवाना चाहा, लेकिन कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। पीड़िता ने न्यायलय की शरण ली तो वहां से मुकदमा दर्ज करने का आदेश हुआ। कोतवाली पुलिस ने मामले को पंजीकृत करते हुए, बालिका को 24 जुलाई को न्यायपीठ के सदस्य संतोष श्रीवास्तव के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। सदस्य ने बालिका के प्रकरण से संबंधित सभी प्रपत्र के साथ बालिका को पुनः 25 जुलाई को न्याय पीठ के कार्यालय मे प्रस्तुत करने तथा स्थायी सुपुर्दगी कराने का आदेश दिया था। विवेचक ने लापरवाही करते हुए बालिका को न्यायपीठ के समक्ष प्रस्तुत ही नहीं किया। मामले की वस्तुस्थित संज्ञान में आने पर समिति के अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा ने विवेचक और कोतवाल सदर को पत्र लिखा है। पत्र के मुताबिक तीन दिनों में बालिका को प्रस्तुत करने और प्रक्रिया को पूर्ण करने में बरती गई लापरवाही पर स्पष्टीकरण मांगा है। इस बाबत प्रेरक मिश्रा ने कहा कि यह कार्य बालिका के सर्वोच्च हित से जुड़ा है। पुलिस की लापरवाही से बालिका की काउंसलिंग नहीं हो पाई।

# बस्ती में बालिका से रेप की कोशिश के आरोपी को मुठभेड़ में लगी गोली



आरेपी जल्लू

**पुलिस ने गिरफ्तार किया, मिला असलहा और कारतूस**

**बस्ती/सल्टौआ, हिन्दुस्तान टीम।** सोनहा थाना क्षेत्र स्थित शिवाघाट पर निर्माणाधीन श्मशानघाट के समीप गुरुवार की भोर में पुलिस मुठभेड़ में बालिका से दुष्कर्म की कोशिश का आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से असलहा और कारतूस मिला है।

सोनहा थाना क्षेत्र स्थित एक गांव की एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी। उसने कहा कि 27 अगस्त को वह बकरियों को चराने के लिए गांव के बाहर ले गई थी। उसकी 9 वर्षीया बेटी घर पर थी। घर का काम निपटाने के बाद बेटी उनके पास आ रही थी। रास्ते में उनकी बेटी को 30 वर्षीय जल्लू उर्फ जलालुद्दीन ने पकड़ लिया। जल्लू उनकी बेटी को खींचकर झाड़ियों में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। बेटी के शोर मचाने पर गांव के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को आता देख जल्लू वहां से फरार हो गया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी जल्लू उर्फ जलालुद्दीन पर केस दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी।

पुलिस को सूचना मिली कि जल्लू श्मशान घाट के पास छुपा है। गुरुवार भोर में पुलिस टीम श्मशान घाट के पास पहुंची तो जल्लू असलहे से फायरिंग करते हुए भागने लगा। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक गोली जल्लू के पैर में लगी और वह गिर गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उसका अस्पताल में इलाज कराया।

# नवीन पुलिस लाइन के लिए 40 एकड़ भूमि

जागरण संवाददाता, बस्ती: जनपद में पुलिस प्रशासन के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए नवीन पुलिस लाइन की स्थापना के लिए 40 एकड़ भूमि की तलाश शुरू कर दी गई है। यह प्रस्ताव भविष्य में पुलिस बल की बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के संयुक्त निर्देशन में भूमि की पहचान की प्रक्रिया शुरू की गई है। अधिकारियों ने संबंधित राजस्व विभाग को संभावित स्थलों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया है।

नवीन पुलिस लाइन का निर्माण जनपद स्तर पर पुलिस की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से किया जाएगा। इसमें प्रशिक्षण केंद्र, वाहनों के लिए गैरेज, पुलिस कर्मियों के लिए आवास, शस्त्रागार, कंट्रोल रूम, बैरक, परेड




रिजर्व पुलिस लाइन, बस्ती● जागरण

ग्राउंड एवं एक आधुनिक संचार कक्ष भी शामिल होगा। इसके अलावा महिला पुलिस कर्मियों के लिए पृथक सुविधाएं भी प्रस्तावित हैं। भूमि चयन के लिए जनपद के लालगंज क्षेत्र में किन्हीं चार से पांच संभावित स्थानों को चिह्नित किया गया है, जहां शहरी विकास, यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए निर्णय लिया जाएगा। यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि भूमि पर किसी प्रकार का कानूनी विवाद न हो और वह



बाइक चोरी का पर्दाफाश करते हुए सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी व पुलिस की गिरफ्त में चोरी के दोनो आरोपित • जागरण

# चोरी की बाइक के साथ दो धराए

जासं, बस्ती: वाल्टरगंज पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी की एक बाइक बरामद किया गया है। चोरी की घटना का पर्दाफाश करते हुए सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी ने बताया कि वाल्टरगंज के पड़िया तिराहा पर बने ड्रेनेज पुलिया से गुरुवार को दिन में करीब पौने 11 बजे अनीश

# महिला के साथ मारपीट व छे

जासं, पैकोलिया: मानसिक रूप से कमजोर महिला
व छेड़खानी की घटना सामने आई है। पीड़िता के
देकर पुलिस को बताया कि उसकी मां मानसिक
है। गुरुवार की भोर में करीब साढ़े तीन बजे उसकी
निकल गई और भटकते हुए बगल के गांव चोरख
पास पहुंच गईं। उसी गांव के नसीफ अली पुत्र अख
पुत्र साबिर, झिनकू पुत्र नसीरुल्लाह और जालू ने
मां के साथ छेड़खानी की और मारापीटा। उसके बा
दिया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा द

# संदिग्ध युवक को पकड़ कर पुलिस को सौंपा

जासं, महराजगंज: संदिग्ध अवस्था में महाराजगंज कस्बे में घूम रहे युवक को लोगों ने पकड़कर स्थानीय पुलिस को सौंप दिया है। पकड़े गए युवक के पास से कट्टा भी बरामद हुआ है। कप्तानगंज पुलिस संदिग्ध को अपने साथ थाने ले गई है। महराजगंज में गुरुवार की रात 10 बजे लोगों को कुछ युवक संदिग्ध हालत में चहल कदमी करते दिखाई दिए। लोगों ने उनमें से एक को तो दबोच लिया। लोगों ने बताया कि युवक के पास रुमाल में ऐसा रसायन लगा है, जिसे

# पुलिस आवास में तोड़फोड़ का आरोप आरोपितों पर केस दर्ज

जासं, वस्ती: लालगंज स्थित पुलिस चौकी के पास बने आवास में तोड़फोड़ कर प्रतिमा स्थापित करने का प्रयास किया गया है। इस घटना के संबंध में लालगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। आरक्षी अरविन्द कुमार यादव की तहरीर के अनुसार, जब चौकीदार जगदीश गोस्वामी व फूलचंद ने तोड़फोड़ करने से मना किया, तो आरोपित उनके साथ दुर्व्यवहार करने लगे और

# दुष्कर्म के प्रयास के अ
# को मुठभेड़ में लगी गो

## नौ वर्षीय बच्ची से किया था प्रयास 12 घंटे के

जागरण संवाददाता भानपुर, बस्तीः गांव की ही नौ वर्षीय बालिका से दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोपित को गुरुवार की भोर में करीब तीन बजे पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। इस दौरान आरोपित के पैर में गोली लगी है। सोनहा थानाक्षेत्र के एक गांव की नौ वर्षीय बच्ची को गांव के ही एक युवक ने पकड़ लिया व उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। बालिका के शोर मचाने पर युवक मौके से भाग निकला। पीड़ित के स्वजन द्वारा इस बात की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी।

गुरुवार की भोर में सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सोनहा चंदन कुमार, चौकी



मुठभेड़ में पकड़ा गया दुष्कर्म के प्रयास का आरोपि

सोन्हा क्षेत्र के एक नौ वर्षीय बच्ची के साथ गांव के युवक द्वारा दुष्कर्म करने का प्रयास उसके विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया। सोन्हा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित जलालुद्दीन 12 घंटे के अंदर जवाबी पुलिस फायरिंग में घायल दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। यह कार्रवाई

# अभियान डग्गामारी के खिलाफ...पकड़ स

## एक पखवारे से चल रहा अभियान, डग्गामारी में नहीं आई कमी, हाईवे पर

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** राष्ट्रीयकृत मार्गों पर परमिट शर्तों का उल्लंघन कर दौड़ रहे डग्गामार वाहनों के खिलाफ धरपकड़ अभियान में टीम ऑटो, ट्रैक्टर और बाइक को पकड़ कर चालान कर रही है। इससे अनधिकृत बसों के संचालकों और चालकों के हौसले बुलंद हैं। चौराहों पर अब भी सवारियां भरी जा रही हैं।

टीम कई दिनों से ऑटो, बाइक और ट्रैक्टर का चालान कर रही है। बताया गया कि यह अभियान रोडवेज की सवारी लेकर रफूचक्कर हो रहे



बस को सीज करती टीम। संवाद

डग्गामार वाहनों के खिलाफ है, लेकिन टीम इसे नजरदांज कर रही है। राष्ट्रीयकृत मार्ग पर सवारी ढोने के लिए परमिट वाले संचालक हर चौराहे पर बसें, ट्रैवलर खड़े कर सवारी भर रहे हैं। इससे रोडवेज बसों की सवारी कम हो जा रही है। जबकि नियम है कि स्टेज

टैरिज परमिट लिए वाहन को स्थान से सवारी भरकर निर्धारित स तक पहुंचाना है। बीच-बीच में स नहीं भर सकते। इनको बुकिंग सि में शामिल किया गया है।

लेकिन, टोल प्लाजा, बड़े मूड़घाट, मनौरी, इंजीनियरिंग कॉ चौराहा, हड़िया और हर्रैया क्षेत्र सवारी भर रहे। लोगों ने बताया परमिट शर्तों का उल्लंघन कर दौड़ वाहनों से नजर हटा लिए हैं। हाल दिखावे के लिए अभियान रोजाना रहा है। बृहस्पतिवार को भी परि निगम, परिवहन विभाग और याता पुलिस की संयुक्त में टीम ने नेश

# मोबाइल के सदुपयोग से आसान होगी

## जीजीआईसी में आयोजित कार्यक्रम में डीआईज

पुलिस की पाठशाला

संवाद न्यूज एजेंसी



राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित पुलिस की पाठशाला में छात्राओं को संबोधित करते डीआईजी संजीव त्यागी। संवाद

**बस्ती।** साइबर अपराध से बचने के लिए खुद पर संयम रखना सबसे जरूरी है। अनावश्यक किसी लिंक को न खोलें। केवल उन्हीं लिंक पर जाएं, जिनके बारे में जानते हों। छात्राएं मोबाइल का सदुपयोग करें तो वे कभी किसी साइबर अपराधी के जाल में नहीं फंसेंगी। साइबर अपराधी की गिरफ्त में कोई तभी आता है जब वह अपने मोबाइल का दुरुपयोग करता है या किसी झांसे या लालच में आ जाता है।

यह कहना है पुलिस उप महानिरीक्षक संजीव त्यागी का। वह बृहस्पतिवार को शहर के राजकीय कन्या इंटर कालेज में अमर उजाला फाउंडेशन की तरफ से आयोजित पुलिस की पाठशाला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि छात्राओं की मदद के लिए पुलिस हमेशा तत्पर है। छात्राएं पुलिस के 112 नंबर पर अपनी समस्याएं बता सकती हैं। उनकी पहचान गोपनीय रखी जाती है।

छात्राएं पुलिस चौकी, थाना या पुलिस के किसी भी अधिकारी से मदद ले सकती हैं। अपनी सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए छात्राओं को खुद भी जागरूक रहना पड़ेगा। पहले छात्राओं को अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए तभी वे खुद की सुरक्षा कर पाएंगी। छात्राओं को सजग करते हुए उन्होंने कहा कि साइबर दुनिया बहुत बड़ी है। बहुत सावधानी के साथ इसका प्रयोग करना चाहिए। बहुत जरूरी हो तभी कोई लिंक ओपन करें क्योंकि आकर्षक लालच के सहारे साइबर अपराधी आकर्षित करते हैं और लोग उनके जाल में फंस जाते हैं। साइबर दुनिया में गलती सुधारने के मौके नहीं मिलते हैं इसलिए इनका इस्तेमाल करने में बहुत सतर्क रहना चाहिए।

राजकीय इंटर कालेज की प्राचार्या अपर्णा भारद्वाज ने डीआईजी का स्वागत किया। कहा कि पुलिस हमेशा छात्राओं की मददगार रही है। कोई भी समस्या आने पर हम पुलिस की मदद लेते हैं। छात्राओं को स्कूल आते समय यदि रास्ते में कोई दिक्कत आती है तो वे पुलिस से मदद ले सकती हैं। उन्होंने कहा कि छात्राएं घर से स्कूल के बीच खड़े असामाजिक

# बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

## कोतवाली पुलिस को मिली कामयाबी, चार बैटरी बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** ई-रिक्शा बैटरी की ताबड़तोड़ चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करने में कोतवाली पुलिस ने बृहस्पतिवार को कामयाबी हासिल की। सरगना सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ई-रिक्शा की चार बैटरी बरामद की है।

सीओ सिटी सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी ने बताया कि कोतवाल दिनेश चौधरी को मुखबिर से सूचना मिली कि टोल प्लाजा के पास बैटरी चोरी करने वाले गिरोह के गुर्गे बैटरी बेचने के फिराक में खड़े हैं। टीम ने मौके पर पहुंचकर तीनों को दबोच लिया। आरोपी कृष्णा सोनी निवासी रौता चौराहा ब्लॉक रोड थाना कोतवाली, सिद्धार्थ शर्मा निवासी गुवांव थाना दुबौलिया हाल मुकाम विवेकानंद कॉलोनी महरानी होटल के सामने थाना कोतवाली, आफताब आलम निवासी बैरियहवा थाना कोतवाली को पटेल चौक टोलप्लाजा के पास डूडा आफिस के बगल से गिरफ्तार किया गया।

उनकी निशानदेही पर चोरी की बैट्रियां बरामद की गईं। तीनों पर पहले से चोरी व अन्य आरोपों में कई केस दर्ज हैं। मंगलवार को मड़वानगर निवासी शिवा कुमार ने तहरीर देकर कोतवाली में केस दर्ज कराया था कि उन्होंने अपना ई-रिक्शा मड़वानगर में स्थित रूम के पास खड़ाकर चार्जिंग पर लगाया था। सुबह साढ़े आठ बजे जगा तो ई-रिक्शा की बैट्री व चार्जर चोरी हो चुका था।

# बालिका से दुष्कर्म की कोशिश

# मुठभेड़ में आरोपी गिरफ्तार

## सोनहा थानाक्षेत्र का मामला, निर्माणाधीन श्मशान घाट के पास छिपा था आरो

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** बकरी चराने गई मां के पास जा रही नौ वर्षीय बालिका को झाड़ी में खींचकर दुष्कर्म की कोशिश का मामला सामने आया है। ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपी भाग गया। सूचना पर पुलिस ने खोजबीन शुरू की। सीओ स्वर्णिमा सिंह ने बताया कि मुठभेड़ में जल्लू उर्फ जलालुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके दाहिने पैर में गोली लगी है। इलाज कराया जा रहा है।

सीओ स्वर्णिमा सिंह ने बताया कि नौ वर्षीय बच्ची की मां ने सोनहा थाने में तहरीर दी कि बुधवार को वह बकरियों को चराने गांव के पास गई थी। नौ वर्षीय बेटी से कहकर गई थी कि घर का काम समाप्त करके उसके पास चली आना।

### पुलिस पर हमले के बाद जवाबी फायरिंग में पैर में लगी गोली

### घर से मां के पास जाते समय हुई थी वारदात

तहरीर के मुताबिक, बेटी घर से मां के पास जाने के लिए निकली। आरोप है कि शाम के वक्त रास्ते में जामुन के पेड़ के पास बेटी को 30 वर्षीय आरोपी जल्लू उर्फ जलालुद्दीन ने पकड़ लिया और खींचकर झाड़ियों में ले गया।

यहां उससे दुष्कर्म की कोशिश करने लगा। चीख-पुकार सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंच गए। उन्हें देखकर आरोपी मौके से भाग निकला।

पीड़िता की मां की तहरीर
आरोपी जल्लू उर्फ जलालुद्दीन
खिलाफ दुष्कर्म के प्रयास, पॉ
समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज
उसकी तलाश शुरू कर दी
मुखबिर की सूचना पर एसएच
चंदन कुमार की टीम ने शिवा
स्थित निर्माणाधीन श्मशान घाट
पास उसे पकड़ने के लिए घेराबंदी

पुलिस को देखते ही उसने तमंच
पुलिस पार्टी पर फायर झोंक दि
पुलिस की जवाबी फायरिंग में उ
दाहिने पैर में गोली लगी। मौके से
ने 315 बोर का तमंचा व कारतूस
खोखा बरामद किया है। उसके खिल
पुलिस टीम पर जानलेवा हमले
आर्म्स एक्ट के तहत भी केस दर्ज
लिया गया है।

# यूरिया वितरण में हंगामा, सु
# किसानों ने सचिव को बना

## शासन के नोडल अधिकारी ने की समीक्षा, समिति और दुकानों से हुआ 500

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** यूरिया वितरण के दौरान बृहस्पतिवार को भी कुछ समितियों पर हंगामा हुआ। एक-दो समितियों पर कुछ देर तक वितरण नहीं हो पाया। पुलिस की मौजूदगी में वितरण कराया गया। विक्रमजोत क्षेत्र की सुकरौली साधन सहकारी समिति पर किसानों ने सचिव को ही बंधक बना लिया। जानकारी होने पर सीडीओ सार्थक अग्रवाल ने मौके पर फोर्स भेजकर वितरण कराया।

सुकरौली समिति पर किसानों की अधिक भीड़ जुट गई। सचिव ने वितरण से मना कर दिया। किसानों ने उन्हें बंधक बना लिया। समिति पर खाद वितरित न होने से हंगामा की जानकारी सीडीओ को मिली। उन्होंने मौके पर पुलिस बल भेजा। कुछ देर बाद पुलिस की मौजूदगी में खाद बंटवाई गई। वहीं, जिले के अन्य क्षेत्रों में भी यूरिया का वितरण पूरे दिन किया गया। एआर कोआपरेटिव आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि 25 से अधिक समितियों पर खाद का वितरण कराया गया है। दो तीन जगहों पर ही ज्यादा भीड़ होने का मामला सामने आया है बाकी जगहों पर स्थिति नियंत्रण में है वहीं निजी क्षेत्र की दुकानों पर भी वितरण शुरू किया गया है। जिल



किसान सेवा केंद्र मंडी में खाद के लिए लगी लाइन। संवाद

### इफको केंद्र का ब्लॉक प्रमुख ने लिया जायजा

**मानिकचंद।** इफको किसान सेवा केंद्र मंडी का बृहस्पतिवार को ब्लॉक प्रमुख अभिषेक कुमार ने जायजा लिया। किसानों से खाद वितरण एवं अन्य समस्याओं की जानकारी ली। किसान विमला, बसंती, सुभद्रा, इसरतजहां, बलकत हुसेन, रामयज्ञ, इसरार, उदय प्रताप, शिवशंकर, पवन कुमार आदि ने बताया कि धूप में लाइन लगाकर खाद लेना मजबूरी हैं। संवाद

# बिना नोटिस के बिजली काटने पर ग्रामीणों ने किया घेराव

संवाद न्यूज एजेंसी

**रुधौली।** बिजली उपकेंद्र पर बृहस्पतिवार को ग्रामीण अवर अभियंता मदन मोहन का खंभा गांव के ग्रामीणों ने घेराव किया। उनका आरोप है कि कर्मचारियों ने बिना पूर्व सूचना के बकायेदारों का कनेक्शन काट दिया। इससे न सिर्फ बच्चों और बुजुर्गों को परेशानी हो रही है बल्कि, तमाम जरूरी काम भी रुक गए हैं।

गांव के उस्मान खान, संजय कुमार, सेराज, मुन्ना, महबूद खान, आसिक अली, शाह मोहम्मद, इकबाल हुसैन आदि के साथ पहुंचे गिरजाशंकर गौड़ छोटे नेता ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई घरों में बीमार बुजुर्ग रहते हैं। सभी घरों में छात्र भी हैं। कनेक्शन काट देने से छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है। बीमार बुजुर्गों को गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस दौरान ग्रामीणों ने गांव में खराब पड़े ट्रांसफॉर्मर, जर्जर तार, लो वोल्टेज सहित अन्य समस्याओं से भी अवर अभियंता को अवगत कराया। एसडीओ बीपी सिंह ने अवर अभियंता मदन मोहन को निर्देशित किया कि धनराशि निर्धारित कर उससे बड़े बकायेदारों का कनेक्शन ही काटा जाए।

# सरयू का कम रहा जलस्तर

**विक्रमजोत।** सरयू नदी का ज तेजी से घटने लगा है। इससे पीड़ितों को राहत तो मिल लेकिन, कटान से दहशत बरक संवेदनशील जगहों पर नदी अ कटान कर रही है। क्षेत्र के अ पकड़ी संग्राम, कल्यानपुर के पड़ पास कटान हो रहा है।

संवेदनशील गांवों में बाढ़ ख टीम पिछले एक सप्ताह से सक्रि कटान रोकने के लिए परक्यु मिट्टी एवं ईंट के रोड़े से भरी नदी के मुहाने पर डाली जा र कटान रोधी कार्य तेजी के साथ जा रहा है। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

4

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-08-2025

# गणपति बप्पा मोरया... से गुंजायमान हो रहे पूजा पंडाल

## इटवा में शुरू हुई रामलीला, कल होगा रात्रि जागरण दो दर्जन स्थापित हुई हैं प्रतिमाएं और पंडाल में रौनक





नगर पंचायत इटवा के रामलीला मैदान पर स्थापित प्रतिमा के समक्ष होती आरती व तिलकनगर पकड़ी में स्थापित गणेश प्रतिमा पर पूजा करते श्रद्धालु • जागरण

जागरण संवाददाता, इटवा : तहसील क्षेत्र इटवा में गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से पूरा वातारण गुंजायमान रहा। नगर पंचायत सहित जगह-जगह पंडालों में बीती रात गणेश प्रतिमाएं स्थापित हुईं। प्रतिमाओं के समक्ष पूजा-अर्चना का दौर प्रारंभ हो गया है। भजन कीर्तन के बीच पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। घर में पधारो गजानन जी, मेरे घर में पधारो... गीत भी वातावरण में सुनाई देता रहा।

गणेश महोत्सव धूमधाम के साथ प्रारंभ हो गया है। इस बार तहसील क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक गणेश प्रतिमाएं स्थापित हुई हैं। थाने के सामने रामलीला मैदान पर भव्य गणेश प्रतिमा शोभा बढ़ाए हुए है। पंडाल गणपति बप्पा के जयघोष से गूंज रहा है।

भव्य गेट, रंग बिरंगी लाइटों की सजावट हर किसी के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही। रात में यहां हुई आरती में नगर पंचायत अध्यक्ष विकास जायसवाल, आयोजन समिति अध्यक्ष विनय सोनी, अशोक सोनी, ओम प्रकाश पांडेय, उमेश, सूरज लाल सहित अन्य भक्तगण मौजूद रहे। कस्बे के अलावा करहिया गोसाईं, शाहपुर में भी पांडाल की सजावट आकर्षण का केंद्र बनी रही। यहां पूजा अर्चना के दौरान हर ओर भक्ति छाई रही।

भदोखर, रगड़गंज, पटखौली, महादेव घुरहू आदि स्थानों पर रखी गई गणेश प्रतिमा के समक्ष पूजन अर्चन शुरू हो गया है। भक्ति गीतों से वातावरण गुंजायमान है।

**शुरू हुई रामलीला:** इटवा में गणेश प्रतिमा स्थल के पास रामलीला का आयोजन किया गया। पहली रात अयोध्या से आए कलाकारों की सुंदर प्रस्तुति ने सभी को भाव विभोर किया। पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा।

**कल होगा भव्य जागरण का आयोजन:** इटवा : गणेश उत्सव के दौरान इटवा थाने के सामने स्थापित प्रतिमा पंडाल में शनिवार को रात्रि जागरण का आयोजन राधे राधे ग्रुप के तत्वावधान में किया गया है।

अध्यक्ष विनय सोनी ने बताया कि जागरण में कई भोजपुरी गायक एवं गायिका भाग ले रही हैं। मुख्य रूप से जागरण सम्राट धर्मेंद्र पंडित अपने भजन-गीत प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा कलाकारों की टीम भी आ रही है जो भव्य झांकी प्रस्तुत करेगी।

# सतर्कता के साथ भाइचारे के माहौल में मनाएं त्योहार : एएसपी



इटवा थाने पर पीस कमेटी की गोष्ठी को संबोधित करते एएसपी प्रशांत कुमार • जागरण



गोष्ठी में मौजूद लोग • जागरण

जागरण संवाददाता, इटवा : इटवा थाना परिसर में गुरुवार को त्योहार को लेकर पीस कमेटी की गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें गणेश पूजा व ईद मिलादुन्नबी पर्व पर चर्चा की गई। लोगों ने उनकी समस्याएं पूछी गई तथा सभी से सौहार्द पूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशांत कुमार ने कहा कि सभी पर्व महत्वपूर्ण है, इसलिए पूरी सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ये क्षेत्र आपसी सौहार्द के रूप में जाना जाता है तो इसकी पहचान आगे भी इसी तरह से बनी रहनी चाहिए। सभी लोग भाइचारे के माहौल में त्योहार मनाएं। कहीं कोई समस्या आती है तो तुरंत इसकी जानकारी दें, जिससे समय से इसका समाधान कराया जा सके। पर्व के दृष्टिगत पुलिस फोर्स मुस्तैद रहेगी, किसी ने अराजकता की तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस क्षेत्राधिकारी शुभेंदु सिंह ने कहा कि सभी लोग गाइडलाइन के अनुसार ही त्योहार मनाएं। पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में तत्पर रहेगी, फिर भी आप सभी को सहयोग जरूरी है। एसडीएम इटवा कुणाल ने कहा कि त्योहार ऐसा मनाएं कि आपसी सौहार्द बना रहे। कहीं से भी कोई विवाद की स्थिति न पैदा हो। बैठक में प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर तिवारी, इटवा सुन्नी जामा मस्जिद के इमाम मौलाना उस्मान अलीमी, खान रज़ा, अब्दुल मुईद, रिज़वान अहमद सिद्दीकी, नफीस अहमद, गुलाम, राजू पार्सल, सभासद चन्दन, कासिम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस रात्रि गश्त कर रोकेगी चोरियां

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : जिले में लगातार हो रही चोरी की वारदातों ने पुलिस की सतर्कता और व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए थे। अब पुलिस ने रणनीति बदलते हुए रात्रि गश्त को और मजबूत करने का निर्णय लिया है। पुलिस का कहना है कि अपराधियों पर नियंत्रण के लिए हर थाना क्षेत्र में विशेष टीम गठित की गई है, पुराने अपराधियों का सत्यापन हो रहा है और चोरियों के पर्दाफाश के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।



हाल के दिनों में जिले के कई इलाकों में चोरी की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। सीसीटीवी कैमरों की मौजूदगी और निगरानी के बावजूद चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे थे। कुछ घटनाएं तो थाने के पास तक हुईं, जिससे पुलिस की व्यवस्था पर सवाल उठे। इनमें नौ अगस्त की रात इटवा थाना क्षेत्र के सहदेइयां गांव में एलआईसी अभिकर्ता के घर हुई चोरी, 14 अगस्त को सदर थाना के पीछे शिक्षक के घर चोरी, और 13 व 16 अगस्त को चिल्हिया थाना क्षेत्र में हुई दो बड़ी वारदातें शामिल हैं। इन घटनाओं में लाखों रुपये के आभूषण, नकदी, मोबाइल और यहां तक कि रिवाल्वर तक चोरी हुए।

इन घटनाओं को ध्यान में रखकर पुलिस ने अपनी रणनीति को और बेहतर किया है। रात्रि गश्त को मुख्य मार्गों तक सीमित रखने के बजाय गांवों, आंतरिक सड़कों और संवेदनशील स्थानों तक बढ़ाये जाने का निर्णय लिया गया है। पुराने बदमाशों और संदिग्ध लोगों की सूची तैयार कर सत्यापन शुरू हो गया है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक डा.अभिषेक महाजन ने कहा कि चोरों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। रात्रि गश्त बढ़ा दी गयी है। इससे चोरी की घटनाओं में कमी आएगी। जो मामले दर्ज हुए हैं, उनका जल्द पर्दाफाश होगा और सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से अपील की है कि वे सतर्क रहें, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें और घरों में सीसीटीवी और मजबूत ताले लगाने पर ध्यान दें।

# यूरिया के लिए जद्दोजहद, समितियों पर आरोप

## धूप और घंटों लाइन में लगने के बाद भी नहीं मिल रही उर्वरक सचिव कर रहे मनमानी, किसानों में रोष

जागरण संवाददाता, शोहरतगढ़ : धान की फसल को बचाने और पैदावार बढ़ाने के लिए किसान इन दिनों यूरिया के लिए दर-दर भटक रहे हैं। सहकारी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो रही है, वहीं प्राइवेट दुकानदार अधिक दामों पर चोरी-छिपे यूरिया बेच रहे हैं। किसान सुबह से लेकर शाम तक लंबी लाइनों में लगते हैं, लेकिन निराश होकर खाली हाथ लौट रहे हैं।

ग्राम पंचायत पकड़िहवा निवासी श्याम सुंदर चौहान ने बताया कि तीन एकड़ खेत में आठ बोरी यूरिया की जरूरत थी, लेकिन दो दिन लाइन लगाने के बाद भी महज दो बोरी ही मिल सका। वहीं प्राइवेट दुकानदारों पर 400 रुपये में यूरिया बेचने का आरोप लगाया। ग्राम जखौलिया निवासी राम मोहित गिरी ने कहा कि सात बीघा खेत खतौनी में दर्ज है। सोमवार को सहकारी समिति पर लाइन में लगे थे, लेकिन अंगूठा निशान न लगने के कारण उन्हें यूरिया नहीं मिला। ग्राम के ही प्रजा यादव ने आरोप लगाया कि बुधवार को समिति पर 26वें नंबर पर उनका नंबर था। शाम तक नंबर नहीं आया, तो उन्होंने सचिव से आग्रह किया। उन्होंने सचिव की मेज पर 500 रुपये रख दिए, लेकिन सचिव ने रुपये को पैर से हटाते हुए कहा कि जाओ, यूरिया खत्म हो गया है। क्षेत्र के किसान बजरंगी चौहान, साफीउल्लाह, मोहिद चौहान, सर्वजीत, बलिराम, प्रहलाद, शिवकुमार, गिरजा शंकर, सूरज पाल और प्रकाश ने आरोप लगाया कि समिति सचिव की मनमानी भारी पड़ रही है। किसानों ने प्रशासन से सचिव को हटाने की मांग की है। किसानों का कहना है कि प्रशासन कहता है कि यूरिया की कमी नहीं है, लेकिन समितियों पर जरूरत के मुताबिक खाद क्यों नहीं मिल रही? कई किसानों का आरोप है कि कुछ समितियां तय मूल्य से 20 रुपये प्रति बोरी अधिक वसूल रही हैं।



पतिला गांव में छापेमारी के दौरान बरामद 30 बोरी यूरिया के साथ संयुक्त टीम● जागरण



प्रजाराम यादव



राम मोहित गिरी



जोखू



श्याम सुंदर चौहान

**400** रुपये में यूरिया बेचने का आरोप लगाया। ग्राम जखौलिया निवासी राम मोहित गिरी ने कहा कि खतौनी में दर्ज है सात बीघा खेत

यूरिया की कमी नहीं है। जल्द ही समितियों पर पर्याप्त खाद पहुंचा दी जाएगी। सचिव के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जाएगी। निर्धारित मूल्य से अधिक रुपये वसूलने वालों पर भी सख्त कार्रवाई होगी।

राहुल सिंह, एसडीएम शोहरतगढ़

## नेपाल सीमा पर छापेमारी, 30 बोरी यूरिया जब्त

ककरहवा : नेपाल सीमा से सटे पतिला गांव में बुधवार रात संयुक्त टीम ने छापेमारी कर एक घर से 30 बोरी यूरिया खाद बरामद किया। खाद को अवैध रूप से भंडारित कर रखा गया था। कार्रवाई राजस्व विभाग, एसएसबी और पुलिस की संयुक्त टीम ने की। नायब तहसीलदार विजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम ने ग्रामसभा बगही के टोला पतिला में धर्मराज पुत्र श्यामचरण के घर छापा मारा। यहां से बरामद 30 बोरी यूरिया खाद को कब्जे में लेकर मोहाना पुलिस को सौंप दिया गया। मोहाना थानाध्यक्ष रोहित उपाध्याय ने बताया कि जिला कृषि



अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी करने वाली टीम में एसएसबी के सहायक कमांडेंट कैलाश दान, निरीक्षक रमन कुमार, मोहाना थानाध्यक्ष रोहित उपाध्याय, ककरहवा चौकी प्रभारी वीरेंद्र यादव समेत पुलिस और राजस्व विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे।

## समितियों पर यूरिया के लिए भटक रहे किसान

सोहना : यूरिया संकट अभी भी खत्म नहीं हो सका है। समितियों पर यूरिया आई और उसका वितरण भी हुआ, इसके बाद भी बहुत सारे किसान आज भी यूरिया के लिए भटक रहे हैं। सुरेश कुमार, बाबूराम, कन्हैया, सुदामा, महबूब ने बताया कि समिति पर भीड़ बहुत ज्यादा थी, स्टाफ खत्म हो गया, मगर यूरिया नहीं मिली। किसानों ने पर्याप्त मात्रा में समितियों पर यूरिया उपलब्ध कराने की मांग की है।

# साइबर अपराध होने पर 24 घंटे अहम, कार्रवाई में न करें टालमटोल

## एडीजी ने जोन के साइबर नोडल थाना व सेल प्रभारी संग की बैठक

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : साइबर अपराध पर प्रभावी रोकथाम लगाने व अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए एडीजी जोन मुथा अशोक जैन ने गुरुवार की शाम महत्वपूर्ण निर्देश दिए। जोन के सभी जिलों के नोडल अधिकारी (साइबर), साइबर थाना/सेल प्रभारियों और कर्मचारियों के साथ आनलाइन गोष्ठी कर स्पष्ट कहा कि साइबर अपराध में 24 घंटे का समय बेहद अहम होता है, टालमटोल कतई न करें।

एडीजी ने कहा कि फिलहाल साइबर ठगी होने पर अधिक से अधिक धन की रिकवरी हो इस पर जोर दें। वर्तमान में स्थिति संतोषजनक नहीं है। इसे बढ़ाने के लिए सभी जिलों की टीमों को त्वरित और ठोस कदम उठाने होंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि साइबर अपराध से बचाव के लिए स्कूल-कालेज, सरकारी कार्यालय व सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया जाए। लोगों को डिजिटल अरेस्ट, आनलाइन ब्लैकमेल और फर्जी कॉल के झांसे से बचने के लिए सतर्क किया जाए। यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी की शिकायत लेकर आता है तो तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए। ठगी से जुड़े बैंक खाते को तत्काल फ्रीज कराएं, देरी न करें, क्योंकि 24 घंटे का समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। देर हुई तो रकम वापस नहीं मिल पाएगी।



साइबर के नोडल अधिकारी, थाना और सेल प्रभारी के साथ जूम मीटिंग करते एडीजी जोन मुथा अशोक जैन • सौ. इंटरनेट मीडिया

**अभियान में पकड़े गए 541 वारंटी व 58 वांछित:** गोरखपुर: एडीजी जोन मुथा अशोक जैन के निर्देश पर बुधवार की रात में पुलिस ने वारंटी व वांछितों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया। गोरखपुर, बस्ती व देवीपाटन रेंज के 11 जिलों में चलाए गए अभियान में 541 वारंटी व 58 वांछित पकड़े गए।

# विभाग हलकान, नहीं मिले तेंदुए के निशान

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**भनवापुर/भवानीगंज।** क्षेत्र के जलालपुर ग्राम पंचायत के टोला कोनार में मंगलवार को शाम करीब सात बजे एक तेंदुआ दिखने से लोगों में भय का माहौल है।

स्थानीय लोगों के अनुसार खेत के मेड़ पर घूमते तेंदुए की फोटो भी लोगों ने खींचकर सोशल मीडिया पर डाली थी। वन विभाग की टीम तेंदुए की तलाश में लगी रही, लेकिन कहीं कोई निशान नहीं मिला।

तेंदुआ दिखने के बाद गांव में दहशत है। बुजुर्ग और बच्चों को लोगों ने घर में रखा और रात में पहरेदारी भी की। बृहस्पतिवार को पूरे दिन वन विभाग की टीम तेंदुए को खोजने में हलकान रही। मगर कहीं कोई निशान नहीं मिला। क्षेत्र के सोनी गौतम, राजेन्द्र, त्रिवेणी, जयराम, हकीम, रशीद आदि ने बताया कि भले ही तीन दिनों की तलाश में कोई निशान नहीं मिला है।

# फिटनेस जांच के बाद ही कराएं विद्यालय वाहनों का संचालन : डीएम

**सिद्धार्थनगर।** कलक्ट्रेट सभागार में बृहस्पतिवार को डीएम डॉ. राजा गणपति आर की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। डीएम ने कहा कि विद्यालय के वाहनों की फिटनेस की जांच कराने के निर्देश दिए। बिना फिटनेस जांच के कोई वाहन सड़क पर नहीं चलना चाहिए।

डीएम ने निर्देश दिए कि बिना पंजीकरण कोई भी वाहन नहीं चलना चाहिए। परमिट का उल्लंघन करने पर वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एआरटीओ को निर्देश दिया कि ओवरलोड गाड़ियां नहीं चलनी चाहिए। ओवर लोडिंग वाहनों एवं ओवर स्पीड वाहनों का चालान करें।

अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड और एनएचएआई को निर्देश दिया कि ब्लैक स्पाट को चिह्नित कर साइन बोर्ड लगवाएं। इसके साथ ही संकेतक बोर्ड की साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया। उन्होंने हादसे में मौत और घायलों की सूची उपलब्ध कराने के लिए जिम्मेदारों को निर्देश दिए हैं।

# पुलिस की नजर स्थानीय पर... कहीं बाहरी को नहीं बन रहे कहर

## एक सप्ताह के भीतर 15 से अधिक चोरियां, एक करोड़ से अधिक का ले गए सामान

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** जिले में एकाएक चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं। एक पखवारे के बीच 10 से अधिक वारदात को अंजाम देकर आभूषण सहित करीब एक करोड़ के सामान चोर उड़ा ले गए हैं। वारदात को अंजाम देने वाले अभी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं।

चोरी के तरीके पर गौर करें तो लग रहा है कि कोई एक गैंग है जो टुकड़ों में बंटकर अलग-अलग इलाके में वारदात को अंजाम दे रहा है। इसमें सबसे अहम बात यह है कि वर्षों पुराने अंदाज में सेंध लगाकर चोरी की जा रही है। इससे यह प्रतीत हो रहा है कि कोई बाहरी गैंग जैसे कंजड़ आदि गिरोह सक्रिय हुआ हो।

पूर्वांचल में जो भी गैंग पूर्व में सक्रिया रहा और पकड़ा गया, वह रेकी के बाद दरवाजे खिड़की से घुसता था। लेकिन, इसमें सेंधमारी या फिर छत के पीछे से चढ़कर वारदात को अंजाम दिया जा रहा है। वहीं, पुलिस की बात करें तो उसकी नजर स्थानीय गैंग और हाल फिलहाल में बाहर आए शातिरों पर है। यह कहना गलत नहीं होगा कि अगर असली गैंग तक नहीं पहुंचे तो चोरी रुकने वाली नहीं है। क्योंकि न तो चोर सीसी कैमरे में नजर आ रहे हैं और न ही उस रेडियस में ऐसा कोई एक्टिव नंबर सामने आ रहा, जिससे पुलिस उन्हें ट्रेस कर सके।

**तरीका बता रहे पहले करते हैं रेकी:** पुलिस के जानकारों की मानें तो हाल में जो चोरी की वारदात सामने आई है, उनमें कई ऐसे मामले में हैं, जिनमें घर पर कोई नहीं था और उन्हें निशाना बनाया गया। जैसे चिल्हिया थाना क्षेत्र में हुई दो वारदातों में पाया गया। इनमें घर पर ताला लगाकर परिवार के लोग कहीं गए थे, पड़ोसी या फिर खुद लौटकर आए तो पता चला कि घर में चोरी हुई है। कहीं सेंध काट तो कहीं छत के रास्ते चोर दाखिल हुए। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि सटीक रेकी के बाद वारदात को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया है।

बीते सप्ताह चिल्हिया क्षेत्र के बेलगड़ा गांव निवासी शिवकुमार ने बताया कि शुक्रवार रात नौ बजे खाना खाकर परिवार सहित छत पर सोने के लिए चले गए। शनिवार को सुबह उठे तो पता चला कि सोने-चांदी के लगभग ढाई लाख के आभूषण गायब थे और कमरे में घर के पीछे से नकब कटा हुआ था। बॉक्स का ताला तोड़कर चोर उसमें रखे 26 हजार नकदी उठा ले गए।



डुमरियागंज थाना क्षेत्र के खुरपहवा में चोरी के बाद बिखरा सामान। संवाद

### घर में घुसकर चोरों ने साफ किए नकदी व जेवरात

**भनवापुर।** डुमरियागंज क्षेत्र के खुरपहवा गांव में बुधवार की रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। छत के रास्ते घर में घुसे चोरों ने 10 हजार नकदी और जेवरात उड़ा दिए। परिजनों को इसकी जानकारी बृहस्पतिवार को सुबह करीब पांच बजे हुई। 112 पर पीआरवी को फोन कर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी है। पीड़िता ज्ञानमती पत्नी पृथ्वी पाल ने बताया कि वह अपने 14 वर्षीय बेटे रोशन के साथ घर के एक कमरे में सो रही थी। सुबह उठी तो देखा कि कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था। पड़ोसी गोपाल को बुलाकर दरवाजा खुलवाया गया, तब चोरी का पता चला। चोरों ने बगल के कमरे की कुंडी काटकर वहां रखे जेवर और नकदी निकाल ली। घर से करीब 70 मीटर दूर धान के खेत में बक्सा फेंका हुआ मिला, जिसमें कपड़े अस्त-व्यस्त हालत में पड़े थे। गौरतलब है कि एक सप्ताह के अंदर डुमरियागंज सर्किल क्षेत्र में तीन घरों में चोरी की वारदात हो चुकी है, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है।

**केस 1** 25 अगस्त को डुमरियागंज थाना क्षेत्र के धनोहरी निवासी रामफेर मौर्य के घर में छत पर लगे जीने के रास्ते घुसे चोरों ने सूटकेस में रखे एक लाख नकदी और करीब एक लाख के जेवरात को उड़ा ले गए थे। अभी पुलिस मामले की जांच में जुटी है खुलासा का इंतजार है। लोग दहशत में हैं।

**केस 2** 25 अगस्त को ही त्रिलोकपुर क्षेत्र के मन्नीजोत चौराहे पर विश्वनाथ अग्रहरि के घर में घुसकर इलाज के लिए रखे 90 हजार रुपये नकदी के साथ ही करीब सात लाख कीमत तक के जेवरात को उड़ा ले गए थे पीड़ित ने त्रिलोकपुर पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

चोरी के मामले का पर्दाफाश करने के लिए पुलिस टीम लगी हुई है। हर पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। अभी हाल में ही पुलिस ने कुछ मामलों का पर्दाफाश भी किया गया है।-**डॉ. अभिषेक महाजन**, पुलिस अधीक्षक

### शहर में वारदात, सीसी कैमरे से नहीं मिल रहा सुराग

शहर में दुकानों के साथ ही लोग मकानों पर सीसी कैमरे लगाए हैं। इसके बाद भी अधिकांश मामलों में संदिग्ध नजर नहीं आए हैं। कई मामलों में मेन प्वाइंट पर वे दिखते ही नहीं हैं। अगर दिखे भी तो कैमरे की क्वालिटी अच्छी न होने के कारण चेहरा स्पष्ट नहीं हो पाता है। जैसा कि 14 अगस्त को रात में नगर के सिविल लाइंस निवासी सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार का परिवार के घर में हुई चोरी के मामले में हुआ। यहां पर मेन प्वाइंट पर सीसी कैमरा कहीं नहीं था। मुख्य मार्ग पर लगा है तो वहां पर इंट्री नहीं है। ऐसे में कौन आया और कौन गया कोई क्लू नहीं है। इनके घर से लाखों का सामान गया था। पर अब तक पुलिस किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है।

# तस्करी के लिए रखी 30 बोरी यूरिया बरामद

## पतीला गांव में प्रशासन ने कथित किसान के घर मारा छापा, पुलिस कर रही मामले की जांच

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** मोहाना क्षेत्र के पतीला गांव में बुधवार रात प्रशासन और पुलिस की टीम ने एक घर में छापा मारा। मौके से 30 बोरी यूरिया बरामद किया गया। पूछताछ में खुद को किसान बताने वाला धर्मराज दस्तावेज के नाम पर कुछ नहीं दिखा सका। जांच में खेत का रकबा एक एकड़ से बहुत कम पाया गया है। खाद तस्करी के लिए रखी गई थी। टीम ने उसे जब्त कर लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जिले में खाद की किल्लत और एक-एक बोरी के लिए मारामारी जारी है। समितियों पर सुबह से ही भीड़ लग जा रही है। कालाबाजारी को लेकर प्रशासन भी अलर्ट है। बुधवार रात एसओ मोहाना रोहित कुमार उपाध्याय को जानकारी मिली कि क्षेत्र के पतीला गांव में तस्करी के लिए एक व्यक्ति ने खाद स्टोर कर रखी है। सूचना को संज्ञान में लेते हुए नायब तहसीलदार सदर, एसएसबी और कृषि विभाग की टीम के साथ छापा मारा। मौके से 30 बोरी यूरिया बरामद किया गया। जबकि, उसके पास खेत बहुत ही कम है। पूछताछ और जांच में पाया गया कि यूरिया तस्करी के लिए रखा गया था।

इस संबंध में जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।



टोला पतीला में छापेमारी करते नायब तहसीलदार व अन्य। स्रोत-विज्ञप्ति

### जिले में खाद की किल्लत जारी, किसान हो रहे परेशान

### बॉर्डर पर जांच में छह बोरी यूरिया बरामद तस्कर नेपाल भागे

**सिद्धार्थनगर।** यूरिया की मारामारी और होने वाली कालाबाजारी को रोकने के लिए दुकानों से लेकर बॉर्डर तक सख्ती बढ़ा दी गई है। गहन जांच की जा रही है। इस क्रम में एसएसबी 43वीं वाहिनी सीमा चौकी ककरहवा और बजहा की ओर से चेकिंग के दौरान अलग-अलग स्थानों से छह बोरी यूरिया बरामद किया। एसएसबी की ओर से मिली जानकारी के अनुसार सीमा चौकी बजहा से की ओर से दो व्यक्ति एक बाइक पर बोरी लादकर नेपाल की तरफ जा रहे थे। नाका दल को देखते ही वे गाड़ी और सामान छोड़कर नेपाल क्षेत्र में भाग गए। तलाशी के दौरान छह बोरी यूरिया बरामद हुआ, जिसे कस्टम के सुपुर्द कर दिया गया। संवाद

### मारपीट के पांच दोषियों को न्यायालय उठने तक की सजा

**सिद्धार्थनगर।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनुभव कटियार ने मारपीट के मामले की सुनवाई में दोषी पाए जाने पर पांच न्यायालय उठने तक की सजा व प्रत्येक को 1500-15,00 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

अदालत से

डुमरियागंज थाना में दर्ज केस की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनुभव कटियार ने दोषी पाए जाने पर मो. युसुफ, मो. याकूब, अब्दुल समद, इजहार निवसी टिकरिया, अब्दुल अली निवासी डुमरियागंज को न्यायालय उठने तक की सजा व अर्थदंड से दंडित कराया गया। संवाद

# सड़क हादसे में महिला की मौत, तीन घायल

## चंद्रीपघाट मार्ग पर पुल के पास अनियंत्रित होकर पत्थर से टकराई कार

संवाद न्यूज एजेंसी

**भवानीगंज।** क्षेत्र के चंद्रदीपघाट मार्ग पर पुल के समीप एक कार अनियंत्रित होकर बृहस्पतिवार सुबह सड़क किनारे लगे पत्थर से टकरा गई। हादसे में कार में सवार चार लोग घायल हो गए। अस्पताल ले जाने के दौरान फातमा खातून (60) की मौत हो गई, जबकि मोहम्मद उजैर, शादाब और चालक सद्दाम का इलाज चल रहा है। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई है।

जानकारी के अनुसार, डुमरियागंज क्षेत्र के जबजौआ गांव निवासी सद्दाम पुत्र मोहम्मद यासीन अपनी मां फातमा खातून (60) को इलाज के लिए लखनऊ ले जा रहे थे। तभी चंद्रदीप घाट के पास हादसा हुआ। आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई और इसकी जानकारी भवानीगंज पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई।

वहीं घायलों के परिजन और उनके गांव के लोग भी मौके पर आ गए। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल फातमा खातून व मोहम्मद उजैर को परिजनों ने पास में स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया, जहां दोनों की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। रास्ते में फातमा खातून की मृत्यु हो गई। दुर्घटना में शादाब पुत्र मोहम्मद रईस और चालक सद्दाम को भी चोटें आई हैं।



चंद्रीघाट पुल के पास पुलिया से टकराकर क्षतिग्रस्त हुई कार। संवाद

# चिह्नित किए जाएंगे बिना मानक वाले वाहन, होगी कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** अगर बिना व्यवसायिक पंजीकरण के ट्रैक्टर-ट्रॉली भाड़े पर दौड़ा रहे हैं तो सतर्क हो जाएं और तत्काल कागजात दुरुस्त करवा लें। संभागीय परिवहन विभाग की ओर से इसके लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

जांच में बिना पंजीकरण के पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। आरटीओ प्रवर्तन बस्ती मंडल बस्ती ने जल्द अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

बिना नियम-कायदे और अप्रशिक्षित हाथों में वाहन की स्टीयरिंग होने से आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। अन्य वाहनों की जांच और गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई की जाती है। लेकिन, ट्रैक्टर-ट्रॉली पर कभी किसी का ध्यान नहीं जाता है। जबकि, इससे होने वाले हादसे बड़े और जानलेवा होते हैं। यूपी के ही बुलंदशहर में हुए हादसे में श्रद्धालुओं की ट्रॉली में ट्रक ने टक्कर



एआरडीओ कार्यालय।

मार दी। इस हादसे में 11 श्रद्धालुओं की जान चली गई जबकि 45 का घायल हो गए। संख्या से अंदाजा लगा सकते हैं कि किस प्रकार से ट्रॉली बैठे रहे होंगे।

जिले में भी इस प्रकार की ट्रॉली पलटने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। हजारों की संख्या में ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क पर दौड़ रहे हैं जो व्यवसायिक कार्य में हैं। इनका पंजीकरण नहीं है।

आरटीओ बस्ती मंडल बस्ती फकरुद्दीन ने बताया कि जांच की जाता है, लेकिन बिना पंजीकरण वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा।

# दो दोषियों को जेल में बिताई अवधि की

**अदालत से**

**सिद्धार्थनगर।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनुभव कटियार ने चोरी के मामले में दो आरोपियों को जेल में बिताई गई अवधि की सजा और पांच- पांच हजार के अर्थदंड से दंडित किया है।

शोहरतगढ़ में दर्ज चोरी के मामले में सुनवाई मुख्य न्यायिक अनुभव कटियार ने सुनवाई दोषी पाए जाने पर चौधरी नि सुअरहवा, बृज कुमार निवार खुर्द थाना शोहरतगढ़ को बिताई गई अवधि की सजा पांच-पांच हजार के अर्थदंड किया है। संवाद

# दहेज हत्या के तीन दोषियों को आठ-आठ साल की सजा

**अदालत से**

**सिद्धार्थनगर।** अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम मो. रफी ने दहेज हत्या के मामले की सुनवाई करते हुए दोषी पाए जाने पर तीन को आठ-आठ वर्ष के कठोर कारावास व 10-10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। शोहरतगढ़ थाना में दर्ज दहेज हत्या के मामले की सुनवाई करते हुए दोषी पाए जाने पर महेश, लाल गुप्ता, लक्ष्मी देवी निवासी महमुदवा ग्रांट थाना शोहरतगढ़ को दंडित किया गया। संवाद

## दो को न्यायालय उठने तक की सजा

**सिद्धार्थनगर।** न्यायालय सिविल जज सीनियर डिविजन वकील ने मारपीट के मामले के दो दोषियों को न्यायालय उठने तक की सजा और 1500-1500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। इसमें उसका बाजार थाना में दर्ज केस की सुनवाई में रामवेलास, परमात्मा निवासी मरवटिया माफी थाना उसका बाजार को सजा सुनाई है। संवाद



# गणेशोत्सव की धूम, जगह-जगह हुई मूर्ति स्थापन

## दो सितंबर तक चलेंगे आयोजन, तीन को होगा मूर्तियों का विसर्जन

संवाद न्यूज एजेंसी

**बिस्कोहर।** नगर पंचायत बिस्कोहर में गणेश महोत्सव की शुरुआत बुधवार शाम को उत्साह और श्रद्धा के साथ हुई। नगर के चौक रोड में गणेशजी की मूर्ति की स्थापित की गई।

बुधवार को पूजा-अर्चना और आरती के बाद आयोजक सोनू गुप्ता ने बताया कि गणेश महोत्सव दो सितंबर तक चलेगा। एक सितंबर को महा भंडारा और तीन सितंबर को मूर्ति विसर्जन होगा। इस दौरान प्रतिदिन सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम होंगे।

आयोजक मंडल में सुजीत कौशल, जय विजय गुप्ता, राजेश कौशल, सुनील आदि शामिल रहे। पांडेय मोहल्ला में भी गणेशजी की मूर्ति की स्थापना हुई। अध्यक्ष राजीव पांडेय ने बताया कि गणेश उत्सव तीन सितंबर तक चलेगा। दो सितंबर को भव्य जागरण और भंडारा होगा।

बालाजी हनुमान मंदिर कसेरा मोहल्ला, दक्षिण यादव डीह, कश्यप मोहल्ला व मुख्य कस्बा में भी गणेशजी की मूर्ति की स्थापना की।



नगर पंचायत बिस्कोहर के मुख्य कस्बा में स्थापित गणपति। संवाद

## इटवा में 40 स्थानों पर स्थापित हुईं मूर्तियां

**इटवा।** सर्किल के थानों मिश्रौलिया अ गोल्हौरा में 16-16 व इटवा में आठ स्थानों पर गणेश बप्पा की मूर्तियां स्थापित की गई हैं। जानकारी के मुताबिक गोल्हौरा में इस वर्ष गणेश ब की ग्राम महुआ कला में दो, भटगवा मे तीन, बनगाई में दो और तिवारीपुर, चेतियहवा, डडवा पांडेय, बरदहना, बरगदवा, मैनभरिया तेलियाडीह, बरहीना, तेलियाडीह पूर्वी, मिश्रौलिया थाने में अशोगवा घाट, कुर्थिया, कनकटी, डुमरिया पांडेय, बेलवा, मिठौवा, बहोरवा घाट, लामतिया, गंगव छपिया, गौरडीह टोला अहीरडीह व बाजार डीह, मिश्रौलिया टोला केवटहिया और चेतिया में तीन व इटव थाने में इटवा कस्बा, पिपरा पांडेय, मझौवा में आठ स्थानों पर गणेश बप्पा की मूर्तियां स्थापित की गईं हैं। संवाद




डुमरियागंज थाने पर आयोजित पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव। ● हिन्दुस्तान

## शांति व सुरक्षा को लेकर थाने में हुई बैठक

**डुमरियागंज।** गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर शांति और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए गुरुवार को डुमरियागंज थाने में भगवान गणेशजी की प्रतिमा स्थापित करने वाले आयोजकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव ने की। इस दौरान निरीक्षक अपराध छोटे लाल, उपनिरीक्षक विंध्याचल, राम शब्द यादव, कांस्टेबल राहुल यादव, देवेंद्र गुप्ता, मुनील यादव, जयहिंद राजभर, धर्मगुरु राकेश शास्त्री, तरुण अग्रहरि, अंकित तिवारी, विकास आदि मौजूद रहे।



बढ़नी कस्बे में शांति कमेटी की बैठक में उपस्थित लोग। • हिन्दुस्तान

# त्योहार को लेकर शांति कमेटी की बैठक

**बढ़नी**। कस्बे में नगर में गणेश चतुर्थी एवं बारावफात त्योहार को लेकर हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदाय के साथ प्रशासन के लोगों के साथ शांति कमेटी की बैठक की गई। उपजिलाधिकारी राहुल सिंह ने कहा कि त्योहारों को शांति पूर्वक सभी लोग मिल जुलकर मनाए। दोनों समुदायों के लोगों को एक दूसरे की आस्था का सम्मान करना चाहिए, पुरानी परंपरा का उल्लंघन न हो। क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ पने कहा कि त्योहारों में खलल डालने वालों के खिलाफ प्रशासन सख्ती से निपटेगा। थानाध्यक्ष ढेबरुआ गौरव सिंह, चौकी प्रभारी अनिरुद्ध सिंह, ध्रुव चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।



डुमरियागंज थाना क्षेत्र के खुरपहवा गांव में चोरी होने के बाद बिखरे सामान को निहारतीं घर की मालकिन ज्ञानमती। • हिन्दुस्तान

# चोरों ने बनाया घर को निशाना नकदी और गहने की चोरी

- डुमरियागंज थाना क्षेत्र के खुरपहवा गांव का मामला
- चोरों ने घर के बाहर से बंद कर दी थी दरवाजे की कुंडी

**भनवापुर, हिन्दुस्तान संवाद।** डुमरियागंज थाना क्षेत्र के खुरपहवा गांव में बुधवार की रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। छत के रास्ते घुसे चोर लगभग दो लाख रुपए के जेवर और दस हजार नगद चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी गुरुवार सुबह करीब पांच बजे परिजनों को हुई।

पीड़िता ज्ञानमती पत्नी पृथ्वीपाल ने बताया कि वह अपने 14 वर्षीय बेटे रोशन के साथ घर के एक कमरे में खाना खा कर सो रही थी। पति रोजी-रोटी के लिए मुंबई रहते हैं। घर पर हम दोनों लोग थे। सुबह जागने पर देखा कि कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था। पड़ोसी गोपाल को बुलाकर दरवाजा खुलवाया गया तब चोरी का पता चला।

चोरों ने बगल के कमरे का कुंडी काटकर वहां कमरे में रखे बेड के अंदर चटाई में लपेटकर जेवर रखा था उसको चोरों ने निकाल लिया और कपाट में रखा दस हजार नगदी निकाल लिया। तीसरे कमरे में दरवाजा नहीं लगा था उसमें रखा सामान सब बिखरा था और एक बाक्स गायब था। बाहर निकाल कर जब देखा तो घर से करीब 70 मीटर दूर धान के खेत में फेंका हुआ बक्सा मिला जिसमें कपड़े अस्त-व्यस्त हालत में पड़े थे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। सीओ बृजेश वर्मा ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है पता कराता हूं।

## डुमरियागंज थाना क्षेत्र के जबजौवा गांव की निवासिनी थी महिला

# पुलिया से टकरा गई कार महिला की मौत, 3 घायल

**डुमरियागंज/भवानीगंज, हिसं।** एक व्यक्ति कार चलाकर तीन लोगों के साथ लखनऊ जा रहा था। रास्ते में भवानीगंज थाना क्षेत्र के चंद्रदीप घाट पुल के पहले छोटी पुलिया से कार टकरा गई। इससे कार सवार सभी लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंचे परिजनों ने इलाज के लिए घायलों को गोंडा पहुंचाया। जहां पर महिला की मौत हो गई, जबकि एक को लखनऊ रेफर कर दिया गया। अन्य को हल्की चोट आई है।

- भवानीगंज क्षेत्र के चंद्रदीप घाट पुल के पास पुलिया से टकराई कार
- घायलों को इलाज के लिए पहुंचाया गया गोंडा, फातमा की हुई मौत



भवानीगंज थाना क्षेत्र के चंद्रदीप घाट के पास घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों की भीड़।

डुमरियागंज थाना क्षेत्र के जबजौवा गांव निवासी सद्दाम (28) गुरुवार सुबह अपनी मां फातमा खातून (60)को लेकर अपनी कार स्वयं चलाते हुए लखनऊ इलाज के लिए जा रहे थे। गुरुवार सुबह लगभग छह बजे भवानीगंज थाना क्षेत्र के चंद्रदीप घाट के पहले पहुंचे थे कि वहां स्थित एक पुलिया से अनियंत्रित होकर कार टकरा गई। जिससे उस पर सवार सभी लोग घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने चंद्रदीप घाट स्थित किसी प्राइवेट चिकित्सक के इलाज के लिए गए। जहां पर फातमा खातून व मोहम्मद उजैर (तीन) पुत्र सद्दाम की हालत गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया गया। जहां से गोंडा स्थित एक अस्पताल पर अभी पहुंचे ही थे कि फातमा ने दम तोड़ दिया। चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। वहीं उजैर की हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया गया है। जबकि वाहन चालक सद्दाम व शादाब पुत्र मोहम्मद रईस को हल्की चोट लगने की वजह से उपचार किया गया है। भवानीगंज थाना प्रभारी हरिओम कुशवाहा ने बताया कि घटना के संबंध में जानकारी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए निकटतम अस्पताल पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना वाहन चालक की लापरवाही से हुई है।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बोले डीएम डॉ. राजा गणपति आर

# ब्लैक स्पॉट करें चिह्नित गति सीमा का बोर्ड लगाएं

## निर्देश

- बिना फिटनेस व परमिट के चल रहे वाहनों पर करें कार्रवाई
- ओवर लोडिंग व ओवर स्पीड वाहनों का चालान करने के निर्देश

**सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता।** ब्लैक स्पाट को चिन्हित कर साइन बोर्ड, गति सीमा का बोर्ड लगाने के साथ ही संकेतक बोर्ड की साफ-सफाई कराने में किसी भी स्तर पर शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। सभी वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगवाने के आदेश का अनुपालन कराएं। एनएच व अधिक चलने वाली सड़कों के किनारे के विद्यालयों में यातायात के बारे में लोगों को जागरूक के लिए अभियान चलाएं। ये बातें जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने कही। वह गुरुवार को कलक्ट्रेट के सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने विद्यालय के वाहनो के फिटनेस की जांच कराने का निर्देश दिया तथा यह भी निर्देश दिया कि बिना पंजीकरण कोई भी वाहन नहीं चलना चाहिए। इसके साथ ही बिना फिटनेस वाहन नहीं चलना चाहिए। बिना फिटनेस की बसों को बंद करने का निर्देश दिया। बिना परमिट के चल रहे वाहनों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया तथा परमिट का उल्लघंन करने पर वाहन चलाने वालो पर कड़ी कार्यवाई करने का निर्देश दिया। ओवर लोडिंग गाड़ियों नहीं चलनी चाहिए। ओवर लोडिंग वाहनो एवं ओवर स्पीड वाहनों का चालान करें। डीएम ने कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्यक लगाये, तीन सवारी न चले, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। इसके अलावा अगली बैठक की सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु एवं घायलों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इस दौरान एआरटीओ प्रियवंदा सिंह, अधिशासी लोनिवि इटवा आशीष भारद्वाज, जिला विद्यालय निरीक्षक अरूण कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बोलते डीएम डॉ. राजा गणपति आर।

# SANT KABEER NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-29-08-2025

# सीट बेल्ट और हेलमेट
# लिए चला चेकिंग अभि

संतकबीरनगर। यातायात व पुलिस ने बृहस्पतिवार को हेलमे
बेल्ट की जांच के लिए अभियान चलाया। इसके साथ
जनमानस को यातायात नियम के लिए जागरूक किया। पुलि
सीटबेल्ट, हेलमेट व तीन सवारी अभियान के दौरान थाना क
खलीलाबाद ने आठ वाहनों से 7,000 रुपये, थाना दुधारा ने 3
से 35,500 रुपये, थाना महुली ने 41 वाहन ने 38,500 रु
धनघटा ने 10 वाहन से 10,000 रुपये, थाना मेंहदावल ने 1
से 14,000 रुपये, थाना बखिरा ने 20 वाहन से 21,000 रु
बेलहरकला ने पांच वाहन से 5000 रुपये, थाना धर्मसिंहवा
वाहन से 6,500 रुपये वसूल किए। यातायात पुलिस ने 109
1,83,300 रुपये जुर्माना वसूला।

इसके साथ ही वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बि
प्लेट लगा वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चला
को ओवर स्पीड से न चलाने के साथ लोगों से अपील की कि
परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाह
समय हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने के लिए प्रेरित क

# पिता की डांट से नार

# ने नहर में लगाई छला

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र के तामाखास गांव के पास स्थित नहर में एक युवक ने पिता की डांट से नाराज होकर छलांग लगा दी। युवक की बाइक और कपड़ा नहर के पुल पर बरामद हुआ। सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस गोताखोर की मदद से उसकी तलाश में जुट गई। देर शाम तक युवक का पता नहीं लगाया पाया।

कोतवाल पंकज कुमार पांडेय ने

कोतवाल
गांव वे

पुलिस गो
त

नहीं आया।
सुबह त
बताया कि
मोटरसाइकि
पुल पर ख
इस पर
देखा कि
मोटरसाइकि

# गैर इरादतन हत्या दोषी दंप

## वर्ष 2012 में पानी बहने की बात प

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-एक रमेश दुबे की अदालत ने लाठी-डंडे से मारकर गैर इरादतन हत्या करने के दोषी दंपती (सामरथी व कर्मी देवी) को तीन-तीन वर्ष कारावास व तीन-तीन हजार रुपये अर्थ दंड से दंडित किया है। अर्थ दंड अदा न करने पर दोषी दंपती को एक माह अतिरिक्त साधारण सजा भुगतनी पड़ेगी।

थाना मेंहदवाल अंतर्गत ग्राम सरहरी निवासी मुराती देवी पत्नी तीजू ने थाना मेंहदावल पुलिस को सूचना दी कि 27 फरवरी 2012 को समय सात बजे सुबह पानी बहने व निकलने की बात को लेकर सामरथी व कर्मी देवी ने लाठी-डंडा से मारपीट की। शोर सुनकर तमाम लोग आए और बीच बचाव किया।

मामले में थाना मेंहदावल में एनसीआर दर्ज हुआ। दौरान विवेचना चोटहिल तीजू की मृत्यु हो गई। धारा में तरमीम करते हुए विवेचक ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया।

**अदालत से**

## नाबालिग लड़की का अपहरण

**संतकबीरनगर।** विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट भूपेंद्र राय की अदालत ने नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने और बाइक से धक्का देकर गंभीर रूप से घायल करने के मामले के आरोपी कुनाल सिंह उर्फ आदित्य सिंह की जमानत अर्जी निरस्त कर दी है।

पीड़ित पिता ने थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस को तहरीर दी कि 11 जुलाई की सुबह 10 उसकी पुत्री स्कूल जा रही थी। उसी समय थाना महुली अंतर्गत फोन करके उ इसी दौरान आ आया और रा को बहला फुस पर बैठा लिया

उसी दिन श आसपास फो लड़की चुरेब से लथपथ अस्पताल में रहा है।

पुत्री से इस उसने बताया वि

## अभियुक्त को न्यायालय उठ

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** न्यायालय ने ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत पुलिस की सशक्त व प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप तीन अभियुक्तों को आबकारी अधिनियम के अपराध में न्यायालय उठने तक का कारावास व अर्थदंड से दंडित किया गया।

पुलिस विवेच की पैरवी के न्यायालय फीटीसी/ एस आबकारी मेंहदावल अभियुक्त गगनईराव, निवासी कुसप और हरिद्वार

करने का दोषी पाए जाने पर थाना

## मारपीट

# ट्रक की चपेट में आ

## बखिरा चौकी के पास हुआ हादसा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बखिरा।** पुलिस चौकी बखिरा के निकट बुधवार की रात नौ बजे सड़क हादसे में मेडरापार निवासी एक अधेड़ ट्रक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। उस इलाज के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। हालत गंभीर देखकर डॉक्टर ने लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस ने ट्रक कब्जे में ले लिया है।

बखिरा चौकी के पास रात करीब

## बाइकों की ट

**धनघटा।** महुली-
की देर शाम करीब
गंभीर रूप से घाय
चिकित्सकों ने उप
नाजुक बनी हुई है
पर बुधवार शाम
घर जाने की तैयार
वह उसी ओर दौ
और दो लोग गंभी
सीएचसी नाथनगर
प्रेम प्रकाश (40)
पाल (27) पुत्र
हालत नाजुक बन

चालक को हिर
सूचना मिलने प

## उचक्कों ने महिला का मंगलसूत्र उड़ाया

संतकबीरनगर। चुरेब रेलवे फाटक के पास एक महिला के गले से उचक्के ने सोने का ... दिया। घटना की जानकारी होने के बाद पुलि... पहुंचकर जांच में जुट गई। जानकारी के अ... गांव निवासी रिंकी दोपहर लगभग 12:30 ... से चुरेब बाजार किराने का सामान लेने गई...

# पट्टा विवाद : युवक का दावा-कमि...

### कहा-10 मंडी 15 धूर पट्टे में से सिर्फ 10 फीट मिली है जमीन, तहसील...

फॉलोअप

संवाद न्यूज एजेंसी

मेंहदावल। मेंहदावल तहसील परिसर में बुधवार को आत्मदाह का प्रयास करने वाले युवक की फरियाद सुनकर तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व टीम गांव पहुंचकर मामले के जांच में जुट गई। पीड़ित युवक का दावा है कि कमिश्नर के यहां जो मुकदमा चल रहा था, उसमें उसके पक्ष में फैसला हुआ है। तहसील प्रशासन ने इस मामले में पीड़ित युवक से अभिलेख तलब किया है।

विदित हो कि बेलहर थाना क्षेत्र के भगौसा निवासी रिंकू पुत्र मुन्नीलाल के बाबा को गांव में 10 मंडी 15 धूर भूमि पट्टे की मिली थी। यह पट्टा कृषि भूमि का था। इसकी भूमि पर विवाद होने के दौरान निरस्त हुआ फिर पट्टा बहाल हुआ और मामला कमिश्नर न्यायालय में चला गया। इसी भूमि पर रिंकू भवन निर्माण कर रहे थे, जिसको लेकर विपक्षीगण तहसील



भगौसा में इसी जमीन पर पीड़ित रिंकू करा रहा भवन निर्माण। संवाद

अभिलेख... करूंगा।... सिर्फ... जिस... मकान... विपक्षी... परेशान...

तथा ... अवरोध... इसस... रिंकू ने... का प्रय... से लेते... वर्मा र...

# पूरे दिन चली पु
# छापेमारी, सात

नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद। कोर्ट द्वारा जारी किए वारंट के अनुपालन में महुली पुलिस ग़ुरुवार को क्षेत्र के अलग-अलग गांव में छापेमारी की। इस दौरान सात वारन्टी धराए गए। जिन्हें सम्बन्धित न्यायालय भेज दिया है।

थानाध्यक्ष महुली रजनीश राय ने बताया कि उच्चाधिकारियों के आदेश

# ट्रक की चापेट
# एक व्यक्ति क

बखिरा, हिन्दुस्तान संवाद। पुलिस चौकी बखिरा के निकट बुधवार की रात नौ बजे एक सड़क हादसे में 52 वर्षीय एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे जिला चिकित्सालय ले गए। वहां से डाक्टर ने लखनऊ ट्रामा सेन्टर के लिए रेफर कर दिया।

# दुष्कर्म के प्रयास के आरोपी

## कोर्ट का फैसला

- एससीएसटी कोर्ट ने सुना
फैसला, लगाया 51 हजार
रुपये अर्थदण्ड
- अर्थदण्ड की आधी धनराशि
पीड़िता को देने का कोर्ट ने
दिया आदेश

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। दलित महिला के साथ दुष्कर्म करने के प्रयास के आरोपी को एडीजे व विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट भूपेन्द्र राय की कोर्ट ने सुनवाई के पश्चात दोषसिद्ध करार देते हुए पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने आरोपी मनीष पाल पर सजा के साथ विभिन्न धाराओं में कुल 51 हजार रुपए का अर्थदण्ड का भी फैसला दिया। अर्थदण्ड का भुगतान न करने पर आरोपी को पांच माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। कोर्ट ने अर्थदण्ड की सम्पूर्ण धनराशि में से आधी धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया। आरोपी पर पीड़िता का मुंह दबाकर दुष्कर्म करने के प्रयास का आरोप लगाया था।

विशेष लोक अभियोजक एससी
एक्ट आशीष प्रसाद पाण्डेय ने बता
मामला कोतवाली खलीलाबाद थाना
एक गांव का है। आरोपी मनीष पा
आनन्द देव पाल ग्राम मैनसिर थाना
का रहने वाला है।

प्रकरण में पीड़िता ने अभियोग पं
कराया था। उसका आरोप था कि दिना
फरवरी 2015 को रात में अपने तीन
पुत्र के साथ कमरे में सोई थी। भोर में ल

# सूखे पेड़ दे रहे दुर्घटना को दावत

धर्मसिंहवा। बौरब्यास से बेलौहा जाने वाले मार्ग पर सड़क के किनारे लगे पेड़ सूख कर बीच सड़क पर लटक गए हैं जिससे लोगों को दुर्घटना की चिंता सता रही है। वन विभाग के जिम्मेदार लोगों का इस पर कोई ध्यान नहीं है।

बौरब्यास से बेलौहा मार्ग पर सौरहा, राजेडीहा और पौना के पास लगभग आधा दर्जन से ज्यादा पेड़ पूरी तरह से सूख गये हैं। सूखने के कारण बीच सड़क पर लटके हुए हैं। पेड़ लटकने से आने जाने वाले लोग डर के बीच

# दो आरोपियों पर
# हजार का अर्थद

संतकबीरनगर। अपराध स
करने पर आबकारी अधिनियम
अलग-अलग मामलों में दो आ
को सिविल जज सीनियर डि
फास्ट ट्रैक व एसीजेएम सुनील
सिंह पंचम की कोर्ट ने न्यायालय
तक की सजा सुनाई। कोर्ट ने

# कुत्ता टहलाने के विवाद में मारपीट, दो पर मुकदमा

जासं, संतकबीर नगर: कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने कुत्ता टहलाने के विवाद में मारपीट के मामले में दो आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मालीटोला निवासी मनोज कुमार पुत्र बजरंगीलाल ने कोतवाली में दी गयी तहरीर में यह उल्लेख किया है कि गत बुधवार को रात के करीब सात बजे उनका भाई सूर्य प्रकाश अपने कुत्ते को टहला रहा था। जब वह लकी कंप्यूटर की दुकान के सामने पहुंचा तो दुकान पर बैठे अरमान अंसारी ने उसे जातिसूचक

# बाइक सवार बदम

# महिला के गले से

जागरण संवाददाता, संतकबीरनगरः कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के चुरेब में गुरुवार दोपहर दिनदहाड़े महिला से चेन स्नैचिंग का मामला सामने आया है। घर लौट रही महिला के गले से बाइक सवार बदमाश सोने का मंगलसूत्र झपटकर फरार हो गए। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर जुट गए। सूचना पर पहुंची कांटे चौकी पुलिस ने

# सात वारंटी

जासं,महुली : महुली थाना पुलिस
गिरफ्तार किया है।

थानाध्यक्ष महुली रजनीश राय
बाद भी आरोपित कोर्ट में पे
बेलडुआ गांव निवासी विंध्या
निवासी कालपंचम समेत दो,
सकरैचा गांव निवासी देवेंद्र,
यादव, इटौवा गांव निवासी मु
गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# चोरी की बाइक के साथ दो बदमाश धराए

जासं, बस्ती: वाल्टरगंज पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी की एक बाइक बरामद किया गया है। चोरी की घटना का पर्दाफाश करते हुए सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी ने बताया कि वाल्टरगंज के पड़िया तिराहा पर बने ड्रेनेज पुलिया से गुरुवार को दिन में करीब पौने 11 बजे अनीश उर्फ संदीप चौहान पुत्र फेरू उर्फ बच्चूलाल ग्राम रामनगरा थाना सोनहा व राजमन उर्फ लाले पुत्र राजेन्द्र हरिजन निवासी अंबेडकरनगर थाना रुधौली के कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की है। सीओ ने बताया कि आरोपित राजमन उर्फ लाले पर पहले से नौ आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# अभियान के तहत निस

जासं,महुली : राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान के तहत राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में गुरुवार को महुली थाने पर शिविर लगा। महुली थाने में तैनात अधिकार मित्र त्रिलोकी सिंह ने तीन मामलों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करवाया। सभी मामले पारिवारिक रहे। इसमें पति-पत्नी के बीच वार्ता के दौरान बात बन जाने से विवाद खत्म हो गया।

थाना क्षेत्र के तरयापार निवासी

# पिता के डांटने पर घर से भागा यु
# लापता, नहर के पास मिली बाइक

जागरण संवाददाता, संतकबीरनगर: महुली थाना क्षेत्र के मैनसिर गांव का 29 वर्षीय युवक बुधवार की रात से ही संदिग्ध परिस्थितियों में लापता है। पिता की डांट से क्षुब्ध होकर घर से निकला युवक गुरुवार को कोतवाली क्षेत्र के तामा खास गांव के पास नहर किनारे अपनी बाइक और कपड़े छोड़कर गायब हो गया। इससे परिजन उसकी आत्महत्या करने की आशंका जता रहे हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से नहर में युवक की तलाश कराई गई। करीब पांच घंटे तक तलाशी अभियान चलाने के बावजूद युवक का कोई सुराग नहीं मिला।

कोतवाली खलीलाबाद के तामेश्वरनाथ चौकी प्रभारी अरविंद यादव ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 10 बजे मैनसिर निवासी रविंद्र सैनी पुत्र रमेश सैनी चौकी पर पहुंचे

- पांच घंटे तक नहर में चल तलाशी अभियान
- स्वजन को आत्महत्या क आशंका, पुलिस कर रही

घर से निकल गया। देर रात वापस नहीं लौटा तो बुध उसकी तलाश की गई, लेकि जानकारी नहीं मिली। गुरुव तामा खास के ग्रामीणों ने मोटरसाइकिल और कपड़े नह के पास पड़े होने की खबर द बाद परिजनों ने आत्मह आशंका जताई। नहर से यु सुराग न मिलने के बाद चर्चाओं का बाजार गर्म हो कुछ लोग मान रहे हैं कि यु परिवार पर दबाव बनाने की न बाइक और कपड़े नहर किन हैं। वहीं, कुछ लोग यह भी क

# दुष्कर्म के आरोपित को
# वर्ष का कारावास, जुर्मा

जासं, संतकबीर नगर: विशेष न्यायाधीश एस
भूपेंद्र राय ने एक महिला से दुष्कर्म के मामले
को आरोपित को दोषी करार देते हुए पांच
कारावास व 51 हजार रुपये जुर्माना लगाया है
की आधी धनराशि पीड़ित महिला को दी जाएगी

महुली थानाक्षेत्र के मैनसिर गांव निवासी म
के खिलाफ एक गांव की महिला ने मुकामी
मुकदमा दर्ज कराया था। उसका कहना है
अनुसूचित जाति की महिला है। 14 फरवरी
रात को खाना-खाने के बाद अपने तीन वर्षीय
साथ सोई थी। भोर में तीन बजे अचानक ए
कमरे में आया। उनके साथ दुष्कर्म करने की

# एसपी और एडीएम ने किया जिला कारागार का निरीक्षण



जिला जेल का निरीक्षण कर बाहर आतेएसपी संदीप कुमार मीना, एडीएम जयप्रकाश व अन्य • जागरण

- साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और कैदियों की सुविधाओं का लिया जायजा
- बच्चों में वितरित किए गए कुर्सी, मेज समेत अन्य सामाग्री

जागरण संवाददाता, संतकबीरनगर: पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना और अपर जिलाधिकारी जयप्रकाश ने संयुक्त रूप से गुरुवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल, बैरक, मेस व जेल परिसर की सघन चेकिंग की गई।

अधिकारिंयों ने कैदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं

वर्षीय बच्चे को एसपी द्वारा छोटी कुर्सी, छोटा मेज, खिलौना घोड़ा गाड़ी और मिठाई भेंट की गई। इस अवसर पर जेल अधीक्षक

# फर्जी इनवाइस में सामने आई सहायक आयुक्त की दुरभिसंधि

ज़ासं,संतकबीर नगर: 106 करोड़ की फर्जी इनवाइस के मामले में राज्य कर के सहायक आयुक्त की दुरभिसंधि की बात सामने आई है। प्रतापगढ़ के एक व्यक्ति ने खलीलाबाद का पता दर्शाकर गुड्स सर्विस टैक्स (जीएसटी)में फर्जी ढंग से पंजीकरण करा लिया था। किसी फर्म को बिना सप्लाई किए, उससे सामान खरीदे 106 करोड़ की फर्जी इनवाइस लगाकर राजस्व को क्षति पहुंचाने का प्रयास किया था। राज्य कर विभाग की टीम ने कुछ माह पूर्व इंडस्ट्रियल एरिया-खलीलाबाद में छापा डाला था। संबंधित फर्म का न तो कोई बोर्ड मिला था और न ही इसके कभी यहां पर चलने की बात सामने आई थी। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने फर्जी फर्म के प्रोपराइटर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही थी।

जनपद के खंड-एक के सहायक आयुक्त अरविंद कुमार ने कुछ माह पूर्व कोतवाली खलीलाबाद में तहरीर दी थी। इसमें उन्होंने यह उल्लेख किया था कि प्रतापगढ़ जनपद के

रूप में बिजली का बिल लगाए थे। राज्य कर विभाग की जांच में यह पाया गया कि इस फर्म ने बड़े पैमाने पर बिना किसी वास्तविक सप्लाई,खरीद के फर्जी तरीके से मात्र इनवाइस के माध्यम से बिक्री दर्शाते हुए मई- 2025 में जीएसटी रिर्टन दाखिल किया है। फर्जी आइटीसी 18 करोड़ 96 लाख 53 हजार 679 रुपये पास आन किया। जीएसटीआर-3 बी में बिना वास्तविक माल प्राप्त किये फर्जी आईटीसी करके 18 करोड़ 96 लाख 80 हजार 190 रुपये क्लेम किया है। इन्होंने बिहार सिविल लाइन रोड गुरुग्राम स्थित अल्फा इंटरप्राइजेज के स्वामी पूजा को 253 इनवाइस के माध्यम से 39 करोड़ 23 लाख 40 हजार 532 रुपये का तथा गुलाब बाग गर्ग प्लाजा सिंधोरा कलान गांव नई दिल्ली के राधे इंटर प्राइजेज के स्वामी अजय को 248 इनवाइस के माध्यम से 37 करोड़ 86 लाख 25 हजार 817 रुपये की आउटवर्ड सप्लाई दिखाते हुए फर्जी आइटीसी पास कराया है। पंजीयन प्रार्थना-पत्र में उल्लेख किए गए इंडस्ट्रियल एरिया-खलीलाबाद

# GONDA POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-08-2025

# बिना आरटीओ दफ्तर जाए मोबाइल नम्बर अपडेट करें

## सुविधा

**गोण्डा।** अगर ड्राइविंग लाइसेंस या वाहन के रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट में मोबाइल नंबर गलत दर्ज हो गया है तो इसे घर बैठे ही ऑनलाइन ठीक कर सकते हैं। इसके लिए आरटीओ दफ्तर जाने की जरूरत नहीं है।

आरआई बृजेश कुमार ने बताया कि अब नई व्यवस्था के तहत वाहन मालिक व डीएल धारक अपना मोबाइल नंबर सारथी पोर्टल पर खुद अपडेट कर सकते है। ओटीपी वेरिफिकेशन के बाद ही मोबाइल नंबर अपडेट होगा। फिर आपके डीएल और आरसी पर नया नंबर दर्ज हो जाएगा। इसके बाद आपको नए नंबर पर ही ई-चालान समेत सभी अलर्ट मिलेंगे।

उन्होंने बताया समय के साथ कई लोगों के मोबाइल नंबर बदल जाते हैं। ऐसे में उनके पुराने नंबर पर विभाग से भेजी जाने वाली जानकारियां जैसे जुर्माने, दस्तावेज नवीनीकरण की तिथि, लाइसेंस से जुड़ी सूचनाएं या वाहन संबंधी संदेश नहीं पहुंच पाते।

## डायल 149 पर जानकारी लें

गोण्डा। परिवहन विभाग की ओर से विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के लिए याद करने लायक नंबर लागू किया है। आरआई बृजेश ने बताया कि शासन की ओर से पहले से जारी हेल्पलाइन नम्बर 1800-1800-151 के साथ अब शार्ट कोड 149 को लागू किया गया है। ऐसे में अब 149 नम्बर डायल कर भी परिवहन से सम्बन्धित सेवाओं की जानकारी ले सकते हैं। ये सुविधा 24 घंटे मिलेगी।

# हादसे में घायल टेम्पो ड्राइवर में तोड़ा दम

रुपईडीह। एक हफ्ता पूर्व मार्ग दुर्घटना में घायल टेंपो ड्राइवर की गुरुवार को ट्रामा सेंटर लखनऊ में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। इसकी सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

इटियाथोक थाना क्षेत्र के गोंडा-बहराइच मार्ग पर भटपुरवा मल्लापुर के पास दो टेंपो के आमने-सामने भिड़ंत में करीब आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। मौके पर जुटे लोगों ने सभी घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां पर तैनात चिकित्सकों ने टेंपो ड्राइवर जितेंद्र नाथ मिश्रा ऊर्फ जीतू उम्र 45 वर्ष की हालत नाजुक देख उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान जितेंद्र नाथ मिश्रा की मृत्यु हो गई। बताया जा रहा है कि जितेंद्र नाथ मिश्रा ऊर्फ जीतू के परिवार में तीन भाई और दो बहने हैं। सबका शादी-विवाह हो चुका है।

# शिकायतों के निस्तारण में कोताही पर नपेंगे अभियंता

- 20-20 शिकायतकर्ताओं से रोज बात करेंगे अफसर
- शिकायतों की रेंडम चेकिंग भी आला अफसर करेंगे

गोण्डा। बिजली शिकायतों के निस्तारण करने में कोताही पर अधिकारी व अभियंताओं की खैर नहीं है। विभाग के टोल फ्री नम्बर 1912 पर आने वाली शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के दृष्टिगत मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मुख्य अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता व अधिशासी अभियन्ता को रोजाना 20-20 शिकायतकर्ताओं से बात कर उनकी शिकायतों के गुणवत्तापरक निस्तारण करने सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करने के निर्देश दिये गये हैं।

इन शिकायतकर्ताओं का चयन भी मध्यांचल मुख्यालय द्वारा रैन्डम आधार पर किया जायेगा। अधिकारियों को उपभोक्ताओं से बात कर तथा कुछ मामलों में शिकायतकर्ताओं से मिलकर व पूछताछ कर शिकायत गुणवत्तापरक निस्तारण की जानकारी प्राप्त करने के साथ उनका फीडबैक भी लिया जायेगा। जिन कर्मियों द्वारा बिना शिकायत निस्तारण किये अथवा गुणवत्ताविहीन निस्तारित किया जाना पाया जायेगा उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जायेगी। इस कदम से उपभोक्ताओं की शिकायतों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण एवं उपभोक्ताओं संतोषजनक फीडबैक में बढोत्तरी होने की उम्मीद जताई गई है। विभाग की ओर से उपभोक्ताओं टोल फ्री नम्बर 1912 पर विद्युत सम्बन्धी शिकायतों रजिस्टर्ड कराने का अनुरोध किया गया है।

# 34.77 लाख के गबन में अफसर तय ही नहीं कर पाए जिम्मेदारी

संसू, जागरण • गोंडा : राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ग्रामीण (एनआरएलएम) के तहत गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को स्वरोजगार के लिए दी गई धनराशि के गबन का मामला ठंडे बस्ते में है। नौ माह पूर्व बीडीओ रुपईडीह ने खरगूपुर थाने में 34.77 लाख रुपये के गबन का मुकदमा कराया था। सरकारी धनराशि के अनियमित भुगतान के लिए विभाग अभी तक अधिकारियों व कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय नहीं कर सका है।

11 माह पूर्व रुपईडीह ब्लाक के समूहों को आवंटित की गई धनराशि के दुरुपयोग की शिकायत सीडीओ को मिली थी। सीडीओ ने प्रकरण की जांच के लिए जिला विकास अधिकारी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, सहायक विकास अधिकारी इंझरी व बेलसर को संयुक्त रूप से जिम्मेदारी सौंपी थी। कमेटी की जांच में प्रगति महिला ग्राम संगठन बल्लीजोत व उजाला केजीएन ग्राम संगठन लोनावा दरगाह के खाते में भेजी गई धनराशि के दुरुपयोग की पुष्टि हुई। संगठन के पदाधिकारियों व

**तीन दिसंबर 2024 को बीडीओ रुपईडीह ने खरगूपुर थाने में कराई थी एफआइआर, नहीं हो सकी विभागीय कार्रवाई**

विभागीय कर्मचारियों की मिलीभगत से करीब 34.77 लाख रुपये फर्मों के खाते में स्थानांतरित करके हड़प लिए। जांच में एनआरएलएम के ब्लाक मिशन प्रबंधक समेत 17 लोग दोषी पाए गए थे।

जांच कमेटी ने रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी थी। तत्कालीन बीडीओ रुपईडीह अभय कुमार सिंह ने तीन दिसंबर 2024 को खरगूपुर थाने में मुकदमा कराया था। पुलिस मुकदमे की विवेचना कर रही है। विभाग अभी तक ब्लाक व जिला कार्यालय के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय नहीं कर सका है। अब सवाल ये है कि जब धनराशि का दुरुपयोग किया गया तो विभागीय अधिकारी क्या कर रहे थे। उपायुक्त स्वत : रोजगार जेएन राव का कहना है कि विभागीय जांच के लिए कमेटी बनाई गई है। रिपोर्ट आने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# चकमार्ग को कराया गया खाली

संसू, जागरण • बेलसर (गोंडा) : तहसील तरबगंज के राजस्व ग्राम रूपीपुर में ट्रैक्टर से चरी व गन्ने के फसल की जोताई कर चकमार्ग खाली कराया गया। ग्राम पंचायत चकमार्ग की पटाई कराने के लिए कहा गया है। ग्रामीण बृजेश तिवारी ने एसडीएम तरबगंज विश्वामित्र सिंह को शिकायती पत्र देकर कब्जा हटवाने की मांग की थी। एसडीएम ने तहसीलदार तरबगंज आशुतोष पांडेय को जांच कर आख्या देने का निर्देश दिया।

# सड़क दुर्घटना में घायल टेंपो चालक की मौत

संसू, जागरण • आर्यनगर: एक सप्ताह पहले सड़क दुर्घटना में घायल टेंपो चालक की उपचार के दौरान मौत हो गई। कौड़िया के बनगाई गांव निवासी जीतू 20 अगस्त को टेंपो पर सवारियां बैठाकर आर्यनगर आ रहे थे। बहराइच मार्ग स्थित इटियाथोक के भटपुरवा गांव के पास सामने से आ रहे टेंपो ने टक्कर मार दी थी। चालक जीतू समेत छह लोग घायल हो गए थे। जीतू की हालत गंभीर होने पर स्वजनों ने उपचार के लिए लखनऊ स्थित केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया था, जहां पर गुरुवार की सुबह उनकी मौत हो गई।



जीतू मिश्र (फाइल)

# स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर 2.10 लाख की ठगी

संसू, जागरण • गोंडा : स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर दो लाख दस हजार रुपये ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा किया है। थाना खरगुपूर के खुदपिपरा पिपरा भोदर की रहने वाली कुसुमा देवी ने दी गई तहरीर में कहा कि उनकी दो बेटियों ने जीएनएम की पढ़ाई की है जो वर्तमान में बेरोजगार है। वह दोनों बेटियों के साथ जिला अस्पताल में दवा कराने गई थी। नगर कोतवाली के आवास विकास कालोनी भरतपुर कालोनी मकान नंबर 1105 निवासी प्रदीप उर्फ प्रतीक श्रीवास्तव जिला अस्पताल में मिले और उनसे बातचीत करने लगे। उनकी बेटी को नौकरी दिलाने की बात कही। उनको विश्वास में लेकर तीन लाख रुपये की मांग की। नौकरी के लालच में विपक्षी को 80 हजार रुपये अपने रिश्तेदार के खाता से आनलाइन कर दिया। 22 अक्टूबर 2023 को 45 हजार व 35 रुपये ट्रांसफर किया। 50 हजार रुपये 15 अक्टूबर 2023 को नकद दिया। रुपये लेकर भी उनकी बेटियों को कोई नौकरी नहीं दिलवाया और बात करना भी बंद कर दिया। घर जाकर रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि आरोपित प्रतीक उर्फ प्रदीप श्रीवास्तव के विरुद्ध मुकदमा किया गया है।

# बेटे की खोज के लिए लगाई गुहार

**गोंडा।** नगर कोतवाली के गंगापुर निवासी शिव गिरि ने एसपी को पत्र देकर बेटे की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि 15 अगस्त की सुबह से उनका 21 वर्षीय बेटा राहुल लापता है। मोबाइल भी स्विच ऑफ बता रहा है। बेटे की कई जगह तलाश की गई लेकिन पता नहीं चल पाया है। (संवाद)

# पैसा लेते वीडियो वायरल

**गोंडा।** करनैलगंज के एक सरकारी कार्यालय में पैसा लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में कर्मी यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि 50 रुपये में काम नहीं होता, 200 रुपये दो। हालांकि अमर उजाला वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। एसडीएम जितेंद्र कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहाकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में हूं। बाद में बात करते हैं। (संवाद)

# नकदी व जेवर ले गए चोर

**मसकनवा/मुजेहना।** तेजपुर गांव निवासी रामसूरत ने बताया कि बुधवार रात वह बेटे अजय, पत्नी कौशल्या देवी के साथ घर के बरामदे में सो रहे थे। दरवाजा खोलकर चोर घर में घुस आए और क में रखा बक्सा चुरा ले गया। बक्से में 600 रुपये व जेवरात रखे थे। प्रभारी निरीक्षक छपिया राम स प्रभाकर ने बताया कि जांच कराई जा रही है। उधर, मुजेहना के सीर बनकट गांव के मजरा मोती बनकट निवासी कुन्ना देवी के मुताबिक बुधवार को वह घर में ताला लगाकर अपने मायके गई थीं। दोपहर में ताला तोड़कर चोर जेवरात व 8 साड़ी चुरा ले गए। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

## 103 वारंटी किए गए गिरफ्तार

**गोंडा।** एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि 17 थानों में टीम गठित कर देर रात अभियान चलाया गया। इसमें नगर कोतवाली और तरबगंज पुलिस ने 12-12, देहात कोतवाली, धानेपुर, छपिया, कटरा बाजार व खोड़ारे ने 5-5, इटियाथोक और मोतीगंज ने 2-2, खरगूपुर और करनैलगंज ने 9-9, परसपुर 8, नवाबगंज ने 3, वजीरगंज ने 6, मनकापुर ने 4, उमरीबेगमगंज ने 10 व कौड़िया पुलिस ने 01 वारंटी गिरफ्तार किए हैं। (संवाद)

## हादसे में घायल टेंपो चालक की इलाज के दौरान मौत

**रुपईडीह।** सड़क हादसे में घायल बनगाई गांव निवासी टेंपो चालक जितेंद्र नाथ मिश्र ऊर्फ जीतू (45) की लखनऊ ट्रॉमा सेंटर में बृहस्पतिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। जितेंद्र नाथ एक सप्ताह पहले गोंडा-बहराइच मार्ग पर भटपुरवा मल्लापुर के पास दो टेंपो के आमने-सामने भिड़ंत में घायल हो गए थे। (संवाद)

# मंदिर मामले को लेकर एडीएम से मिले हिंदू संगठनों के पदाधिकारी

गोंडा। मंदिर की भूमि का सीमांकन होने के बाद भी निर्माण कार्य में बाधा डालने के मामले को लेकर बृहस्पतिवार को विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति के पदाधिकारियों ने एडीएम से मुलाकात की।

प्रतिनिधि मंडल ने कहाकि कोतवाली देहात के जमदरा ग्राम में काली माता के स्थान की भूमि का तहसील प्रशासन के स्तर से सीमांकन कर दिया गया है। इसके बाद भी स्थानीय प्रशासन उक्त भूमि पर निर्माण करने से रोक रहा है। पदाधिकारियों ने परसपुर में अष्टधातु की चोरी हुई प्रतिमा की बरामदगी की मांग की। साथ ही अन्य समस्याओं के समाधान को लेकर भी वार्ता की गई।

विहिप के प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख धर्मेंद्र, बजरंग दल के प्रांतीय नेता राकेश वर्मा गुड्डू, विपिन शुक्ल, दया प्रकाश शुक्ल, भरत गिरि, आशीष मोदनवाल, सूर्य मणि मिश्र, मनीष मिश्र,सलहंत सिंह मौजूद रहे। (संवाद)

# धीमी रफ्तार वाले विभागों को आयुक्त ने फटकारा

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने बृहस्पतिवार को आयुक्त कार्यालय सभागार में चारों जिलों के डीएम व सीडीओ के साथ बैठक की। [illegible]में पर्यटन, पंचायती राज और ऊर्जा विभाग की सुस्त रफ्तार पर नाराजगी [illegible]ताते हुए सुधार करने को कहा।

आयुक्त ने ऊर्जा विभाग की धीमी प्रगति पर जब सवाल उठाया तो मुख्य अभियंता यदुनाथ यथार्थ ने सफाई देते हुए कहा कि हाल ही में मंडल में बाढ़ की स्थिति बनने के कारण रैंकिंग प्रभावित हुई है। अगले माह तक इसमें सुधार कर लिया जाएगा। बैठक में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के सापेक्ष महिला एवं बाल विकास, युवा कल्याण, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। आयुक्त ने मंडलीय अधिकारियों को विकास योजनाओं की गति तेज करने के लिए विशेष प्रयास करने को कहा।

आयुक्त ने कृषि विभाग के अफसरों को निर्देश दिये कि किसानों को खाद की आपूर्ति समय से कराई जाए। खाद की कमी को लेकर झूठी अफवाहों के बारे में लोगों को जागरूक किया जाए। डीएम व सीडीओ को अपने-अपने जिलों में विकास कार्यों की नियमित समीक्षा करने को कहा गया है।

**कुपोषित बच्चों की संख्या बढ़ने पर आयुक्त ने जताई चिंता :** बाल विकास विभाग की मंडलीय समीक्षा बैठक हुई। आयुक्त ने विशेष रूप से गंभीर कुपोषित और मध्यम कुपोषित बच्चों की स्थिति पर चिंता व्यक्त की। कहा कि जिन जिलों में कुपोषित बच्चों की संख्या में वृद्धि हो रही है, वहां तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाएं। कुपोषण को कम करने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली को और सशक्त बनाने तथा लाभार्थियों तक समय से पोषण आहार पहुंचाया जाए। गंभीर कुपोषित बच्चों को उपचार के लिए तुरंत पोषण पुनर्वास केंद्र भेजा जाए।

### मंडलीय समीक्षा बैठक में पर्यटन पंचायती राज और ऊर्जा विभाग की सुस्त प्रगति पर दिखाई सख्ती

## डीएम और एसपी कानून व्यवस्था की नियमित करें समीक्षा: आयुक्त

गोंडा। मंडलीय सभागार में बृहस्पतिवार को देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने आईजी देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक की उपस्थिति में कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। इसमें डीएम व एसपी को नियमित तौर पर कानून व्यवस्था की समीक्षा करने को कहा। इसमें लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की बात कही गई है। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कानून-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए हर स्तर पर समन्वय स्थापित किया जाए। कहा कि आमजन की सुरक्षा और न्याय की समयबद्ध उपलब्धता सरकार की प्राथमिकता है, जिसे सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। बैठक में विशेष रूप से महिला एवं बच्चों से जुड़े अपराध, राजस्व संबंधी विवाद, जमीनी विवाद और लंबित मुकदमों की स्थिति की समीक्षा की गई। अभियोजन अधिकारियों को मुकदमों की पैरवी प्रभावी ढंग से करके दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए कहा गया। बैठक में डीएम गोंडा प्रियंका निरंजन, श्रावस्ती अजय कुमार द्विवेदी के अतिरिक्त चारों जिलों के अधिकारी मौजूद रहे। (संवाद)

# जमीन हड़पने के मामले में केस दर्ज करने का आदेश

गोंडा। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने जालसाजी और कूटरचित इकरारनामा के माध्यम से जमीन हड़पने के मामले में तीन आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज करने का आदेश दिया है।

कोतवाली देहात के ग्राम चौरी हरदोपट्टी वर्तमान में पूरे तिवारी निवासी अनूपा देवी ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया। कहा कि 29 सितंबर 2024 व 16 नवंबर 2024 को उसने ग्राम पूरे तिवारी में जमीन का बैनामा भूस्वामी राम बुझावन से

**अदालत से**

लिया था। दोनों बैनामा के आधार पर राजस्व अभिलेख में उसका नाम दर्ज हो गया, लेकिन छह अप्रैल 2025 को कुछ लोग अपने 15-20 सहयोगियों के साथ आकर जमीन पर कब्जा करने लगे। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने लगे। शैलेंद्र कुमार और राकेश ने कहा कि इस जमीन का उन्होंने इकरारनामा करा रखा है, इसलिए इसे खाली कर दो।

सुनवाई के दौरान अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय अजय कुमार मिश्र ने कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक को आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया है। (संवाद)

# वारदात की रात ई रिक्शा चालक के संग घूम रहे युवक की तलाश

संवाद न्यूज एजेंसी

## अयोध्या पोस्ट ऑफिस के पास सीसीटीवी फुटेज से हुई पहचान

### अयोध्या के सरयू घाट पर भाई ने दी मुखाग्नि

ई रिक्शा चालक संगमलाल का बुधवार देर शाम अयोध्या के सरयू तट पर पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनके बड़े भाई सत्यनारायण शुक्ल ने उन्हें मुखाग्नि दी।

**टिकरी/नवाबगंज।** ई रिक्शा चालक संगम लाल शुक्ल की हत्या के मामले में पुलिस के हाथ अहम सुराग लगे हैं। वारदात की रात संगम लाल के साथ रहे एक युवक की तलाश पुलिस ने तेज कर दी है। इसके लिए टीमों को लगाया गया है।

उमरिया गांव के मजरा पंडित पुरवा निवासी ई रिक्शा चालक की 26 अगस्त की रात गांव के बाहर गमछे से गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी। संगमलाल के बड़े भाई सत्यनारायण शुक्ल की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू की।

**फॉलोअप**

संगम लाल का मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ बता रहा था। पुलिस ने संगम का कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) निकाला तो उनकी लोकेशन मंगलवार रात 12:47 बजे तक अयोध्या के पुराने पुल पर मिली। इसके बाद मोबाइल स्विच ऑफ बताने लगा।

इसी आधार पर पुलिस टीम अयोध्या पहुंची। करीब 20 सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए।

पुलिस टीम ने अयोध्या पोस्ट ऑफिस के पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली तो उसमें ई रिक्शे पर संगम के साथ अगली सीट पर एक युवक बैठा नजर आया। इसके बाद पुलिस टीम ने अयोध्या के लता मंगेशकर चौराहे के पास दुकानदारों को फुटेज दिखाकर पूछताछ की तो दुकानदार ने उसे पहचान लिया। बताया कि दोनों रात करीब 1:30 बजे तक उसकी दुकान पर आए थे। यहां दोनों ने चाय भी पी थी। इसके बाद ई रिक्शा खड़ा करके चौराहे के पास ही घूमते रहे। ई रिक्शा चालक के संग आया युवक शराब के नशे में था। उसके मुंह से दुर्गंध आ रही थी। पुलिस ने युवक की पहचान कर उसकी तलाश तेज कर दी है।

थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि सीडीआर और सीसीटीवी फुटेज से हत्या से जुड़े अहम सुराग हाथ लगे हैं। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# छपिया में चोरी करते समय पकड़ा गया आरोपी, केस दर्ज

मसकनवा (गोंडा)। छपिया के नारायनपुर नानकार गांव में चोरी करते समय युवक को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी की पहचान सरजू प्रसाद निवासी अल्लीपुर थाना खोड़ारे के रूप में हुई है।

ग्रामीणों के अनुसार चोरी करने आया युवक सबसे पहले गांव के सरगाही के मकान में घुसकर बक्से को उठा लाया और जेवरात निकाल लिए। रात एक बजे गांव के रजनीश तिवारी के घर से जेवर चुरा रहा था, तभी रजनीश की नींद खुल गई। शोर सुनकर चचेरे भाई मनीष कुमार तिवारी, हर्ष तिवारी सहित अन्य ग्रामीण एकत्र हो गए और आरोपी को पकड़ लिया।

युवक के पास चार हजार रुपये, पायल व एक पीली धातु का झपसा बरामद हुआ है। प्रभारी निरीक्षक छपिया राम समुझ प्रभाकर ने बताया कि रजनीश की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। (संवाद)

# दिनदहाड़े माल उड़ाया

धानेपुर। क्षेत्र के मोती बनकट गांव में दिनदहाड़े चोरी का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस जांच कर रही है।

धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सीर बनकट के मजरा मोती बनकट की कुन्ना देवी के मुताबिक बुधवार को वह मायके गई थी। इसी दौरान दिनदहाड़े चोरों ने घर में घुसकर जेवर और अन्य सामान पार कर दिया। पीड़िता के मुताबिक चोरों ने घर में रखा पायल , 12 बिछुआ, सोने का ताबीज व आठ साड़ी उठा ले गए। लौटने पर घटना पता चली।

# चोरी के आरोपी को भेजा पुलिस चौकी

खोरंहसा। कजरी तीज की रात में हुई चोरी के कारण गुरुवार को हाईवे पर जारहे संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी लेने पर उसके पास से चुराया हुआ मोटर, रिंच व पलास मिला। डडवा कानूनगो के आदिल तलत महमूद का परसापुर पेट्रोल पम्प के बगल आरओ प्लांट लगा हुआ है। उन्होंने बताया कि कजरी तीज की रात में उनके प्लांट से सोलर बैटरी, पिकअप की बैट्री व कुछ अन्य सामान चोरी हुई। पीड़ित ने इस बाबत चौकी पर लिखित सूचना दी।

# अपराध नियंत्रण में न बरती जाए लापरवाही

गोंडा। मंडलायुक्त शशि भूषण लाल ने आईजी देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक की उपस्थिति में गुरुवार को मंडल के सभी जिलों के डीएम और एसपी के साथ कानून-व्यवस्था और अभियोजन कार्यों की मंडलीय समीक्षा की।

कमिश्नरी सभागार में आयोजित इस बैठक में अपराध नियंत्रण, लंबित अभियोजन मामलों की स्थिति, न्यायालयों में समयबद्ध पेशी तथा संवेदनशील मामलों में की गई कार्यवाही की विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि आमजन की सुरक्षा और न्याय की समयबद्ध उपलब्धता सरकार की प्राथमिकता है, जिसे सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाए।

# फर्जी इकरार नामा से भूमि हड़पने में दर्ज होगा मुकदमा

**गोंडा, विधि संवाददाता।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अजय कुमार मिश्रा ने जालसाजी और कूटरचित इकरार नामा के माध्यम से जमीन हड़पने के मामले में तीन आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

प्रकरण कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम चौरी हरसौपट्टी का है। वर्तमान में पूरे तिवारी निवासी अनूपा देवी ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया कि 29 सितंबर 2024 व 16 नवंबर 2024 को उसने ग्राम पूरे तिवारी में स्थित कुल 2250 वर्गफुट जमीन का बैनामा भूस्वामी राम बुझावन से लिया था। दोनों बैनामा के आधार पर राजस्व अभिलेख में उसका नाम दर्ज हो गया। लेकिन छह अप्रैल 2025 को ग्राम लालनगर कलहंस के रहने वाले विश्वनाथ, ग्राम डंडवाकानूनगो निवासी शैलेंद्र कुमार तिवारी उर्फ श्रीमान व राकेश तिवारी अपने 15-20 सहयोगियों के साथ आकर जमीन पर कब्जा करने लगे। विरोध करने पर अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। शैलेंद्र कुमार और राकेश ने कहा कि इस जमीन का उन्होंने इकरार नामा करा रखा है इसलिए इसे खाली कर दो।

# दबंगई कर काट ले गए पेड़ एसपी से शिकायत की गई

**करनैलगंज, संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालमेऊ निवासी गरीब किसान ने पड़ोसियों पर उसकी बैनामे की भूमि से जबरन पेड़ काट ले जाने और विरोध करने पर अपशब्द कहने की शिकायत करने पर पुलिस द्वारा भगा देने का आरोप लगाया है।

शिवकुमार पुत्र बाबूराम निवासी लालमेऊ ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उसकी भूमि पर दस वर्ष पुराना शीशम व सहतूत का पेड़ लगा था। गांव के ही कुछ लोगों ने दबंगई दिखाकर रात में पेड़ काट ले गए। पीड़ित का कहना है कि वह गरीब व्यक्ति है। जब उसने थाने में इसकी सूचना दी तो वहां मौजूद दरोगा व सिपाही ने उल्टा उसे अपशब्द कहकर भगा दिया और दोबारा आने पर मुकदमे में फंसा देने की धमकी दी। किसान ने पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कराकर आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

# छपिया में चोरों ने जेवर पार किये

छपिया। क्षेत्र के भोपतपुर चौकी अंतर्गत तेजपुर गांव में घर में घुसकर चोर नकदी व जेवरात उठा ले गए। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी है।

गांव के रामसूरत ने बताया कि बुधवार रात वह अपने बेटे अजय, पत्नी कौशल्या देवी के साथ घर के बरामदे में सो रहे थे। इसी बीच चोर घर के सामने का दरवाजा खोलकर घर में घुसकर कमरे में रखा बक्सा चुरा ले गया। बक्से से सोने-चांदी के आठ हजार रुपए के जेवरात, 600 रुपए नकदी व बक्से में रखा दो जोड़ी पेंट-शर्ट का कपड़ा चुराकर बक्से को घर से तीन सौ मीटर की दूरी पर सड़क के किनारे छोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक राम समुझ प्रभाकर ने बताया कि सूचना मिली है।

# घर में घुसे चोर को ग्रामीणों ने पकड़ा, पुलिस को सौंपा

- आरोपी को पकड़ने का वीडियो हो रहा वायरल
- आरोपी के पास से चोरी के गहने भी बरामद हुए

छपिया। ग्रामीणों ने चोर को घर में चोरी करते रंगे हाथों पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। आरोपी को पकड़ कर पुलिस को सौंपने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि हिन्दुस्तान किसी भी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी के पास से चोरी के जेवरात भी बरामद हुए हैं।

घटना बुधवार की रात करीब एक बजे की बताई जा रही है। बताया जाता है कि मसकनवा चौकी अंतर्गत नरायनपुर नानकार गांव निवासी रजनीश तिवारी के घर में एक युवक छत के रास्ते घुस आया था। वह घर में रखे बक्से से जेवरात चोरी कर रहा था कि बक्सा के खटकने की आवाज सुन कर गृह स्वामी की नींद खुल गयी। गृह स्वामी ने मौके पर ही उसे पकड़ लिया और आवाज लगायी। मौके पर उसके चचेरे भाई और अन्य लोग इकठ्ठा हो गये। देखते ही देखते भीड़ लग गयी। इसके बाद लोगों ने चोरी के आरोपी सरयू प्रसाद निवासी अल्लीपुर बभनजोत थाना खोड़ारे को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। उसके पास से पीली व सफेद धातु के चोरी के जेवर बरामद किए गए हैं। उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# BALRAMPUR POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-08-2025

# अपनी सुरक्षा को लेकर रहें सतर्क, कड़ी मेहनत कर पाएं सफलता

संवाद न्यूज एजेंसी

**अमर उजाला फाउंडेशन की तरफ से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में हुई पुलिस की पाठशाला**

[illegible]





[illegible]

### विद्यार्थियों के सवालों का दिया जवाब

[illegible]

# जरूरत पर हेल्पलाइन नंबरों का करें प्रयोग

**बलरामपुर।** मोहल्ला भगवतीगंज में बृहस्पतिवार को बेटियों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया गया। हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने के लिए उन्हें हेल्पलाइन नंबरों का प्रयोग करने की सलाह दी गई। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियों व महिलाओं को सुरक्षा मुहैया कराने में पुलिस हर संभव मदद कर रही है। एंटी रोमियो दल की प्रभारी दीपिका पांडेय ने कहा कि गुड व बैड टच के साथ घरेलू हिंसा के बारे में जानें। ऐसी स्थिति आने पर उसका विरोध करें। (संवाद)

# प्रतिष्ठानों पर लगवाएं सीसीटीवी कैमरे

**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बृहस्पतिवार को व्यापारियों के साथ सुरक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। एएसपी विशाल पांडेय ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की। एएसपी ने व्यापारियों से अपील की कि अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाएं, जिसमें कम से कम दो कैमरे सड़क की निगरानी के लिए हों। व्यापारियों से कहा कि क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि अराजकतत्वों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके। इस अवसर पर उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी रमेश पाहवा, संजय शर्मा व ताराचंद्र अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे। (संवाद)



गिरधरडिहवा गांव में चोरों ने नकब लगाकर काटी दीवार • जागरण

# नकब लगा दो दुकानों में चोरी

जरवा (बलरामपुर) : तुलसीपुर नगर से सटे गिरधरडिहवा गांव में चोरों ने दीवार में नकब लगाकर किराना की दो दुकानों में चोरी की। अब्दुल रहमान की दुकान के गल्ले में रखे 13 हजार रुपये नकद निकाल ले गए। वहीं, अर्जुन की दुकान में नकब तो लगाई, लेकिन सड़क पर आवाजाही के कारण कुछ ले नहीं जा सके। घटना भोर चार बजे की है, जो सीसी कैमरे में रिकार्ड हुई है। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि सीसी फुटेज के अनुसार चोर बोरा ओढ़कर दुकान में घुसे थे। अन्य जगहों की सीसी फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द चोरों को पकड़ा जाएगा। (संसू)

# दो बच्चों के सामने नहर में डूबकर बह गई मां

जागरण टीम, बलरामपुरः उतरौला के मनकाकोट गांव स्थित पुल पर दो अबोध बच्चों के लिए चाट खरीदने गईं मां पैर फिसलने से नहर में गिर गईं। मां को डूबता देख बच्चे पुल पर खड़े मदद के लिए हल्ला-गुहार करते रहे। स्थानीय लोग जब तक कुछ समझ पाते महिला तेज धारा में बह गईं। बच्चे रोते-चिल्लाते मां को डूबता देखने को बेबस रहे। एक घंटे बाद उसका शव दो किलोमीटर दूर केवटनडीह पुल के पास सरयू नहर से बरामद हुआ। मृतका की पहचान बिथरिया परसपुर गांव निवासी 32 वर्षीय नीतू के रूप में हुई। दूसरी तरफ श्रीदत्तगंज के ग्राम पंचायत चमरूपुर के मजरा भड़वाजोत निवासी मेलाराम की पत्नी कंचन देवी का शव गैंड़ासबुजुर्ग के लोनियनडीह स्थित सरयू नहर में उतराता पाया गया। वह तीन दिनों से लापता थी, जिसकी गुमशुदगी श्रीदत्तगंज थाना में दर्ज हुई थी। मृतका के भाई ने ससुरालीजन पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है।

बिथरिया परसपुर गांव की रहने वाली नीतू के पति राम सिंह वर्मा की तीन वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी है। वह अपने आठ वर्षीय बेटे सत्यम व छह वर्षीय अभय के साथ घर में अकेली रहती थी। गुरुवार शाम लगभग चार बजे बच्चों ने चाट खाने को कहा, तो वह उनको साथ लेकर मनकाकोट स्थित पुल पर पहुंच गई। इसी बीच किसी का फोन आ गया, तो वह पुल की छोटी रेलिंग पर झुककर बात करने लगी। तभी पैर फिसल जाने से वह नहर में जा गिरी। बच्चे शोर मचाने लगे। ग्रामीण भी दौड़ पड़े, लेकिन नहर में पानी अधिक होने के कारण कोई उसे बचाने को नहर में उतरने की हिम्मत नहीं जुटा सका। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों व पुलिस के प्रयास से एक घंटे बाद केवटनडीह पुल के पास शव को बांस में फंसाकर आगे बहने से रोक लिया गया। दो घंटे तक कोई परिजन शव का वारिस बनने नहीं आया। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया कि मृतका के ससुराल पक्ष से अभी कोई नहीं आया है। मायके में संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है।



केवटनडीह सरयू नहर पुल पर मौजूद ग्रामीण ● जागरण



श्रीदत्तगंज के चमरूपुर भड़वाजोत गांव किनारे सरयू नहर पर मौजूद लोग ● जागरण



मृतका कंचन देवी ● फाइल

**गैंड़ासबुजुर्ग के लोनियन डीह स्थित सरयू नहर में मिला लापता महिला का शव, दहेज हत्या का आरोप**

तीन दिन बाद गुमशुदा महिला का मिला शव-श्रीदत्तगंजः श्रीदत्तगंज के चमरूपुर गांव के मजरा भड़वाजोत निवासी बुधराम ने बताया कि उनकी बहू कंचन देवी बीते 26 अगस्त को शौच के लिए घर से निकली थी। देर तक न लौटने पर खोजबीन शुरू की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। थाना में उसी दिन गुमशुदगी दर्ज कराई गई। गुरुवार को संदेह पर पुलिस ने नहर में सर्च अभियान शुरू किया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसी बीच गैंड़ासबुजुर्ग पुलिस ने श्रीदत्तगंज के प्रभारी निरीक्षक को लोनियनडीह के पास सरयू नहर में महिला का शव मिलने की सूचना दी। मृतका की पहचान कंचन देवी के रूप में हुई। उधर, मृतका के भाई अनंतराम साहू निवासी रमगढ़िया थाना इटियाथोक गोंडा ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि 26 अगस्त को दहेज विवाद के बाद कंचन की हत्या कर ससुरालीजन ने शव नहर में फेंक दिया। अपने बचाव के लिए गुमशुदगी दर्ज कराकर मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। श्रीदत्तगंज प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर सिंह ने बताया कि छानबीन की जा रही है।

# रजिस्ट्री दफ्तर से छांगुर के गुर्गों की जमीनों का जुटाया जा रहा ब्योरा

## जमीनों से जुड़े दस्तावेजों की सूची बना कई जिलों के रजिस्ट्री दफ्तरों में भेजी गई



**धर्मांतरण का धंधेबाज**

**15** सौ करोड़ की संपत्ति का मालिक बताया जा रहा

**15** से ज्यादा लोगों का धर्मांतरण करा चुका था छांगुर

**13** से ज्यादा लोगों से पूछताछ हो चुकी है अब तक



छांगुर अपनी इसी हवेली से धर्मांतरण का धंधा चलाता था जिसे अब ध्वस्त कर दिया गया है।

**बलरामपुर।** ईडी अवैध धर्मान्तरण के आरोपी छांगुर के सहयोगियों की जमीनों का ब्योरा सम्बन्धित जिलों के रजिस्ट्री दफ्तरों से जुटा रही है। इसके लिए बाकायदा उप निबन्धकों को पत्र भी भेजा गया है। ईडी के जांच में पता चला था कि छांगुर के दुबई और पाकिस्तान से वित्तीय सम्बन्ध थे।

उसके खाते में इन सभी जगहों से पैसे ट्रांसफर किये गए थे। यूं तो छांगुर अपने नाम पर कोई सम्पत्ति नहीं रखा था, लेकिन बेटे महबूब, राजदार नीतू व नवीन रोहरा के नाम पर कई जिलों में बेनामी सम्पत्तियों का वह मालिक था। क्योंकि नीतू और नवीन के नाम की इन सम्पत्तियों में पॉवर ऑफ अटॉर्नी छांगुर ही था। अब ईडी ने जांच का दायरा बढ़ाते हुए रजिस्ट्री दफ्तरों से जानकारी जुटा रही है।

**गिरफ्तार न्यायालय कर्मी की भी कई सम्पत्तियों का चला पता:** छांगुर से जुड़े न्यायालय कर्मी राजेश उपाध्याय की भी सम्पत्तियां पता की गई है। उसकी पत्नी के नाम की जमीन पहले ही पता चल चुकी है। यह न्यायालय कर्मी छांगुर को न्यायालय के जरिये विभिन्न मामलों में सहयोग करता था। सूत्र बताते हैं कि छांगुर के संगठित गिरोह का यह मजबूत सदस्य था। गिरफ्तारी के बाद ईडी व एटीएस को इसकी कई बेनामी सम्पत्तियों की जानकारी मिली थी। सूत्र बताते हैं कि छांगुर के संगठित गिरोह का यह मजबूत सदस्य था। गिरफ्तारी के बाद ईडी व एटीएस को इसकी कई बेनामी सम्पत्तियों की जानकारी मिली थी। जांच में एक और महत्वपूर्ण खुलासा हुआ है कि छांगुर से जुड़े लोगों ने पुणे में 16 करोड़ रुपये की जमीन एग्रीमेंट पर खरीदी थी। मामूली रकम देकर इसका एग्रीमेंट कराया गया था, जिसकी भी जांच गहनता से कराई जा रही है।

**इन जिलों के रजिस्ट्री दफ्तरों में हो रही जांच:** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बलरामपुर के आसपास के कई जिलो के रजिस्ट्री दफ्तर में नीतू व नवीन से जुड़ी जमीनों का ब्यौरा जुटाया जा रहा है। नीतू और नवीन ने भी कई अन्य लोगों के नाम पर जमीनें खरीदी थीं, यह लोग छांगुर के धर्मान्तरण नेटवर्क से जुड़े हुए थे। इनके खातों में विदेशों से पैसे भी आ रहे थे। खासकर भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, पीलीभीत, लखीमपुर, महराजगंज, सिद्धार्थनगर और गोरखपुर के रजिस्ट्री दफ्तरों में ब्यौरा खंगाला जा रहा है। नेपाल सीमावर्ती इन्हीं जिलों में छांगुर अपना साम्राज्य स्थापित करना चाह रहा था।

**छह से बातचीत के बाद तैयार की विस्तृत रिपोर्ट :** जांच एजेंसियों ने उतरौला के आधा दर्जन लोगों से कड़ी पूछताछ की है। यह वे लोग हैं जो प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से छांगुर के अवैध धर्मान्तरण कारोबार से जुड़े हुए थे। इन लोगों के जरिये छांगुर अपनी राजदार नीतू और उसके पति नवीन रोहरा के नाम पर कई जिलों में बेशकीमती जमीनों का सौदा किया था। एजेंसियों ने एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर अन्य बेनामी सम्पत्तियों को जब्त करने की तैयारी की है।

# नहर में उतराता मिला महिला का शव

**दुखद**

**गैड़ास बुजुर्ग, संवाददाता।** थाना श्रीदत्तगंज क्षेत्र के ग्राम चमरूपुर के मजरा भड़वाजोत की तीन दिन से लापता विवाहिता का शव गुरुवार को सरयू नहर में उतराता मिला। नहर में शव उतराता देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

थाना श्रीदत्तगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत चमरूपुर भड़वाजोत निवासी बुधराम ने 26 अगस्त को थाने में तहरीर देकर अपनी बहू के लापता होने की बात कही थी। बुधराम ने बताया कि उनकी बहू कंचन देवी पत्नी मेलाराम बीते मंगलवार सुबह लगभग 7:30 बजे शौच के लिए घर से बाहर गई थी। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन कंचन का कोई पता नहीं चला। इसके बाद थाने में कंचन के गुमशुदगी की तहरीर दी गई।



घटना स्थल पर मौजूद पुलिस कर्मी व जुटी ग्रामीणों की भीड़

इधर कंचन के मायके पक्ष ने ससुराली जनों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतका के भाई अनंतराम साहू निवासी रमगढ़िया थाना इटियाथोक जनपद गोंडा ने थाना श्रीदत्तगंज में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि करीब दो वर्ष पूर्व कंचन की शादी भड़वाजोत निवासी राम दयाल उर्फ मेलाराम से हुई थी। शादी के बाद से ही राम दयाल और उसका परिवार दहेज की मांग को लेकर बहन को प्रताड़ित करता रहा था। कई बार समझाने के बावजूद उत्पीड़न जारी रहा। आरोप लगाया कि 26 अगस्त को दहेज विवाद को लेकर उनकी बहन कंचन की हत्या कर उसे नहर में फेंक दिया गया। जबकि ससुरालीजन बचाव के लिए गुमशुदगी की तहरीर देकर मामले को दबाने का प्रयास कर रहे हैं।

# बच्चों को चाट खिलाने गई महिला नहर में गिरी, मौत

**दुखद**

- बिथरिया परसपुर गांव की रहने वाली थी महिला
- पुल की रेलिंग पर झुक कर बात कर रही थी

**उतरौला, संवाददाता।** बच्चों के खाने पीने का सामान खरीदने के लिए पुल पर गई महिला का पैर फिसलने से वह नहर में बह गई। दो किलोमीटर दूर नहर में महिला का शव बरामद हुआ।

मनकाकोट गांव स्थित पुल पर दो अबोध बच्चों के लिए खाने-पीने का सामान खरीदने गई 32 वर्षीय मां नीतू का पैर फिसलने से वह नहर में गिर गई। मां को डूबता देख बच्चे पुल पर खड़े मदद के लिए हल्ला-गुहार करने लगे। स्थानीय लोग जब तक कुछ समझ पाते महिला तेज धारा में बह गई। एक घंटे बाद उसका शव दो किलोमीटर दूर केवटनडीह पुल के पास सरयू नहर से बरामद हुआ।

बताया जाता है कि बिथरिया परसपुर गांव की रहने वाली नीतू के पति राम सिंह वर्मा की तीन वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी है। वह अपने आठ वर्षीय बेटे सत्यम व छह वर्षीय अभय के साथ घर में अकेली रहती थी। गुरुवार शाम लगभग चार बजे बच्चों ने चाट खाने की बात कही तो मां उनको लेकर मनकाकोट स्थित पुल पर पहुंच गई। इसी बीच किसी का फोन आ गया और वह पुल की छोटी रेलिंग पर झुककर बात करने लगी। इसी बीच उसका पैर फिसलने से वह नहर में जा गिरी।

# खाद वितरण में धांधली का आरोप

जरवा। थारू जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में स्थित सहकारी समिति लैंप्स सोनगढ़ा में खाद वितरण में अनियमितता का मामला आया है। रतनपुर झिंगहा, मोहकमपुर, जरवा, बेतहनियां, रनियापुर, नेवलगढ़ समेत कई गांवों के लोग धांधली से परेशान हैं।

किसानों का आरोप है कि उन्हें निर्धारित मात्रा से कम खाद दी जा रही है। दो किसानों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि करीब लगभग 15 दिन पहले समिति के सचिव राम प्रकाश ने उनसे अंगूठा लगवाकर और पैसे लेकर टोकन दिया था। टोकन में पांच बोरी खाद का उल्लेख किया गया था, लेकिन जब वे खाद लेने पहुंचे तो सचिव कथित तौर पर गुड्डू नामक व्यक्ति ने तीन बोरी का पैसा वापस

# पैतृक सम्पत्ति हड़पने का आरोप

**गैड़ास बुजुर्ग।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम बांक भवानीपुर निवासी सतीश कुमार ने अपने बड़े भाई छांगुर पर करोड़ों की पैतृक संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया है। सतीश कुमार का आरोप है कि उनके बड़े भाई छांगुर ने माता को बहला फुसला तथा वरगलाकर उनके नाम ज़मीन को अपनी पत्नी कांति देवी के नाम चोरी छिपे धोखे से बैनामा करा लिया है। बैनामा में गवाहों को भी गुमराह कर गवाही कराने का आरोप लगाया है।

सतीश कुमार ने बताया कि पूर्व में उसके हिस्से में आई दुकान पर भी छांगुर ने कब्जा कर हड़प लिया है। उन्होंने बड़े भाई के दामाद जनार्दन को इस पूरे षड्यंत्र का मास्टरमाइंड का हिस्सा बताया है।

# महिलाओं की टीम तैयार कर रहा था सौरभ कुमार

## लखनऊ था अड्डा, बड़े स्तर पर साइबर फ्रॉड का मामला आया सामने

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** साइबर फ्रॉड के मामले में गिरफ्तार सौरभ कुमार से पूछताछ में अहम खुलासा हुआ है। आरोपी ने राजधानी लखनऊ को साइबर फ्रॉड का अड्डा बना रखा था। वहां से बड़े पैमाने पर साइबर ठगी का नेटवर्क तैयार कर रहा था। खास बात यह थी कि वह अपनी टीम में महिलाओं को भी शामिल करता था, ताकि फोन पर बातचीत कराकर लोगों को आसानी से झांसे में लिया जा सके।



आरोपी सौरभ कुमार। संवाद

पुलिस सूत्रों के मुताबिक लखनऊ में पहले ही साइबर फ्रॉड के कई बड़े मामले सामने आ चुके हैं। अब यह खुलासा हुआ है कि सौरभ ने यहां ठगी का जाल फैलाने की रणनीति बनाई थी।

**फॉलोअप**

सौरभ के मोबाइल से मिले सबूतों में कई युवतियों के साथ की गई आपत्तिजनक चैट और ऑडियो क्लिप मिले हैं। आरोप है कि वह पहले युवतियों को शादी व रिश्तों का झांसा देकर अपने जाल में फंसाता था। उसकी बात मानने से जो युवतियां इन्कार कर देतीं, उन्हें अश्लील चैट व फर्जी आधार कार्ड जैसी सूचनाओं के जरिए ब्लैकमेल करता था।

### नेटवर्क की जड़ तक पहुंचने के लिए पुलिस ने तेज की जांच

#### पुलिस की जांच का फोकस

एसपी की निगरानी में चल रही जांच में पुलिस टीम अब नये ढंग से जांच कर रही है। जांच टीम लखनऊ से ऑपरेट किए जा रहे संभावित ठिकानों और नेटवर्क की पहचान करने जुटी है। अब तक साइबर फ्रॉड के मामले में 11 लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जिसमें छह लोगों के ठिकाने लखनऊ में ही मिले हैं। इसके अलावा जांच में सौरभ के संपर्क में आई महिलाओं की वास्तविक भूमिका की छानबीन हो रही है।

- **लखनऊ से पूरे प्रदेश में फैले नेटवर्क पर नजर :** पुलिस को शक है कि सौरभ का नेटवर्क लखनऊ या बलरामपुर तक सीमित नहीं था। आशंका जताई जा रही है कि इस गिरोह की जड़ें कई जिलों और पड़ोसी राज्यों तक फैली हो सकती हैं। मोबाइल और डिजिटल डिवाइस की फोरेंसिक जांच कराई जा रही है।

> साइबर फ्रॉड में गिरफ्तार सौरभ से अहम जानकारियां मिली हैं। पुलिस टीमें हर पहलू पर जांच कर रही हैं। मामला महिलाओं से जुड़ा है, इसकी गहराई से पड़ताल की जा रही है।
> **-विकास कुमार,** पुलिस अधीक्षक

पुलिस का मानना है कि इसी दबाव में कुछ युवतियों को गिरोह में शामिल करने की कोशिश की गई थी। अब तक की जांच में 85 बैंक खातों का पता चला है, जिनमें से 31 खातों से करीब 24 करोड़ रुपये से ज्यादा का लेनदेन सामने आया है। पुलिस का कहना है कि यह रकम कई फर्जी खातों व अलग-अलग राज्यों से भेजी गई है।

# तीन दिन से लापता विवाहिता का शव नहर में मिला

संवाद न्यूज एजेंसी

**महदेइया बाजार।** श्रीदत्तगंज क्षेत्र के भड़वाजोत गांव में तीन दिन से लापता विवाहिता का शव बृहस्पतिवार को सरयू नहर में उतराता मिला। शव की पहचान कंचन देवी (22) पत्नी रामदयाल के रूप में हुई। बुधवार को ससुर बुधराम ने महिला के लापता होने की सूचना थाने पर दी थी। महिला के भाई अनंतराम ने ससुरालवालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है।

### मायके पक्ष ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

भड़वाजोत निवासी बुधराम ने बताया कि 26 अगस्त सुबह 7:30 बजे उनकी पुत्रवधू कंचन देवी खेत जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन लौटकर नहीं आई। देर तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला।

बृहस्पतिवार सुबह श्रीदत्तगंज पुलिस, पीएसी गोताखोर टीम और परिजन भड़वाजोत के पास सरयू नहर पर पहुंचे और तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।



कंचन (फाइल फोटो)

कुछ देर बाद थाना गैड़ास बुजुर्ग पुलिस से सूचना मिली कि ग्राम लोनियनडीह के पास नहर में एक महिला का शव उतराता मिला है। श्रीदत्तगंज पुलिस व परिजन मौके पर पहुंचे। शव को बाहर निकाला गया। परिजनों ने पहचान कंचन के रूप में की।

उधर, मृतका कंचन के भाई अनंतराम साहू, निवासी रमगढ़िया थाना इटियाथोक, गोंडा ने ससुरालवालों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि करीब दो वर्ष पूर्व बहन की शादी रामदयाल से हुई थी। पति और परिजन दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे। श्रीदत्तगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर सिंह ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

# पैर फिसलने से नहर में गिरी महिला, मौत

**बलरामपुर।** उतरौला के मनकाकोट गांव स्थित पुल पर ग्राम बिथरिया परसपुर निवासी नीतू (32) का पैर फिसलने से नहर में गिर गईं। मां को डूबता देख बच्चे मदद के लिए गुहार करते रहे। स्थानीय लोग जब तक कुछ समझ पाते महिला तेज धारा में बह गई। एक घंटे बाद महिला का शव दो किमी दूर स्थित केवटनडीह पुल के पास सरयू नहर में उतराता मिला।

बिथरिया परसपुर गांव की रहने वाली नीतू के पति राम सिंह वर्मा की तीन वर्ष पहले मृत्यु हो गई थी। वह अपने आठ वर्षीय बेटे सत्यम व छह वर्षीय अभय के साथ घर में अकेली रहती थीं। बृहस्पतिवार की शाम करीब चार बजे बच्चों ने चाट खाने को कहा, तो वह उनको साथ लेकर मनकाकोट स्थित पुल पर पहुंच गईं। इसी बीच किसी का फोन आ गया, तो वह पुल की छोटी रेलिंग पर झुककर बात करने लगीं।। तभी पैर फिसलने से वह नहर में गिर गईं। बच्चों के शोर मचाने पर ग्रामीण दौड़ पड़े, लेकिन नहर में पानी अधिक होने के कारण कोई उन्हें बचाने के लिए नहर में कूदने की हिम्मत नहीं जुटा सका।

ग्रामीणों व पुलिस के प्रयास से एक घंटे बाद केवटनडीह पुल के पास शव को निकाला गया। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया कि मृतका के ससुराल पक्ष से अभी कोई नहीं आया है। मायके से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। (संवाद)

# अपराधियों पर कार्रवाई करने में न करें देरी



कार्यशाला में बृहस्पतिवार को जानकारी देते साइबर एक्सपर्ट दिव्येंदु तिवारी। स्रोत : विभाग

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** पुलिस लाइन सभागार में जिले के सभी 16 थानों पर गठित साइबर हेल्पडेस्क के पुलिस कर्मियों को तीन दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को चुनौतियों से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया गया। साइबर एक्सपर्ट दिव्येंदु तिवारी ने अपराधियों पर कार्रवाई में देरी न करने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम पर प्रभावी रोकथाम के लिए लखनऊ में 1930 हेल्पलाइन का कॉल सेंटर खोला गया है। तेजी से बढ़ रहीं साइबर अपराध की घटनाओं पर रोक लगाने में कॉल सेंटर अहम भूमिका निभा रहा है।

एक्सपर्ट ने कहा कि साइबर अपराध की रोकथाम के लिए पुलिस को साइबर अपराधी से एक कदम आगे की सोचनी होगी। जनता को जागरूक करना होगा। वर्तमान में साइबर अपराध सबसे बड़ी चुनौती है। साइबर अपराध का ग्राफ दिनों दिन बढ़ रहा है। हर थाने की साइबर सेल मजबूत बने।

# लापरवाही से वाहन चलाने में दो को सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

**अदालत से**

**बलरामपुर।** सिविल जज सीनियर डिवीजन/ फास्ट ट्रैक कोर्ट राहुल आनंद ने लापरवाही से वाहन चलाने, मारपीट व गाली-गलौज करने वाले दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए हस्पतिवार को सजा सुनाई है। दोनों को न्यायालय उठने तक खड़े रहने और 3500-3500 रुपये अर्थदंड अदा करने का आदेश जारी किया है। 28 वर्ष बाद मुकदमे का फैसला हुआ है।

नगर क्षेत्र के मोहल्ला गदुरहवा निवासी मनोज कुमार श्रीवातव ने नौ जनवरी 1997 को एफआईआर दर्ज कराई थी। कहा कि विपक्षी मोहल्ला गदुरहवा निवासी शकील अहमद व हरैया क्षेत्र के ग्राम किला निवासी माधो प्रसाद ने लापरवाही से वाहन चलाया, जिससे हादसा हो गया। इसके बाद मारपीट व गाली-गलौज भी की। पुलिस ने केस दर्ज करके विवेचना की।

पुलिस ने इसके बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और पत्रावलियों का अवलोकन करने के बाद दोनों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई है।

## फर्जी मतदान करने के दोषी को सजा

**बलरामपुर।** चुनाव प्रक्रिया में बाधा पहुंचाने वाले आरोपी को दोषी करार देते हुए जेएम प्रथम प्रभात कुमार दुबे ने सजा सुनाई है। पीठासीन अधिकारी भीम सेन त्रिपाठी ने 12 अप्रैल 1995 को देहात थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। आरोप था कि देहात क्षेत्र के ग्राम सिंगाही निवासी लालजी ने मतदान केंद्र में अवैध रूप से घुसकर मतदान प्रक्रिया को प्रभावित किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके विवेचना की। विवेचना रिपोर्ट को न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी लालजी को दोषी मानते हुए जेल में बिताई गई अवधि के साथ 1700 रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया है। (संवाद)

BAHRAICH POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 29-08-2025

# महिला समेत तीन फर्जी परीक्षार्थ

जासं • वहराइच : किसान पीजी कालेज में आयोजित बीपीएड परीक्षा में गुरुवार को पहली पाली में दो महिला समेत तीन फर्जी परीक्षार्थी पकड़े गए। तीनों राजस्थान के बताए जा रहे है। तीनों को पुलिस के सिपुर्द कर दिया गया है। फर्जी परीक्षार्थी के पकड़े जाने के बाद कुल 12 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। आज बीपीडी की आखिरी परीक्षा है। कालेज प्राचार्य प्रोफेसर विनय सक्सेना ने बताया कि पहली

पाली में तीन फ
गए। पता चला
जगह श्रवण राम
पूजा व सरोज
पेपर दे रही थी
राजस्थान के बीव
हैं। तीनों को पु
कोतवाली ले गई
कि दूसरी पाली
पंजीकृत रहे, 10
कालेज में चच
पाली में अधिक

हिन्दुस्तान

# खाद की कालाबाजारी में सचिव समेत पांच को जेल

## कार्रवाई

- अनियमितता की पुष्टि होने पर डीएओ ने दर्ज कराया केस
- निलंबित 32 दुकानों में 12 के लाइसेंस भी रद कर दिए गए

**बहराइच, संवाददाता।** जिले में भरपूर खाद के बाद भी किसानों को एक-एक बोरी के लिए यूं ही मारामारी नहीं हुई है, बल्कि सुनियोजित तरीके से खाद का खेल किया गया है। जिसका खुलासा पीओएस मशीन के आंकड़ों की जांच से हुआ है। इस मामले में सचिव समेत पांच को जेल भेजा जा चुका है, जबकि 12 दुकानों के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं।

भारत-नेपाल सीमा पर लगातार खाद की बरामदगी हो रही है। जांच में अब तक 32 दुकानदार चिंहित किए गए हैं। एक-एक आधार पर 40-40 बोरी खाद बेची गई है। पीओएस मशीन के आंकड़े व अभिलेखों के सत्यापन में यह खुलासा हुआ है। डीओ ने अब तक 32 दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए हैं। खाद के काले कारोबार पर 12 के लाइसेंस भी रद कर दिए गए हैं। डीएम अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर सचिव समेत पांच लोगों पर मुकदमा भी दर्ज कराया गया है। इनमें एक मुकदमा एआर कोआपरेटिव की ओर से दर्ज कराया गया है। डीएओ ने बताया कि गुरुवार को जांच रिपोर्ट के शुक्ला खाद बीज भंडार रनियापुर गोबराही, बर्मा बीज भंडार इटहा चौराहा, कमलेश कुमार यादव खाद बीज भंडार करमुल्लापुर एवं जायसवाल खाद भंडार राजापुर कला के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं।

हिन्दुस्तान

# दहेज हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

## अदालत से

**बहराइच, संवाददाता।** अपर सत्र न्यायाधीश आनन्द शुक्ला ने दहेज हत्या के मामले में दोषसिद्ध को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अपराधी पर 12 हजार रुपये का जुर्माना भी ठोंका है।

रामगांव थाने के फत्तेपुर बेड़नापुर में लवलेश पुत्र दुखीराम तुलसीराम निषाद की पुत्री अंजली का शव फंदे पर लटका मिला था। इसकी सूचना 25 जनवरी 2024 की दोपहर को ससुरालियों ने मायके वालों को दी। मृतका के पिता पुत्री की ससुराल पहुंचे और रामगांव थाने में दहेज के लिये मार डालने की तहरीर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया तो गला दबाकर हत्या किये जाने की रिपोर्ट सामने आयी। विवेचक सीओ ने सबूतों के संकलन के उपरांत लवलेश के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय पर प्रेषित किया। न्यायाधीश ने हत्या की धारा में विचारण कर दोषी पति को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई। 12 हजार का जुर्माना भी लगाया।

**गैर इरादतन हत्या में पांच को 10-10 वर्ष की कठोर सजा :** न्यायालय पीठासीन अधिकारी सुनील प्रसाद, चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने गैर इरादतन हत्या के मामले में दोषी अभियुक्तों को 10-10 साल की कठोर सजा सुनाई है। अर्थ दंड भी लगा है।

वादी मुकदमा सोमई ने पुलिस को सूचना दी थी कि एक नवम्बर 2023 को गन्ने से अगौरा काट लिया गया था। पता चला कि मौजीलाल अगौरा काट ले गये हैं। वादी मुकदमा उनके घर उलहाना दिया, इसी रंजिश से जगतराम, मौजीलाल, देशराज, कोने व तेजराम शाम वादी मुकदमा के दरवाजे पर आये व मारने लगे। वादी व उसके लड़के तहसीलदार तथा उसके भाई भगौती को काफी चोटें आईं। थोड़ी देर बाद वादी के भाई भगौती की मृत्यु हो गयी। मुकदमा दर्ज करके गवाहों के बयान और अन्य औपचारिकताओं के आरोपपत्र दाखिल किया गया। गुरुवार को न्यायालय ने सजा सुनाई।

## नाबालिग से यौन उत्पीड़न पर तीन साल की सजा

**बहराइच।** न्यायालय पीठासीन अधिकारी दीपकान्त मणि, अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) ने घटना कारित करने वाले अभियुक्त को दण्डित किया। 20 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया है। वादिनी द्वारा थाना फखरपुर को सूचना दी गई कि 23 अप्रैल 2017 को सुबह करीब 06 .00 बजे पीड़िता के घर पर कोई मौजूद नहीं था पीड़िता बर्तन धो रही थी तभी विपक्षी सागर पुत्र दुर्जन घर में घुस आया और पीड़िता से छेड़खानी व अश्लील हरकत करने लगा जिसके सम्बन्ध में वादिनी थाना फखरपुर में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी राम सागर पुत्र दुर्जन निवासी भकला बाजार को पुलिस ने नामजद किया था। न्यायालय ने तीन साल की सजा सुनाई है। 20 हजार अर्थदंड भी लगा है।

हिन्दुस्तान

# विवाहिता की बरामदगी न होने पर प्रदर्शन

बहराइच/नानपारा। नानपारा इलाके के एक गांव से दूसरे समुदाय की विवाहिता को लेकर फरार हो गया था। नगदी व जेवर भी महिला ले गई थी। इसे लेकर मुंगलवार को दो पक्ष आमने सामने आ गए थे। आरोप है कि पुलिस ने पीड़ित के ही घर में दबिश दे दी। और महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया। इससे मामले ने तूल पकड़ लिया है। दूसरे समुदाय के लोगों ने घरो पर हमले के आरोप लगाए है। एहतियातन चार गांव में पुलिस के अलावा पीएसी लगाई गई है। बजरंगदल आदि विभिन्न संगठनों ने सड़क पर मार्च कर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए। नानपारा सीओ प्रद्युम्न कुमार सिंह ने अपहृता की शीघ्र बरामदगी के आश्वासन पर विरोध प्रदर्शन खत्म



नानपारा में विरोध प्रदर्शन करते नाराज लोग।

किया गया है।

नानपारा कोतवाली के एक गांव में एक व्यक्ति ने एक व्यक्ति को किराए पर मकान दिया था। बगल स्थित घर का युवक मंगलवार को जंगलीनाथ जलाभिषेक को गया था। जब वह गांव आया तो उसकी पत्नी घर के कीमती जेवर व नगदी सहित गायब थी। आरोप है कि अपहृता की बरामदगी के बजाय पुलिस ने पीड़ित व उसके अन्य परिजनों के यहां बिना महिला पुलिस के दबिश दी और अभद्र व्यवहार किया। यही नही इसी मामले को लेकर दोनों पक्षों में जमकर लाठियां भांजी गई। पुलिस ने

- पीड़ित प
  की दबिश
  नाराजग
- सीओ ने
  का दिया

दिवस शांत क
अज्ञात पर केस द
को पंचायत भव
के नेताओं के
महिलाओं ने प
प्रदर्शन किया।
मोनालिसा जौहर
ने अपहृत युवत
कार्यवाई का अ
कराया। इस मौ
मनीष पोरवाल,
अन्य मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान

# पीड़ित युवक ने पुलिस को सौंपे रिकार्ड

फॉलोअप

- रेलवे नौकरी के नाम पर आठ लाख की धोखाधड़ी की थी
- डेढ़ लाख अकाउंट में और साढ़े छह लाख नगद दिए

**बहराइच**। रेलवे में नौकरी के नाम पर आठ लाख की ठगी के शिकार थाना पयागपुर, पंडित पुरवा चैसार निवासी रोहित कुमार मिश्रा से पुलिस ने रिकार्ड लिए हैं। हालांकि अभी पुलिस इस मामले में पीड़ित युवक से ही जानकारी जुटा रही है। आरोपी से पूछताछ नहीं हो सकी है।

आठ लाख की ठगी करने वाला आरोपी संदीप कुमार सिंह मोनू त्रिकोलिया हुजूरपुर का रहने वाला है। उसे डेढ़ लाख रुपए अकाउंट में और साढ़े छह लाख रुपए नगद नौकरी के नाम पर लिया था। युवक के पास नगद रुपए देते हुए फोटो वीडियो भी है। दरअसल डी ग्रुप की नौकरी दिलाने के नाम पर संदीप कुमार सिंह मोनू ने पैसे लिए थे। इसकी परीक्षा वर्ष 2022 में हुई थी। उसने कहा कि नौकरी दिला देगा। दिसम्बर जब रिजल्ट आया तो युवक का उसमें सिलेक्शन नहीं हुआ। जब युवक ने उससे इस सम्बंध पूछा तो उसने कहा कि इंतजार कीजिए। दूसरी लिस्ट आएगी। पीड़ित युवक एक साल तक इंतजार करतता रहा। आज कल में टाल मटोल करता रहा। बाद में उसने कहा कि डी ग्रुप की भर्ती पूर्ण हो चुकी है। सी ग्रुप में करा देंगे। उसने मई 2025 में सी ग्रुप की नौकरी का एक नियुक्ति पत्र दिया था। पीड़ित युवक नियुक्ति पत्र लेकर डीआरएम कार्यालय लखनऊ पहुंचा तो वहां उसे पता चला कि जिस नाम जिस डीआरएम के हस्ताक्षर से नियुक्ति पत्र जारी हुआ है वह कोई व्यक्ति है ही नहीं।

# दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहीं दो युवती व एक युवक को पकड़

राजस्थान के हैं तीनों आरोपी

**बहराइच**। किसान पीजी कॉलेज में बीपीएड की परीक्षा के दौरान तीन फर्जी छात्र पकड़े गए। ये दूसरे के नाम पर परीक्षा
थे। तीनों को कॉलेज प्रशासन ने पुलिस के हवाले करते हुए तहरीर दी है। तीनों राजस्थान के रहने वाले हैं। बीपीएड परी
पालियों में हो रही है। पहली पाली में सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा के दौरान एक छात्रा को कक्ष नि
परीक्षा देते हुए देखा। इसी के बाद दूसरी पाली में चतुर्थ सेमेस्टर में भी वही छात्रा परीक्षा दे रही
ही छात्रा को दो अलग-अलग सेमेस्टर में परीक्षा देते देख कक्ष निरीक्षक ने उसे पकड़ लिया। पूछ
दौरान उसने अपना नाम विमला बताया, वह मूल परीक्षार्थी सरोज जाखड के स्थान पर परीक्षा दे रही थी। उसने बताया वि
और लोग भी है, जो दूसरों के नाम पर यहां परीक्षा दे रहे हैं। इसी के बाद कॉलेज प्रशासन ने सघन जांच शुरू कर दी। इ
बाद बनवारी लाल के स्थान पर श्रवण राम व पुष्पा गवरिया के स्थान पर पूजा को परीक्षा देते पकड़ा गया। इन तीनों को
प्राचार्य प्रोफेसर विनय सक्सेना ने पुलिस के हवाले करते हुए कोतवाली देहात में तहरीर दी है। इस संबंध में कोतवाली प्र
दद्दन सिंह ने बताया कि तीनों आरोपी राजस्थान के है। इनसे पूरे रैकेट के बारे में जानकारी ली जा रही है। (संवाद)

# बहराइच से लापता युवक का शव नहर में उतराता मिला

**तुलसीपुर**। नानपारा क्षेत्र के भवनियापुर रामगढ़ी से लापता हुए युवक का शव बृहस्पतिवार दोपहर सोनवा क्षेत्र में सरयू नहर की मुख्य शाखा में उतराता मिला। पुलिस ने शव नहर से निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बहराइच जिले के नानपारा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भवनियापुर रामगढ़ी निवासी दिलीप (22) मंगलवार की शाम घर से निकले थे और फिर घर नहीं लौटे। परिजन रात भर दिलीप की तलाश गांव के आसपास और रिश्तेदारों के घर करते रहे।

दिलीप के न मिलने पर बुधवार सुबह भाई अमित ने कोतवाली नानपारा में तहरीर देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। इस दौरान बृहस्पतिवार दोपहर दिलीप का शव सोनवा क्षेत्र में दिकौली गांव के पास सरयू नहर की मुख्य शाखा में उतराता मिला।

सोनवा थाना प्रभारी बिसुनदेव पांडेय ने बताया कि दिलीप के भाई अमित की तहरीर पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट से ही मौत का सही कारण स्पष्ट होगा। (संवाद)

# मेले से लापता युवती का शव तालाब में उतराता मिला

**मटेरा।** हरितालिका तीज पर मटेरा के जंगली नाथ बाबा मंदिर परिसर से लापता हुई नवाबगंज सिरसिया निवासी सुनीता का शव बृहस्पतिवार सुबह तालाब में उतराता मिला। पुलिस हत्या की आशंका से इन्कार नहीं कर रही है।

मोहम्मदपुर गांव के पास स्थित तालाब में बृहस्पतिवार सुबह शव उतराता देख ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। पहुंचने और गोताखोरों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाया। जांच में पता चला कि सुनीता तीन दिन पहले अपनी चचेरी बहन केसरानी के साथ मंदिर में जल चढ़ाने आई थी। इसके बाद अचानक लापता हो गई थी।

पिता ननकऊ ने उसकी गुमशुदगी की तहरीर पहले ही मटेरा थाने में दे दी थी। प्रभारी निरीक्षक अभिनव सिंह ने बताया कि मौत की जांच सभी बिंदुओं पर की जा रही है। सीओ प्रद्युम्न कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के सही कारणों का पता चलेगा। फिलहाल पुलिस लूट और प्रेम संबंधों की दिशा में भी जांच कर रही है।

शव के साथ पोस्टमार्टम हाउस बहराइच पहुंचे पिता ने बताया कि बेटी की शादी इसी वर्ष 07 मई को हुई थी। मेले में बेटी के लापता होने की सूचना घटना के तत्काल बाद भतीजी से मिली थी। उससे संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया था। (संवाद)

# रकम हड़पकर भागी मिनी बैंक संचालिका, मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**बिछिया।** बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक की मिनी शाखा में बड़े गबन का खुलासा हुआ है। मिनी बैंक संचालिका सौ से अधिक खाताधारकों का लाखों रुपये लेकर भाग गई है। दो माह से मिनी बैंक पर ताला लटक रहा है। इस बीच पीड़ित उपभोक्ता थाना और गिरिजापुरी मुख्य बैंक के चक्कर लगाते रहे। पुलिस ने बृहस्पतिवार को फरार संचालिका के खिलाफ गबन का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

भारतीय स्टेट बैंक गिरिजापुरी मुख्य बैंक शाखा की मिनी शाखा बिछिया बाजार में स्थित है। इसका संचालन सरिता गुप्ता कर रही थी। क्षेत्रीय खाताधारकों ने पुलिस को बताया कि दो महीने से शाखा पर ताला लटक रहा है। मिनी बैंक में बर्दिया, आंबा, विशुनापुर, फकीरपुरी, बिछिया, रमपुरवा, जमुनिहा, विशुनताड़ा, नई बस्ती सहित कई गांवों के ग्रामीणों के खाते हैं।

## दो महीने से बंद पड़ा है मिनी बैंक, 100 से अधिक खातों से रकम गायब

कारीकोट के राजाराम ताड़ा गांव निवासी नीरज कुमार समेत कई ग्रामीणों ने सुजौली थाने में तहरीर देकर कहा है कि वे सभी दो माह से अपनी जरूरत के लिए पैसा निकालने के लिए बैंक के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन मिनी बैंक का ताला नहीं खुल रहा।

थानाध्यक्ष प्रकाश चंद्र शर्मा ने बताया कि पीड़ित ग्रामीणों की तहरीर पर बिछिया मिनी स्टेट बैंक शाखा की संचालिका सरिता गुप्ता के खिलाफ गबन का मुकदमा दर्ज किया गया है। फिलहाल संचालिका फरार है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। उन्होंने कहा कि कितनी धनराशि का गबन हुआ है, इसका अभी पता नहीं चल सका है।

# पुलिस की कार्रवाई से हिंदू सं
# नाराज, जुलूस निकाल किया प्र

## पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई का लगाया आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

**नानपारा।** कोरियन बनकटी गांव निवासी एक महिला को भगाने के विवाद में पुलिस की कार्रवाई के विरोध में बृहस्पतिवार को हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि पुलिस ने एकतरफा कार्रवाई करते हुए बुधवार रात एक दर्जन से अधिक हिंदू युवकों को हिरासत में लिया है।

बृहस्पतिवार को विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांव की महिलाओं के साथ विकासखंड बलहा से चीनी मिल तक जुलूस निकाला। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए निर्दोष युवकों को छोड़ने व एक समुदाय विशेष के युवक के साथ गई महिला को तलाश करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने राजा बाजार चौकी इंचार्ज राम गोविंद वर्मा को लाइनहाजिर कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग भी की।



नानपारा में प्रदर्शन करते हिंदू संगठनों के लोग। -

मौके पर पहुंची उप जिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी और सीओ प्रद्युमन सिंह ने प्रदर्शनकारियों को समझा बुझाकर प्रदर्शन समाप्त कराया। प्रदर्शन में विहिप के विभाग संयोजक दीपक श्रीवास्तव, आरएसएस धर्म ज

कुमार, नगर का

श्रीवास्तव, रोहित च

सिंह, नागेंद्र प्रताप

मंडल अध्यक्ष रेख

रहे।

# पटसिया व वजीरगंज में बनेगी पुलिस चौकी

- अपराधों के नियंत्रण में पुलिस को होगी सहूलियत
- काफी दिनों से लोग चौकी निर्माण की कर रहे थे मांग

जासं • बहराइच: कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए इलाके में दो नई पुलिस चौकियों का निर्माण कराया जाएगा। एसओ के भेजे गए पत्र पर एसपी ने पटसिया और वजीरगंज में चौकी बनने के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। दोनों चौकियों के निर्माण के बाद अपराधों पर नियंत्रण करने में पुलिस को काफी सहायता मिलेगी।

फखरपुर इलाके में रजिस्टर नंबर आठ के मुताबिक 68 ग्रामपंचायतों के 90 गांव राजस्व अभिलेख में दर्ज हैं। क्षेत्र बड़ा होने के कारण पुलिस को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था। थाने से वजीरगंज पहुंचने तक समय लगता था। हर एक छोटी-बड़ी शिकायत पर पुलिस को 10 से 15 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। पटासिया चौराहे पर हादसे होते रहते हैं। समस्या को देखते हुए थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय ने पत्र लिखकर एसपी से वजीरगंज और पटासिया चौराहा के लिए चौकी खोलने की मांग की। एसपी ने एसओ के पत्र पर दोनों चौकी को हरी झंडी दे दी है। क्षेत्र के लोग वजीरगंज में अर्से से पुलिस चौकी की मांग कर रहे थे। भाजपा मंडल महामंत्री श्यामजी त्रिपाठी ने बताया कि कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहे, यह सरकार की सबसे पहली प्राथमिकता में है।

> मेरे द्वारा भेजे गए पत्र पर पटासिया व वजीरगंज चौकी निर्माण के लिए प्रस्ताव को हरी झंडी मिल गई है। राजस्व विभाग से मिलकर जमीन चिह्नित कर चौकी का निर्माण कराया जाएगा।
>
> – मिथिलेश कुमार राय, एसओ फखरपुर।

# SHRAWASTI POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 29-08-2025

# लाइसेंस श्रावस्ती से, बहराइच में बेचते थे खाद, सात थोक दुकानें निलंबित

## इकौना, जमुनहा, गिलौला, भिनगा व रत्नापुर में गोदाम दिखा लिया लाइसेंस

- जिलाधिकारी ने सख्ती से कराई जांच तो खुली पोल
- खाली मिला गोदाम, बहराइच से हो रहा था वितरण

जासं • श्रावस्ती: श्रावस्ती के फुटकर विक्रेताओं को समय से यूरिया समेत उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए थोक विक्रेताओं ने लाइसेंस तो जारी करवा लिया, लेकिन उठान और वितरण बहराइच से ही करते थे। लंबे समय से यह खेल चल रहा था। डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने गहराई से जांच कराई तो मामला खुल गया। इसके बाद कृषि अधिकारी ने सात थोक दुकानों का लाइसेंस निलंबित कर दिया है।

मेसर्स अग्रवाल फर्टिलाइजर ने थोक उर्वरक विक्रेता का लाइसेंस प्राप्त करने के लिए जमुनहा के वीरगंज बाजार में अपने गोदाम की चौहद्दी अंकित की थी। सत्यापन में यहां गोदाम स्थित नहीं मिला। उर्वरक की बिक्री व बिलिंग बहराइच से होना पाया गया। इसी प्रकार मेसर्स निरंकारी फर्टिलाइजर्स ने लाइसेंस में गिलौला के चेतिया मुरार में गोदाम होना दर्शाया। जांच में इस चौहद्दी पर गोदाम नहीं मिला। उर्वरक की बिक्री बहराइच से होने की पुष्टि हुई। मेसर्स सूरजमल मोहनलाल ने गिलौला क्षेत्र के सोनवा में गोदाम की चौहद्दी दिखाकर लाइसेंस प्राप्त किया। इनकी ओर से भी बहराइच से ही उर्वरक का वितरण करते पाया गया।



लाइसेंस प्राप्त करने के लिए सोनवा में मेसर्स सूरजमल मोहनलाल की ओर से बनाया गया बंद पड़ा गोदाम • जागरण

मेसर्स अंसारी खाद भंडार ने इकौना के बीरपुर चौराहे पर गोदाम होना दिखाकर लाइसेंस लिया। दुकान बहराइच से चला रहे थे। मेसर्स कलीम ट्रेडर्स ने भिनगा के पुरानी बाजार में गोदाम होना दर्शाया, लेकिन जांच में इनका भी उर्वरक व्यापार बहराइच से होते पाया गया। मेसर्स बाबूलाल अमूल रतन ने गिलौला के रत्नापुर की चौहद्दी दिखाकर लाइसेंस प्राप्त कर लिया। मेसर्स मोहनलाल एंड संस ने भी रत्नापुर चौराहे पर गोदाम की चौहद्दी दिखाकर थोक उर्वरक विक्रेता का लाइसेंस लिया। जांच हुई तो ये दोनों दुकानें भी बहराइच से चलती मिलीं। जिला कृषि अधिकारी ने सातों थोक उर्वरक विक्रेताओं का लाइसेंस निलंबित करते हुए स्पष्टीकरण तलब किया है।

# समितियों पर लगा ताला, यूरिया के लिए भटकते रहते हैं किसान

## तराई में खाद की किल्लत बरकरार, निजी दुकानों से खरीदनी पड़ रही

संवाद न्यूज एजेंसी

श्रावस्ती/गिरंट बाजार/तुलसीपुर। तराई में यूरिया संकट अभी भी बरकरार है। बृहस्पतिवार को गिलौला विकासखंड के हुसैनपुर खुररूहरी, जमुनहा और नासिरगंज समिति पर ताला लटकता मिला। यूरिया के इंतजार में किसान भटकते नजर आए। खाद खरीदने के लिए निजी दुकानों पर भारी भीड़ दिखी।

तराई में बृहस्पतिवार को जमुनहा के बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति पर ताला लटकता मिला। किसान ताला देखकर मायूस होकर लौटते मिले। पास में टहल रहे चौकीदार ने बताया कि समिति पर 100 बोरी डीएपी आई थी, जिसमें से 55 बोरी डीएपी मौजूद है। यूरिया के संबंध में चौकीदार ने कुछ भी जानकारी होने से मना कर दिया।

सहकारी संघ नासिरगंज स्थित साधन सहकारी समिति पर भी ताला लटकता मिला। पास के आवास पर मौजूद चौकीदार राधेश्याम ने बताया शनिवार को ही यूरिया खत्म हो गई थी और अभी आई नहीं है, जिसके चलते समिति पर ताला लटक रहा है।

यही हाल बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति हरदत्त नगर गिरंट पर भी देखने को मिला। यहां भी ताला लटका रहा। विकास क्षेत्र गिलौला के हुसैनपुर खुरहरी स्थित बी-पैक्स सहकारी समिति पर भी किसानों का स्वागत ताले ने किया। यूरिया की लालसा में किसान समितियों का चक्कर काटते रहे और मायूस होकर लौटते रहे।



साधन सहकारी समिति नासिरगंज में लटक रहा ताला। संवाद



साधन सहकारी समिति नासिरगंज महादेवा में लटक रहा ताला। संवाद



हुसैनपुर खुरहुरी समिति में लटक रहा ताला। संवाद

**निजी दुकानों पर 350 रुपये बोरी मिल रही यूरिया :** समितियों पर खाद नदारद होने से किसान निजी दुकानों की दौड़ लगाते दिखे। किसान मनोज कुमार, पंकज मिश्रा, सोहेल, नजमुद्दीन, रमेश कुमार व मनोहर आदि ने आरोप लगाते हुए बताया कि हफ्तों से समिति के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन यूरिया नहीं मिली। अब निजी दुकान से खाद खरीदना मजबूरी है। निजी दुकानों पर एक बोरी यूरिया 350 रुपये तक मिल रही है।

# ऑपरेशन धरपकड़ में 45 वारंटी गिरफ्तार

## अभियान

**श्रावस्ती, संवाददाता।** आपरेशन धरपकड़ में विभिन्न थानों की पुलिस ने 12 घंटे में कुल 45 वारंटियों को गिरफ्तार किया। एसपी घनश्याम चौरसिया के निर्देशन में बुधवार रात सभी थाना क्षेत्रों में वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए ऑपरेशन धरपकड़ चलाया गया। जिसमें कोतवाली भिनगा पुलिस ने सात, सिरसिया पुलिस ने दो, मल्हीपुर पुलिस ने चार वारंटियों को गिरफ्तार किया। इसी तरह हरदत्तनगर गिरंट पुलिस ने पांच, गिलौला पुलिस ने नौ, सोनवा पुलिस ने पांच, इकौना पुलिस ने नौ व एनएमपीटी थाना पुलिस ने चार वारंटियों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार किए गए वारंटियों में मार-पीट, चोरी, एससीएसटी एक्ट, आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम, गुंडा एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, डीपी एक्ट जैसे मामलों के अपराधी शामिल रहे। सभी वारंटियों को थाने लाकर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## चार वारंटी गिरफ्तार न्यायालय को रवाना

**तेजवापुर।** थानाध्यक्ष बौण्डी त्रिलोकीनाथ मौर्या के नेतृत्व मे पुलिस ने गुरुवार को चार वारंटियो को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि बौडी के मुसेपुर निवासी इन्द्रपाल पुत्र श्रीराम, कमेन्द्र पुत्र इन्द्रपाल, धर्मेन्द्र उर्फ संजय पुत्र इन्द्रपाल तथा बौडी निवासी कन्हई लाल पुत्र तीरथराम को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया।